RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 27
नई दिल्ली, बुधवार, 1 दिसंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




कठिन से ज्यादा, यह बहुत ही रोमांचक और मजेदार था

विविध-12

# केंद्र ने बढ़ाई सख्ती, राज्यों को किया अलर्ट

**ओमीक्रोन का खतरा**

- देसी-विदेशी नागरिकों व यात्रियों की जांच और निगरानी पर पूरा जोर
- टीकाकरण के लिए घर-घर दस्तक अभियान 31 तक बढ़ाया

**भाषा।** नई दिल्ली

**कोरोना** वायरस के नए स्वरूप कोमीक्रोन को लेकर केंद्र ने राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को जांच में तेजी लाने और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की प्रभावी निगरानी करने की मंगलवार को सलाह दी। केंद्र ने साथ ही कहा कि ऐसा नहीं है कि सार्स-सीओवी-2 का ओमीक्रोन स्वरूप आरटी-पीसीआर और आरएटी जांच की पकड़ में नहीं आता। केंद्र ने यह भी कहा कि ओमीक्रोन स्वरूप का कोई मामला अभी देश में सामने नहीं आया है।

कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के मामले कई देशों में सामने आने के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ डिजिटल तरीके से एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में कोविड-19 के खिलाफ जनस्वास्थ्य प्रतिक्रिया उपायों और तैयारियों की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि यह दोहराते हुए कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संशोधित दिशानिर्देशों और अंतरराष्ट्रीय यात्रा परामर्श को राज्यों के साथ साझा किया गया है, भूषण ने राज्यों को सलाह दी कि वे अपने बचाव उपायों को कम न करें और विभिन्न हवाई अड्डों, बंदरगाहों और सीमापार बिंदुओं से देश में आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों पर कड़ी निगरानी रखें। इसके अलावा, कोविड-19 के खिलाफ एक शक्तिशाली बचाव के तौर पर टीकाकरण की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, ( शेष पेज 9 )



असम के मोरीगांव में ग्रामीणों को कोरोनारोधी टीके लगातीं महिला स्वास्थ्यकर्मी

## जांच रिपोर्ट आने तक एयरपोर्ट पर ही रहेंगे यात्री, 1500 लोगों की व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अंतरराष्ट्रीय** यात्रियों, खासतौर पर जोखिम वाले देशों से आने वालों के लिए मंगलवार मध्य रात्रि से कड़े नियम लागू हो जाएंगे। वहीं, कोविड-19 के नये स्वरूप ओमीक्रोन के सामने आने को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच प्राधिकारी प्रभावी निगरानी के लिए सतर्कता बढ़ा रहे हैं। नये नियमों के तहत, आरटी-पीसीआर जांच जोखिम ग्रस्त देशों से आने वाले यात्रियों के लिए अनिवार्य है और जांच के नतीजे आने पर ही उन्हें हवाई अड्डा से बाहर जाने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही, अन्य देशों से उड़ानों से आने वाले यात्रियों में से पांच प्रतिशत की कोविड-19 की जांच की जाएगी। जांच रिपोर्ट आने तक रुकने के लिए आईजीआई एयरपोर्ट पर 1500 यात्रियों के ( शेष पेज 9 )

## दिल्ली में 30,000 ऑक्सीजन बेड तैयार, 65,000 का लक्ष्य

- हर वार्ड में 100-100 ऑक्सीजन बेड उपलब्ध होंगे
- सरकार 32 किस्म की दवाइयों का ऑर्डर दे रही है
- 15370 डॉक्टर, नर्सेज पैरामेडिक्स को प्रशिक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोना** के नए वेरिएंट से निपटने के लिए केजरीवाल सरकार पूरी तरह एक्शन में आ गई है। भले अभी देश में कोई केस इस वेरिएंट का न हो, लेकिन संभावित गंभीर खतरे को भांप सरकार अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुट गई है। राजधानी में 30,000 ऑक्सीजन बेड तैयार कर लिए गए हैं, जिनमें 10,000 आईसीयू बेड शामिल हैं।

फरवरी तक 6800 आईसीयू बेड और तैयार हो जाएंगे। सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली सचिवालय में मंगलवार को उच्च स्तरीय बैठक कर अधिकारियों के साथ महामारी से निपटने का ब्लूप्रिंट तैयार किया। सीएम ने बताया कि सरकार ऐसी व्यवस्था कर रही है कि जरूरत पड़ने पर दो हफ्ते के नोटिस पर दिल्ली के हर वार्ड में 100-100 ऑक्सीजन बेड तैयार कर मिलें। इस तरह सरकार की रणनीति पूरे शहर में 64 से 65 हजार बेड तैयार करने की है।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने बताया कि ऑक्सीजन प्रबंधन के लिए सभी टैंक में टेलीमेट्री डिवाइस लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि रियल टाइम पर उपलब्ध ऑक्सीजन की जानकारी मिलती रहे। बैठक में मुख्य रूप से कोरोना की वर्तमान स्थिति, टेस्टिंग और रोकथाम के उपाय, कोविड-19 बेड में वृद्धि, कोविड प्रबंधन के लिए लोगों की ट्रेनिंग, कोविड-19 के लिए दवाओं की खरीद, होम आइसोलेशन व 1031 हेल्पलाइन, ( शेष पेज 9 )

# सांसदों का निलंबन रद्द हो माफी मांगे सरकार: कांग्रेस

- सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष का सदन से वॉकआउट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



संसद भवन परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करते कांग्रेसी नेता

**कांग्रेस** ने संसद के शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए 12 राज्यसभा सदस्यों के निलंबन की पृष्ठभूमि में मंगलवार को कहा कि विपक्ष के सदस्यों की ओर से माफी मांगने का सवाल नहीं है, क्योंकि सरकार संसदीय नियमों का उल्लंघन करके और गलत ढंग से निलंबन का प्रस्ताव लाई, जिसके लिए उसे माफी मांगनी चाहिए। इस मुद्दे को लेकर संसद के दोनों सदनों में मंगलवार को कांग्रेस ने वाकआउट किया। पार्टी ने राज्यसभा में कार्यवाही का पूरे दिन तक बहिष्कार किया।

मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि निलंबन रद्द किया जाना चाहिए ताकि सदन सुचारू रूप चल सके। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा के सभापति वेंकैया नायडू को पत्र लिखकर आग्रह कर किया कि वह निलंबन के फैसले पर पुनर्विचार करें और निलंबन रद्द करें। उन्होंने कहा कि यह कहना सही नहीं है कि निलंबन का प्रस्ताव सदन द्वारा पारित किया गया, क्योंकि संपूर्ण विपक्ष इसके विरोध में था। खड़गे ने यह भी कहा कि निलंबन से पहले सदस्यों को अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया गया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि संसद में जनता की बात उठाने के लिए माफी बिल्कुल नहीं मांगी जा सकती। उन्होंने ट्वीट किया कि किस बात की माफी? संसद में जनता की बात उठाने की? बिलकुल नहीं! कांग्रेस प्रवक्ता शक्ति सिंह गोहिल ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंटा है, ताकि विपक्ष जनता के मुद्दों पर उससे सवाल नहीं करे। षड्यंत्र के तहत निलंबन करवाया गया है। राज्यसभा सदस्य ने दावा किया कि कुछ सदस्यों को पिछले सत्र के दौरान की घटना के समय नामित गया था, लेकिन उन्हें निलंबित नहीं किया गया। मसलन, प्रताप सिंह बाजवा, क्योंकि अगर किसानों के लिए बाजवा जी निलंबित होते तो पंजाब में उनका नाम होता। इसलिए राजनीतिक आकलन के आधार पर लोगों को निलंबित किया गया।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समान विचारधारा वाली पार्टियों के नेताओं के संपर्क में हैं। हम नियमित रूप से बैठक करेंगे और सदन में सरकार को मनमानी नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि यदि सरकार कृषि कानूनों को निरस्त करने संबंधी विधेयक पर चर्चा कराती तो उसका कच्चा-चिट्ठा खुल जाता। सदन में ( शेष पेज 9 )

# प्रश्नपत्र छापने वाली कंपनी का डायरेक्टर गिरफ्तार

**टीईटीटी पर्चा लीक**

- बागपत में भी धरा गया एक आरोपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




राय अनूप प्रसाद और राहुल चौधरी

**टीईटीटी** पर्चा लीक मामले की जांच कर रही एसटीएफ ने प्रश्नपत्र छापने वाली कंपनी के डायरेक्टर राय अनूप प्रसाद को नोएडा से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के मुताबिक जांच के दौरान प्रथम दृष्टया डायरेक्टर की संलिप्तता सामने आई है। डायरेक्टर सहित पांच लोगों के खिलाफ इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं यूपीटीईटी की प्रचलित परीक्षा में अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर पेपर आउट करने वाले गिरोह के एक सदस्य राहुल चौधरी को एसटीएफ ने बागपत जिले के बड़ौत गांव से सोमवार की देर रात गिरफ्तार किया।

उसके कब्जे से एक सेट यूपीटीईटी पेपर 2021, कई एडमिट कार्ड और तीन स्मार्ट फोन बरामद हुए हैं। राहुल की बड़ौत में जूते चप्पल की दुकान है। अभियुक्त राहुल चौधरी ने पूछताछ पर बताया कि वह फिरोज पुत्र सुलेमान निवासी किरठल थाना रमाला जनपद बागपत व बबलू उर्फ बलराम राठी निवासी शडब्बर थाना शाहपुर के साथ मिलकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अभ्यर्थियों को पास कराने के नाम पर अनुचित लाभ कमाने के उद्देश्य से मोटी रकम वसूलने का काम करता हूं।

एसटीएफ फील्ड यूनिट नोएडा द्वारा की जा रही जांच के दौरान प्रकाश में आया कि उत्तर प्रदेश सहायक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2021 के प्रश्न पुस्तिका के मुद्रण के लिए 26.10.2021 को सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज द्वारा आरएसएम फिनसर्व लिमिटेड बदरपुर नई दिल्ली को वर्क आर्डर दिया गया था। जांच के दौरान आरएसएम फिनसर्व लिमिटेड के डायरेक्टर राय अनूप प्रसाद की उक्त परीक्षा का पेपर आउट होने के तथ्य प्रकाश में आने पर इनको पूछताछ के लिए एसटीएफ कार्यालय नोएडा बुलवाया गया। पूछताछ पर ( शेष पेज 9 )

### परीक्षा नियामक प्राधिकारी सचिव संजय उपाध्याय निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** टीईटी पेपर लीक मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मंगलवार को शासन स्तर पर परीक्षा नियामक प्राधिकारी सचिव संजय उपाध्याय को निलंबित कर दिया गया है। जबकि मामले की जांच एसटीएफ कर रही है। मुख्यमंत्री के रुख को देखते हुए एसटीएफ घटना से जुड़े सभी कड़ियों को जोड़ने में लगी हुई है। चूंकि परीक्षा नियामक प्राधिकारी सचिव संजय उपाध्याय पर ही इस परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी थी। इसलिए सरकार ने पेपर लीक होने के मामले को उनकी बड़ी चूक माना है। परीक्षा शुरू होने से पहले पेपर लीक ( शेष पेज 9 )

# विजय माल्या मामले में और इंतजार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उसने काफी समय तक इंतजार किया है और अब वह भगोड़े व्यवसाई विजय माल्या के खिलाफ अवमानना मामले में और इंतजार नहीं कर सकता है। न्यायालय ने कहा कि मामले में सजा के पहलू पर अंतिम सुनवाई अगले वर्ष 18 जनवरी को की जाएगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि माल्या के खिलाफ अवमानना मामले में वह और इंतजार नहीं कर सकती, जो अपनी बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस से जुड़े 9,000 करोड़ रुपए से अधिक के बैंक ऋण चूक मामले में आरोपी हैं।

न्यायमूर्ति यू. यू. ललित, न्यायमूर्ति एस. आर. भट और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की तीन सदस्ईय पीठ ने कहा कि माल्या, जो वर्तमान में ब्रिटेन में है, को 2017 में अवमानना का दोषी ठहराया गया था और उसे दी जाने वाली सजा पर उनका पक्ष सुनने के लिए मामले को सूचीबद्ध किया जाना था। पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत ने काफी लंबा इंतजार किया है। उच्चतम न्यायालय ने पिछले वर्ष विजय माल्या (65) की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उन्होंने न्यायालय के नौ मई, 2017 के फैसले पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया था। इस मामले मे न्यायालय ने उसे न्यायिक आदेशों का उल्लंघन करके अपनी संतान को चार करोड़ अमेरिकी डॉलर हस्तांतरित करने के लिए अवमानना का दोषी ठहराया था।

शीर्ष अदालत ने कहा कि उसके समक्ष पेश एक कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, ब्रिटेन में प्रत्यर्पण की कार्यवाही अंतिम दौर में है और इसमें माल्या के ( शेष पेज 9 )

## सरकार ने एमएसपी पर चर्चा के लिए पांच किसान नेताओं के नाम मांगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए समिति गठित करने को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) से पांच लोगों के नाम मांगे हैं। किसान नेता दर्शनपाल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान संगठन इस मामले में चार दिसंबर को होने वाली बैठक में फैसला लेंगे। यह कदम ऐसे समय में सामने आया है, जब एक दिन पहले ही संसद के दोनों सदन में तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को रद्द करने के लिए विधेयक पारित किया गया है। किसान इन कृषि कानूनों की वापसी की मांग को लेकर पिछले एक साल से आंदोलनरत हैं। दर्शन पाल ने पीटीआई-भाषा से कहा, आज, केंद्र ने उस समिति के गठन के लिए एसकेएम से पांच नाम मांगे हैं, जो कि फसलों के लिए एमएसपी के मुद्दे पर विचार-विमर्श करेगी। हमने अभी नामों को लेकर फैसला नहीं लिया है। हम इस बारे में चार दिसंबर को होने वाली हमारी बैठक में निर्णय लेंगे।

# परिवार के चार लोग घर में संदिग्ध हालत में मृत मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- बच्चों व पत्नी की हत्या कर पति के आत्महत्या करने का शक: पुलिस

**समयपुर** बादली थाना इलाके के सिरसपुर में एक ही परिवार के चार सदस्यों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इनमें दो बच्चे एक छह वर्षीय व दूसरा तीन वर्षीय है। आशंका जतायी जा रही है कि घर के मुखिया ने पत्नी और दोनों बच्चों की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली है। मृतकों की पहचान पति अमित (30 साल) पत्नी निक्की (25 साल) दो बच्चे कार्तिक (3 साल) और वंशिका (6 साल) के रूप में हुई है। पुलिस ने चारों के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रख दिया है।

पुलिस उपायुकत बिजेंद्र के अनुसार, मंगलवार की सुबह घटना की जानकारी आसपास के लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस घटस्थनास्थल पर पहुंची तो देखा की 35 साल का अमित फंखे से लटका हुआ था, जबकि पत्नी नीति, बेटी वंशिका और बेटा कार्तिक का शव बेड पर पड़ा था। किसी के शरीर पर चोट के निशान नहीं पाए हैं। शुरुआती छानबीन में मामला पारिवारिक कलह का लग रहा है। जांच में यह भी पता चला है कि नीति कुछ महीने से अलग रह रही थी। वह 2 दिन पहले ही वापस आई थी।

अमित किसी फैक्ट्री में नौकरी करता था। इस मकान में किराए पर पूरा परिवार रह रहा था। पिछले कमरे में अमित ने फांसी लगाई है। बच्चों और पत्नी को जहर देकर मारने का शक है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृतकों के मौत के स्पष्ट कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर यह आत्महत्या का मामला है तो भी, इसकी जांच ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,064 | ↓ | 195 | |
| निफ्टी | 16,983 | ↓ | 70 | |
| सोना | 47,217 | ↑ | 41 | /10g |
| चांदी | 61,337 | ↓ | 667 | /kg |

## क्विक न्यूज

### ईडब्लूएस के निर्धारण मानदंडों पर पुनर्विचार के लिए समिति

**नई दिल्ली।** सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आरक्षण प्रदान करने के वास्ते निर्धारित मानदंडों पर फिर से विचार करने के लिए एक समिति का गठन किया है। सरकार ने पिछले हफ्ते उच्चतम न्यायालय को सूचित किया था कि उसने मानदंडों पर फिर से विचार करने के लिए एक सुविचारित निर्णय लिया है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 15 की व्याख्या संबंधी प्रावधानों के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के निर्धारण मानदंडों पर पुनर्विचार करने के लिए कोर्ट से की गई प्रतिबद्धता के अनुसार समिति का गठन किया है। समिति कोर्ट की टिप्पणियों को ध्यान में रखते हुए ईडब्ल्यूएस श्रेणी के निर्धारण में मानदंडों पर फिर से विचार करेगी।

# तालिबान ने 100 से अधिक पूर्व पुलिस अफसरों को मार डाला या गायब कर दिया

**एपी।** काबुल

**तालिबान** लड़ाकों ने अफगानिस्तान में सत्ता पर काबिज होने के बाद से 100 से अधिक पूर्व पुलिस और खुफिया अधिकारियों को या तो मार डाला है या जबरन गायब कर दिया है। ह्यूमन राइट्स वॉच ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। समूह ने आम माफी घोषित किए जाने के बावजूद अपदस्थ सरकार के सशस्त्र बलों के खिलाफ जवाबी कार्वाई जारी रखने की ओर इशारा किया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि तालिबान ने सरकारी रोजगार रिकॉर्ड का उपयोग करते हुए पूर्व अधिकारियों और आत्मसमर्पण करने वालों को निशाना बनाया है। कुछ मामलों में, स्थानीय तालिबान कमांडरों ने लक्षित किए जाने वाले लोगों की सूची यह कहते हुए तैयार की है कि उन्होंने "अक्षम्यै कृत्य किए हैं। ह्यूमन राइट्स वॉच ने रिपोर्ट में कहा, हत्याओं के स्वरूप से पूरे अफगानिस्तान में आतंक उत्पन्न हो गया है, क्योंकि पूर्व सरकार से जुड़ा कोई भी व्यक्ति सुरक्षित महसूस नहीं कर सकता है। तालिबान 15 अगस्त को अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हुआ था जब इसके लड़ाके राजधानी काबुल में घुस गए थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि तालिबान ने पूर्वी नांगरहार प्रांत में इस्लामिक स्टेट समूह का समर्थन करने वाले लोगों को भी निशाना बनाया है, जो आईएस के हमलों का केंद्र है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि प्रांत की राजधानी जलालाबाद में मंगलवार को उस समय आठ घंटे तक भीषण गोलीबारी हुई जब तालिबान ने आईएस आतंकवादियों के एक संदिग्ध ठिकाने पर धावा बोल दिया। प्रांतीय खुफिया प्रमुख ताहिर मोबारिज़ ने कहा कि ( शेष पेज 9 )

# केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अब एनटीए कराएगी प्रवेश परीक्षा

- नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को लेकर यूजीसी ने सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिखा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**केंद्रीय** विश्वविद्यालयों में अंतरस्नातक (यूजी) और स्नात्कोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों के लिए साझा प्रवेश परीक्षा (सीईटी) नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के जरिए 2022-2023 अकादमिक सत्र से संचालित की जा सकती है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने यह जानकारी दी। यूजीसी ने यह भी बताया कि पीएचडी कार्यक्रम में दाखिले के लिए, जहां कहीं व्यवहार्य होगा, नेट के स्कोर का उपयोग किया जाएगा। आयोग ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिख कर कहा है, इसके मुताबिक, सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों को साझा प्रवेश परीक्षा के लिए 2022-2023 अकादमिक सत्र से उपयुक्त उपाय करने की सलाह दी गई है। ये परीक्षाएं कम से कम 13 भाषाओं में ली जाएंगी जिनमें एनटीए पहले से जेईई और नीट परीक्षाएं संचालित कर रहा है। आयोग ने कहा, साझा प्रवेश परीक्षा को इच्छुक राज्य, निजी विश्वविद्यालय, डीम्ड विश्वविद्यालय द्वारा भी स्वीकार किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने एनटीए के जरिए सभी विश्वविद्यालयों के लिए एक सीईटी का प्रस्ताव किया है। विषय पर गौर करने और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए प्रवेश परीक्षा के तौर ( शेष पेज 9 )

# देश की आर्थिक वृद्धि दर 8.4% कोविड पूर्व का स्तर पार किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश** की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत रही। इसके साथ ही वृद्धि दर कोविड-पूर्व स्तर को पार कर गई है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार दूसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर पहली तिमाही की तुलना में धीमी पड़ी है। हालांकि इसका मुख्य कारण तुलनात्मक आधार का प्रभाव कम होना है।

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) की वृद्धि दर 20.1 प्रतिशत रही थी। वहीं पिछले साल सख्त लॉकडाउन से बुरी तरह प्रभावित अप्रैल-जून तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर में 24.4 प्रतिशत की बड़ी गिरावट आई थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़े के अनुसार पिछले वित्त वर्ष 2020-21 की जुलाई-सितंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर में 7.4 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सरकार ने पिछले साल कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए देशव्यापी लॉकडाउन लगाया था। इसका आर्थिक गतिविधियों पर गहरा असर देखा गया था। इस साल भी अप्रैल के मध्य में विनाशकारी महामारी की दूसरी लहर को देखते हुए राज्यों ने इसके रोकथाम के लिए कई तरह की पाबंदियां लगाई थी।

हालांकि अब आर्थिक वृद्धि दर कोविड पूर्व स्तर को पार कर गई है। मूल्य के संदर्भ में जीडीपी जुलाई-सितंबर तिमाही में 35,73,451 करोड़ रुपए रही। यह वित्त वर्ष 2019-20 की इसी तिमाही के 35,61,530 करोड़ रुपए के आकार के मुकाबले अधिक है। जीडीपी पिछले साल जुलाई-सितंबर तिमाही में महामारी की वजह से लगी पाबंदियों के दौरान घटकर ( शेष पेज 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 1 दिसंबर, 2021



सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
ICICI Bank Limited

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास भटनागर, अर्चना भटनागर, मैक्सामस फॉर्मा प्रा. लि., प्रदीप चावला, विकास भटनागर, मैक्सामस फॉर्मा प्रा. लि., 315 सारजा मार्किट, तृतीय तल, नाहरपुर, दिल्ली, खाता:– एलबीडीईएल00002129290 | भूखण्ड सं.–12, ब्लॉक सं.–ए–2, द्वितीय तल, पश्चिम विहार, दिल्ली | 08–07–2021 रु. 47,02,159/– | 31–01–2021 |
| 2. | हर्ष कुमार, हरीश कुमार, बालाजी टूअर्स ऐंड पैकेजेज प्रा. लित्र हंसू, बीना देवी, फ्लैट नंबर 9515, एफएफ एस/एफ, ड्यूपलेक्स, सेक्टर–सी, पाकेट–9, वसंत कुंज, दिल्ली, खाता:– एलबीडीईएल00002009029 | फ्लैट नंबर 9515, ड्यूपलेक्स, एफएफ एवं एस/एफ, ब्लॉक–सी, पाकेट–9, कैटेगिरी, वसंत कुंज, दिल्ली, | 21–04–2021 रु. 43,41,911/– | 31–07–2020 |
| 3. | वोग क्राट्स ऐंड डिजाइन्स प्रा. लि., भूपेश महाजन, वौग्यू क्राट्स ऐंड डिजाइन्स प्रा. लि., वौग्यू क्राट्स ऐंड डिजाइन्स प्रा. लि., 90/12, लोवर, भूतल, मालवीय नगर, खाता:– एलबीडीईएल00005317157 | लैट सं. बी–63, 6ठवां तल, मॉडेस्ट केतकी को–ऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी, भूखण्ड सं. 8बी, सेक्टर–11, द्वारका, दिल्ली | 08–07–2021 रु. 27,68,000/– | 11–01–2021 |
| 4. | अमित कुमार, जूही तिवारी, अमित कुमार, सीस 6 1308, सुपरटेक केपटाउन, सेक्टर–74, उत्तर प्रदेश, खाता :– एलबीएनओडी00003134801 | वाणिज्यिक सम्पत्ति सं. 522, 5वां तल, ब्लॉक–सी, एस्क्वायर, हॉटशॉट डेवलपर प्रा. लि., प्लॉट नंबर सी–02, सेक्टर–96, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश | 08–07–2021 रू. 29,85,925/– | 31–12–2020 |
| 5. | चरणजीत धंजाल, संदीप धंजाल, चरणजीत धंजाल, फ्लैट नंबर 85 जीएफ डीडीए फ्लैट्स मादीपुर, दिल्ली खाता :– एलबीएनओडी00005032728 | एमआईजी फ्लैट नबर 139–डी, तृतीय तल, पाकेट–एजी–1, विकास पुरी, दिल्ली | 08–07–2021 रू. 23,56,158.8/– | 31–01–2021 |
| 6. | वोग क्राट्स ऐंड डिजाइन्स प्रा. लि., भूपेश महाजन, वौग्यू क्राट्स ऐंड डिजाइन्स प्रा. लि., वौग्यू क्राट्स ऐंड डिजाइन्स प्रा. लि., 90/12, लोवर, भूतल, मालवीय नगर, खाता:– एलबीडीईएल00003163987 | लैट सं. बी–63, 6ठवां तल, मॉडेस्ट केतकी को–ऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी, भूखण्ड सं. 8बी, सेक्टर–11, द्वारका, दिल्ली | 08–07–2021 रु. 5,79,516/– | 11–01–2021 |
| 7. | सरताज आलम, आफताब आलम, हाइपोंटीक, नाजनीन, टी 23/6 डीएलएफ सिटी, फेज–3, गुरूग्राम, हरियाणा, खाता :– एलबीजीयूआर00003396736 | प्लॉट नंबर 20, रोड नंबर एस 19, डीएलएफ सिटी, फेज–III, रोड नंबर–III, गुरूग्राम, हरियाणा, | 23–07–2021 रू. 1,87,68,793/– | 31–01–2021 |
| 8. | शिव कुमार जटिया, अर्चना जटिया, शशि आर जटिया, हयात रीजेन्सी, भीकाजी कामा प्लेस, दिल्ली, खाता :– एलबीडीईएल00002442446 | प्लॉट नंबर बी–50, गुलमोहर पार्क जोन एफ–3, मस्जिद मोठ, दिल्ली–110049 | 28–07–2021 रू. 1,55,84,037/– | 07–06–2021 |
| 9. | धीरज कुमार, मैसर्स एयर गुरू ट्रैवल सॉल्यूशन्स प्रा. लि., शिल्पा श्रीवास्तव, मधुसूदन प्रसाद श्रीवास्तव, मकान नंबर 163, प्रथम तल सी–ब्लॉक के हरि नगर, खाता :– एलबीडीईएल00005057084 | प्लॉट नंबर 3, टावर डी, फ्लैट नंबर 101, प्रथम तल, सेक्टर–3, द्वारका, दिल्ली | 12–07–2021 रू. 1,55,42,193/– | 12–01–2021 |
| 10. | अजय छगानी, आरती अजय छगानी, पी 3 बी–073, प्रिंसटन एस्टेट, डीएलएफ फेज–5, गुरूग्राम, हरियाणा, खाता :– एलबीजीयूआर00002093045 | 1404, 14वां तल, टावर एन, दि पाम ड्राइव, सेक्टर–66, गुरूग्राम, हरियाणा–122001, पार्किंग स्पेस यू–एन–13 एवं एल–एन–13 सहित। | 25–06–2021 रू. 1,40,68,351/– | 31–01–2021 |
| 11. | संजय कपूर, एयरवॉइस एवियेशन्स प्रा. लि., अनामिका कपूर, संजय कपूर, बी–241, सेक्टर–26, उत्तर प्रदेश/ खाता नंबर :– एलबीडीईएल00002447141 | मकान नंबर एस–569, फ्रंट पोर्शन, तृतीय तल, ग्रेटर कैलाश पार्ट–II, दिल्ली | 08–07–2021 रू. 1,42,45,328/– | 31–01–2021 |
| 12. | पैनाक एग्जिबिशन्स प्रा. लि., मोहम्मद रजी शाकिर, अनिल कुमार राणा, पैनाक एग्जिबिशन्स प्रा. लि., जी/66, द्वितीय तल, एसएचए कालिंदी कुंज रोड, शाहीन बाग, अब्दुल फजल एन्क्लेव–2, जामिया नगर, दिल्ली, खाता :– एलबीडीईएल00004560874 | फ्लैट नंबर बी 028, द्वितीय तल, टावर–बी, एटीएस बुके, प्लॉट नंबर ए 2/2, सेक्टर–132, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश | 17–07–2021 रू. 86,68,683/– | 06–03–2021 |
| 13. | कुमार प्रशांत, कुमारी बंदना, ई–50, प्रथम तल, सेक्टर–57, सुशांत लोक फेज–2, गुरूग्राम, खाता :– एलबीजीयूआर00004132131 | यूनिट नंबर 101, प्रथम तल, आइरिस टेक पार्क, सोहना रोड, सेक्टर–48, गुरूग्राम, हरियाणा, | 11–08–2021 रू. 81,48,151/– | 31–08–2020 |
| 14. | राघवेन्द्र नाइक, बी डी अर्पिता, सी–9, कैलाश कालोनी, दिल्ली, खाता :– एलबीडीईएल00002365536 | फ्लैट नंबर 1202, 12वां तल, टावर सी–01, कृष आइबिजा टाउन, सेक्टर–39, फरीदाबाद | 11–08–2021 रू. 78,69,456/– | 31–12–2020 |
| 15. | पूनम, जगदीश, मकान नंबर 481, निकट लाल कुआ, झारसा, गुरूग्राम, खाता :– एलबीजीएचजैड00004364495 | फ्लैट नंबर 1546, एचआईजी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सेक्टर–31, 32, गुरूग्राम, हरियाणा | 23–07–2021 रू. 70,40,235/– | 06–03–2021 |
| 16. | विपिन कुमार, देवेन्द्र, कृष्णा देवी, मकान नंबर 151 जे–ब्लॉक, मेफील्ड गार्डन, गुरूग्राम, हरियाणा, खाता :– एलबीडीईएल00005133691 | शोरूम रूम–1397/29, प्लॉट नंबर 245 आर, बाटा शोरूम, माडल टाउन, दिल्ली रोड, रोहतक, हरियाणा | 23–07–2021 रू. 61,60,864/– | 31–12–2020 |
| 17. | मैसर्स यूनिवर्सल जर्नीज इंडिया प्रा. लि., गीतांजलि आलमशाह, जर्नीज ऐंड डेस्टीनेशन्स इंडिया प्रा. लि., स्टीफन आलमशाह, फ्लैट नंबर 1108/6, देविका टावर, नेहरू प्लेस, दिल्ली, खाता :– एलबीडीईएल00002082106 | ऑफिस स्पेस नंबर डीपीटी 534, पार्किंग नंबर पीबी–1001, 5वां तल, ब्लॉक–एफ, प्राइम टावर, प्लॉट नंबर 79 एवं 80, ओखला औद्योगिक क्षेत्र फेज–1, दिल्ली | 17–07–2021 रू. 63,41,264/– | 11–02–2021 |
| 18. | किशोर जैकब मुंडमट्टम, आरतीअनंत, फ्लैट नंबर 33, पाकेट–3, अक्षरधाम अपार्टमेंट, द्वारका, सेक्टर–19, दिल्ली, खाता :– एलबीएनओडी00004839248 | फ्लैट नंबर 1003, 11वां तल, टावर बी 3, श्री वर्धमान गार्डेनिया फेज–2, सेक्टर–10, सोनीपत, हरियाणा | 17–07–2021 रू. 56,79,617/– | 06–03–2021 |
| 19. | ललित जायसवाल, यूनिस्टम बायोसाइंस प्राइवेट लिमिटेड, कंगन जायसवाल, 124, सैनिक फार्म्स, दिल्ली, खाता :– एलबीजीयूआर00002441944 | बीएलबी 154, 15वां तल, पार्किंग स्पेस पीबी 2049, पीबी 2050 के साथ, बिलेयर डीएलएफ सिटी, फेज–5, गुरूग्राम, | 23–07–2021 रू. 52,81,616/– | 06–03–2021 |
| 20. | गौरव मंगला, संतोष कुमारी, फ्लैट नंबर 250, भारत अपार्टमेंट, सेक्टर–13, रोहिणी, दिल्ली, खाता :– एलबीडीईएल00003704714 | फ्लैट नंबर 250, द्वितीय तल, सेक्टर–13, प्लॉट नंबर 20, भारत अपार्टमेंट्स, दि भारत सीजीएचएस लि, रोहिणी, दिल्ली, | 31–07–2021 रू. 44,58,972.3/– | 31–10–2020 |
| 21. | गौरव तलवार, साक्षी तलवार, 39, चित्रकूट अपार्टमेंट ईस्ट अर्जुन नगर, शाहदरा, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली, खाता :– एलबीडीईएल00003888830 | फ्लैट नंबर 23262, छब्बीसवां तल, टावर 23, एटीएस पिक्चरस्क रिप्रीव्स फेज–1, प्लॉट नंबर एससी–01, सेक्टर–152, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश | 31–07–2021 रू. 43,45,151/– | 11–01–2021 |
| 22. | नावेद उर रहमान, मोह. नईम, इफत गुलाम अब्बास सैयद, शारजाह इस्लामिक बैंक, पो. बॉक्स नं.–4 शारजहा यूएई, शारजाह, खाता:– एलबीजीएचजेड00002539542 | लैट सं.–ए 006, जी भूतल, कैसा ग्रांड, भूखण्ड सं. 7ए, सेक्टर वाई–ट, ग्रेटर नोएडा | 17–07–2021 रु. 48,95,523/– | 31–08–2020 |
| 23. | विपिन छेत्री, रेबेका छेत्री, लैट सं. 1409, एम रेगालिया हाईट्स, शिप्रा सनसिटी, गाजियाबाद, इंदिरापुरम, खाता:– एलबीजीएचजेड00002922171 | लैट सं. 904, नौवां तल, टॉवर ए, मेघदूतम एनकोर स्पोर्ट्स सिटी, भूखण्ड सं. जीएच–05, सेक्टर–समीपवर्ती टेक्जोन– प्ट, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 17–07–2021 रु. 43,24,264/– | 06–03–2021 |
| 24. | विनोद कुमार, तृप्ति कुमारी, मकान नंबर 54, टॉप फ्लोर, राजापुर उत्तम नगर, दिल्ली–110059 खाता :– एलबीडीईएल00005151568 | फ्लैट नंबर 704, 7वां तल, टावर सी–1, वर्धमान गार्डेनिया, सोनीपत | 27–07–2021 रू. 42,67,774.9/– | 31–10–2020 |
| 25. | अर्चना मिश्रा, अविनाश मिश्रा, मकान नंबर 852, सेक्टर–23, फरीदाबाद खाता नंबर – एलबीएनओडी00002206648 | फ्लैट नंबर 1011, 10वां तल, टावर एफ, पीयूष हाइट्स, सेक्टर–89, फरीदाबाद | 23–07–2021 रू. 40,50,857/– | 31–12–2020 |
| 26. | ललित जायसवाल, यूनिस्टम बायोसाइंस प्राइवेट लिमिटेड, कंगन जायसवाल, 124, सैनिक फार्म्स, दिल्ली, खाता :– एलबीजीयूआर0002441894 | बीएलबी 154, 15वां तल, पार्किंग स्पेस पीबी 2049, पीबी 2050 के साथ, बिलेयर डीएलएफ सिटी, फेज–5, गुरूग्राम, | 23–07–2021 रू. 42,16,530/– | 06–03–2021 |
| 27. | रंजय कुमार भारती, रीता देवी, 226 याकूबपुर, नोएडा, सेक्टर–86, फेज–2, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा खाता :– एलबीएनओडी00004883068 | फ्लैट नबर 86 बी, प्रथम तल, ब्लॉक एमआईजी, सेक्टर–93, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा | 27–07–2021 रू. 40,87,622/– | 11–01–2021 |
| 28. | मैसर्स लार्क लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड, शरद चंद्र गोयल, विक्रम गोयल, नलिनी गोयल, 55 मेजनीन फ्लोर कम्युनिटी सेंटर, ईस्ट ऑफ कैलाश, दिल्ली, खाता :– एलबीजीएचजैड00005325330 | यूनिट नंबर सी–43, द्वितीय तल, साउथ एक्सटेंशन पार्ट–2, दिल्ली | 23–07–2021 रू. 40,32,035/– | 31–01–2021 |
| 29. | सुरेश रमाया, ललित कुमार, मकान नंबर 882, सेक्टर–37, फरीदाबाद खाता :– एलबीडीईएल00003372384 | प्लॉट नंबर 881, द्वितीय तल, सेक्टर–37, छत और टेरेस के अधिकार सहित, फरीदाबाद, हरियाणा | 31–07–2021 रू. 37,93,281/– | 31–10–2020 |
| 30. | अमित सिंह डागा, विनीत डागा, डीबीएम मार्केटिंग इंडिया प्रा. लि., 33/5, गार्डेनिया स्ट्रीट वाटिका सिटी, सेक्टर–49, सोहना रोड, गुरुग्राम, हरियाणा, खाता :– एलबीजीयूआर00001967058 | फ्लैट नंबर प्राइमरोज ईएफ–12/3012, तृतीय तल, वाटिका सिटी, सेक्टर–49, गुरुग्राम, हरियाणा | 04–08–2021 रू. 37,64,578/– | 31–01–2021 |
| 31. | विजय गोविंद, निधि गर्ग, ई 1404, प्रोव्यू लैबोनी, क्रॉसिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद, खाता :– एलबीजीएचजैड00002919266 | फ्लैट नंबर 1404, 14वां तल, ब्लॉक ई, प्रोव्यू लोबानी, क्रॉसिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद, | 14–07–2021 रू. 35,20,399/– | 31–01–2021 |
| 32. | विजय कुमार खत्री, सुमन राणा, मैसर्स ए पी हॉस्पिटैलिटीज, मैसर्स आर्यन कार रेंटल प्रा. लि., मैसर्स आर्यन टूअर ऐंड ट्रैवल्य, गीता, अनिल कुमार राणा, फ्लैट नंबर 801, जीएच–3, एयरपोर्ट अथॉरिटी जीएचएस, सेक्टर–47, गुरूग्राम, खाता :– एलबीडीईएल00001972787 | दुकान नंबर यूजी 003, अपर ग्राउंड फ्लोर, मालिबू शॉपिंग आर्केड, मालिबू टाउनी, सोहना रोड, हरियाणा | 17–07–2021 रू. 36,46,399/– | 31–01–2021 |
| 33. | सुभाष चंद, रेखा, फ्लैट नंबर एफ–801, बीपीटीपी प्रिंसेस पार्क, तिगांव रोड, सेक्टर–86, खेड़ी कलां, 113, फरीदाबाद, खाता :– एलबीएफडीबी00002906010 | फ्लैट नंबर एफ–801, सेक्टर–86, बीपीटीपी प्रिंसेस पार्क, फरीदाबाद | 23–07–2021 रू. 33,66,155/– | 06–02–2021 |
| 34. | विजय लक्ष्मी टैकर, टैकर टेक्नोलॉजीज प्रा. लि., अशोक टैकर, 801, रॉयल रिट्रीट–1, चार्मवुड विलेज सूरजकुंड, फरीदाबाद, खाता :– एलबीएनओडी00002039551 | कॉमर्शियल स्पेस नंबर 107, 108 और 109, प्रथम तल, इरोस गार्डन, चार्मवुड प्लाजा, सूरज कुंड रोड, फरीदाबाद, हरियाणा | 31–07–2021 रू. 40,08,414/– | 30–09–2020 |
| 35. | सुनील रायसिंघानी, सुमिता रायसिंघानी, फ्लैट नंबर 22 एसएफएस राजौरी अपार्टमेंट्स, गव. ऑफ इंडिया दिल्ली प्रेस के सामने, राजौरी गार्डन, दिल्ली खाता :– एलबीएनओडी00002095764 | फ्लैट नबर वी–905, 9वां तल, टावर वी, प्लॉट नंबर 01, लॉजिक्स ब्लॉसम ग्रीन्स, सेक्टर–143, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 31–07–2021 रू. 33,01,122/– | 04–01–2021 |
| 36. | स्वेता वर्मा, राहुल वर्मा, बी 401, प्लॉट 4, ईस्ट एवेन्यू अपार्टमेंट, अंहिसा खंड–2, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, खाता :– एलबीजीएचजैड00002416727 | फ्लैट नंबर 1701, 16वां तल, ब्लॉक सी, आरसिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर रीजेंसी पार्क, प्लॉट नंबर जीएच–03बी, सेक्टर–16सी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 27–07–2021 रू. 34,82,143/– | 11–02–2021 |
| 37. | शोभित अलघ, यशपाल अलघ, सी–13/65, भू तल, रोहिणी सेक्टर–3, दिल्ली, खाता :– एलबीडीईएल00005150678 | सम्पत्ति सं. 79, तृतीय तल, छत के अधिकार सहित, पाकेट–5, सेक्टर–22, रोहिणी, दिल्ली | 27–07–2021 रू. 34,91,152/– | 31–12–2020 |
| 38. | राम चंदर, राहुल कुमार, फ्लैट नबर 2/13, राइट्स फ्लैट्स, निकट वाटर टैंक, अशोक विहार फेज–3, दिल्ली खाता :– एलबीएनओडी00004844639 | फ्लैट नबर 2003, 20वां तल, टावर ई, प्लॉट नंबर जीसी–3जी/जीएच–03, ऐश्वर्यम गौड़सिटी–2, सेक्टर–16सी, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 31–07–2021 रू. 32,12,163/– | 31–01–2021 |
| 39. | रूबी सिन्हा, विकास कुमार सिन्हा, 189, द्वितीय तल, निकट डीएवी पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद, खाता नंबर :– एलबीएफडीबी00002215059 | यूनिट नंबर एल 1–15–एसएफ, पार्क, एलीट फ्लोर–II, पार्कलैंड, फरीदाबाद | 27–07–2021 रू. 32,60,905/– | 31–01–2021 |
| 40. | सुमन लता, सुमित गौड़, नीना दत्ता, ए 4–2104, सेवियर ग्रीन आइजल, क्रॉसिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद, खाता :– एलबीडीईएल00004960006 | फ्लैट नंबर 1502, 15वां तल, ब्लॉक बी, गार्डेनिया स्क्वायर क्रॉसिंग रिपब्लिक, प्लॉट नंबर 06, ग्राम डूंडाहेड़ा, गाजियाबाद | 27–07–2021 रू. 32,25,239/– | 31–12–2020 |
| 41. | टुहीन सिन्हा, शालिनी सिन्हा, 672, पीएसबी सोसायटी प्लॉट नंबर 8, सेक्टर–49 ए, चंडीगढ़, खाता :– एलबीएनओडी00002021896 | फ्लैट नबर 3002, 30वां तल, टावर केआरएच–19, क्रीसेंट होम्स, जेपी ग्रीन्स, नोएडा | 27–07–2021 रू. 31,52,823/– | 11–03–2021 |
| 42. | संजय भटनागर, वंदना भटनागर, फ्लैट नंबर 235, प्लॉट 22, श्रुति अपार्टमेंट, सेक्टर–7, द्वारका, नई दिल्ली, खाता :– एलबीडीईएल00002513056 | फ्लैट नबर 606, छठा तल, प्लॉट नंबर जीसी–7/जीएच–01, सेक्टर–04, गौड़ सिटी–1, ब्लॉक ए, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 27–07–2021 रू. 32,25,530/– | 31–07–2020 |
| 43. | वरूण, अशोक कुमार, 1–एस क्यू जंतर मंतर, रोड एनडीएमसी नई दिल्ली, खाता :– एलबीएनओडी00005075463 | फ्लैट नबर 916, 9वां तल, हेजल, ब्लॉक–2, जैस्मिन ग्रेव खास ग्राम मेहरोली | 14–07–2021 रू. 30,34,409/– | 06–03–2021 |
| 44. | आराधना गुप्ता, रेखा देवी, फ्लैट नंबर 804 लोटस, टावर टीएचडी गार्डन, ठाडा मोड़, भिवाडी, अलवर, खाता :– एलबीजीयूआर00005078128 | फ्लैट नंबर ई–904, 9वां तल, टेरा एलीगैंस टावर ई, खसरा नबर 1289/1025, ग्राम खजूरवास, तहसील तिजारा, अलवर, राजस्थान | 31–07–2021 रू. 30,06,607/– | 31–12–2020 |
| 45. | ईआरएन प्रसाद, अनुराधा तलवार, एच एन पी 37, राष्ट्रीय इंडियन मिलिटरी कालेज गढ़ी कैंट, उत्तराखंड खाता :– एलबीजीयूआर00002396268 | यूनिट नबर एच/ए/202, एस एफ टावर–एच, बीटहोवन्स–8, सेक्टर–107, गुरूग्राम, हरियाणा | 13–07–2021 रू. 31,90,661.81/– | 31–01–2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 01 दिसंबर, 2021
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# नोएडा पुलिस ने एटीएम हैकर्स को बीस लाख रुपए और क्रेटा कार लेकर छोड़ा

## डीसीपी क्राइम को सौंपी गई जांच

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा/गाजियाबाद

इंदिरापुरम थाने की पुलिस व साइबर सेल टीम ने मंगल चौक से एक ऐसे गिरोह को 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जो बैंक का एटीएम हैक करके लाखों रुपए निकाल ले लेते हैं।

पकड़े गए आरोपियों ने दावा किया है कि उन्हें पहले नोएडा पुलिस ने पकड़ा था और बीस लाख की रिश्वत और क्रेटा कार लेकर छोड़ दिया। इस मामले में गाजियाबाद पुलिस द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के बाद डीजीपी ने मामले की जांच शुरू करा दी है। आरोपियों की पहचान गिरफ्तार किशनगंज बिहार निवासी शाहनवाज व सगीर, मेहराज, मोहम्मद उमर तथा जमीर शेख के रूप में हुई है।

इनके कब्जे से 10 मोबाइल फोन, एक सिम कार्ड, 2 कार, 1 बुलेट, 16 एटीएम, एक लैपटाप मय चार्जर, 4 मोहर 6 पैनड्राइव, 4 मैमोरी कार्ड, 4 मैमोरी कार्ड रीडर, 2 एमआरएफ 2 हार्डडिस्क, 2 रैम, 1 कीबोर्ड , 1 एटीएम स्कीमर, 2 यूएसबी आदि उपकरण बरामद किए हैं। नोएडा पुलिस की टीम द्वारा एटीएम हैकर को पकड़ कर उनसे 20 लाख रुपये और क्रेटा कार लेकर छोड़ने का मामला सामने आया है।

जनपद गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम की पुलिस की गिरफ्तारी होने पर इन हैकर ने यह खुलासा किया है। एडीजी इंटेलीजेंस मामले की जांच करा रहे हैं।

आरोपियों ने गाजियाबाद में क्रेटा कार से एक वारदात को अंजाम दिया गया था। जब पुलिस ने हैकर गिरोह से इस क्रेटा कार के संबंध में पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि यह क्रेटा कार नोएडा पुलिस की एसओजी की टीम के पास है।

इस पर हुई पूछताछ में खुलासा हुआ कि उन्हें करीब तीन माह पहले एसओजी नोएडा की टीम ने पकड़ा था और उस दौरान उनके पास 10 लाख रुपये नकद थे जिसे एसओजी टीम ने ले लिए थे। उसके बाद बदमाशों से 10 लाख रुपये और लेने के लिए एसओजी की एक टीम उनके घर गई थी। पुलिस टीम वहां से 10 लाख रुपये और क्रेटा कार लेकर आ गई थी।

इस पर थाना इंदिरापुरम पुलिस ने हैकर को उनके घर ले जाकर वहां से एसओजी टीम द्वारा क्रेटा कार ले जाने की सीसीटीवी फुटेज भी बरामद कर ली।

इस संबंध में पूरी रिपोर्ट बनाकर डीजीपी मुख्यालय को भेजी जिसे डीजीपी ने गंभीरता से लिया है और इस प्रकरण में जांच बैठाते हुए रिपोर्ट तलब की है। एडीजी इंटेलीजेंस भी पूरे मामले की जांच करा रहे हैं।



### एक्सिस बैंक के एटीएम से निकाली थी नकदी

पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले दिनों हयात अली नामक युवक ने इंदिरा इंदिरापुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि हैकर्स ने ग्रीन विस्ता सोसाइटी के एक्सिस बैंक का एटीएम मशीन हैंग करके 7 लाख निकाल लिए थे। इसके बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की और अपराधियों तक पहुंच गई जिन्हें मंगल चौक से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि यह लोग एक्सिस, टाटा इंडिकेश एटीएम मशीन को पैन ड्राइव के जरिये जैक पॉट आईएसओ सॉफ्टवेयर में डालकर हैक कर लेते हैं और रुपये निकाल लेते हैं।

### रिश्वत में मांग थे 50 लाख रुपये

*जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नोएडा पुलिस ने एटीएम हैकर को छोड़ने के लिए पहले 50 लाख रुपये की मांग की थी लेकिन बदमाशों के पास इतनी रकम ना हो पाने पर डील 20 लाख रुपये में ही करनी पड़ी। हैकर जब एसओजी के पुलिस कर्मियों को अपने घर रुपये देने के लिए लेकर गए तो वहां पर एक नई क्रेटा कार भी खड़ी थी। इस पर तब तक नंबर भी नहीं पड़ा था। एसओजी के पुलिसकर्मियों ने कहा कि यह कार भी तुमने ठगी के रुपये से खरीदी है और यह कहकर उस कार को भी वह अपने साथ ही लेकर चले गए।*

# लोनी विधायक ने भाकपा नेत्री वृंदा करात के खिलाफ पुलिस में दी तहरीर

**गाजियाबाद।** लोनी के भाजपा विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने भाकपा नेता वृंदा करात के खिलाफ लोनी थाने में दी तहरीर दी है।

इस तहरीर में विधायक ने वृंदा करात पर गो तस्करों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि वृंदा व धौलाना के विधायक असलम चौधरी गो तस्करों के सरगना है और देश मे साम्प्रदायिक माहौल खराब कर रहे हैं।

साथ ही गौ–तस्करों के खिलाफ सख्ती करने वाली पुलिस का मनोबल भी तोड़ रही है।

वृंदा करात 26 नवम्बर को लोनी में गौकशी करने वाले आरोपियों के परिवार से भेंट की थी। तहरीर में नन्दकिशोर ने कहा है कि वृंदा करात के आगमन के बाद हुई गौतस्करों के हौसले बुलंद हो गए हैं।

# कंपनी मालिक पर दुष्कर्म और ब्लैकमेल करने का केस दर्ज

## नोएडा पुलिस पर भी लगा सुस्त जांच करने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कंपनी में निवेश करने के नाम पर कर्मचारियों के साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले कंपनी मालिक पर अब कंपनी की एक पूर्व महिला अधिकारी ने दुष्कर्म व उत्पीड़न करने का मामला कोतवाली फेज–2 में दर्ज करवाया है।

महिला का आरोप है कि कंपनी मालिक शुभ गौतम ने उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया और उस वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल कर रहा था। अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी शुभ गौतम उसकी पत्नी व दो अन्य महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नोएडा के सेक्टर–63 में स्थित श्री राम कंपाउंड लिमिटेड और अमेरिकन प्रीकोट स्पेशलिटी प्राइवेट लिमिटेड के मालिक शुभ गौतम जेपी ग्रींस ग्रेटर नोएडा में रहते हैं। उनकी कंपनी में कंसलटेंट चार्टेड अकाउंटेंट के तौर पर वर्ष 2011 से काम करने वाली एक महिला ने कंपनी मालिक शुभ गौतम पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए कोतवाली फेज–2 में मामला दर्ज करवाया है। पीड़िता का आरोप है कि शुभ गौतम मीटिंग के बहाने उसे होटल में ले गया और वहां नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया।

# प्रेमी की सुपारी देने की आरोपी प्रेमिका गिरफ्तार, शूटर फरार

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले से एक युवती को गिरफ्तार किया गया है जिसपर प्रेमी की चार लाख रुपये की सुपारी देने का आरोप है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि मामले में सुपारी लेने वाला शूटर फरार है।

ग्रेटर नोएडा, बीटा–2 थाना के थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि गाजियाबाद के राज नगर की रहने वाली युवती प्रमिला चौहान का जौनपुर के रहने वाले अंकुर सिंह से प्रेम संबंध था। लेकिन किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया, तथा प्रेम संबंध टूट गया। इससे नाराज प्रमिला ने अंकुर की हत्या के लिए कौशलेंद्र तथा भोला नामक दो लोगों को चार लाख रुपये में सुपारी दी थी। सिंह के मुताबिक मंगलवार को प्रमिला दोनों शूटरों के साथ जौनपुर अंकुर की हत्या के लिए जा रही थी।

# बाजारों से हटाया गया अतिक्रमण

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निगम ने दिल्ली गेट से चोपला मंदिर तक व चोपला मंदिर से सिहानी गेट पुलिस चौकी तक अतिक्रमण हटाया।

सिटी जोन के जोनल प्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि रोड को जाम कर पटरी पर सामान रख अतिक्रमण करने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थी। पटरी पर रखा सामान जो अतिक्रमण किया गया था। उसे हटाया गया तथा मुख्य रोड पर कुछ लोगों ने बैनर पोस्टर आदि लगाकर सड़क पर सड़क पर अतिक्रमण किया हुआ था, सिहानी गेट पुलिस चौकी नवयुग मार्केट व नगर निगम ईटीएफ स्टाफ व प्रवर्तन दल के सहयोग से राजस्व निरीक्षक अनुज कुमार व क निरीक्षक द्वितीय शिजतेन चौहान के माध्यम से हटवाया गया।



अभियान में 5 मेज 6 काउंटर अवैध रूप से लगाए गए 20 जानवरों को भी हटाया तथा मौके पर मौजूद लोगों को चेतावनी दी गई कि रोड पटरी पर किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण ना करें जिससे कि मार्ग अवरुद्ध ना हो तथा आवागमन में किसी प्रकार की समस्या पैदा ना हो।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत, कई घायल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में सोमव रात हुए अलग–अलग हादसो में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हुए हैं।

पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि बीती रात प्रवीण तथा सुमित नामक दो युवक स्कूटी पर सवार होकर नोएडा सेक्टर 12 की तरफ जा रहे थे। जैसे ही शिवानी फर्नीचर चौराहे पर पहुंचे, नोएडा सेक्टर 10 की लाल बत्ती की तरफ से आ रही कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में प्रवीण और सुमित गंभीर रूप से घायल हो गए और उपचार के दौरान प्रवीण की मौत हो गई। प्रवक्ता बताया कि नोएडा सेक्टर–58 थाना क्षेत्र के सेक्टर– 55 में हुए एक अन्य सड़क हादसे में रितिक (24) नामक युवक की मौत हो गई।

ईकोटेक– 3 थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में अंकित कुमार की मौत हो गई। प्रवक्ता ने बताया कि नोएडा सेक्टर–58 क्षेत्र के नवादा गांव के पास हुए सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

दोनों नोएडा प्राधिकरण में सफाई कर्मी के रूप में काम करते हैं। एक्सप्रेस–वे क्षेत्र थाना के हाजीपुर अंडरपास के पास एक ट्रक व कैंटर टकरा गए। इस घटना में कैंटर के चालक दीपक व परिचालक मुन्ना गंभीर रूप से घायल हो गए।

# 25 हजार जांच, 216 एचआईवी पॉजिटिव निकले

**विश्व एड्स दिवस**

## जांच कराने वालों में 9661 पुरुष और 16,398 महिलाएं

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जनपद में इस वर्ष 25,088 लोगों ने एड्स–एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनो डेफिंसिएंशी वायरस) की जांच कराई। इनमें से 216 में एचआईवी वायरस की पुष्टि हुई।

जांच कराने वालों में 8661 पुरुष, 16398 महिलाएं और नौ ट्रांसजेंडर शामिल थे। जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डा. आरके यादव ने बताया एचआईवी पॉजिटिव होने पर शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो जाती है। ऐसे लोगों को सभी संक्रामक रोगों की चपेट में आने का खतरा बढ़ जाता है। अधिकतर मामलों में एचआईवी पॉजिटिव टीबी संक्रमित हो जाते हैं। इसलिए हर एचआईवी पॉजिटिव की टीबी की जांच होना जरूरी है। एड्स के संक्रमण को कम करने के लिए एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी (एआरटी) दी जाती है, हालांकि इसके फैलाव को केवल बचाव के जरिए ही रोका जा सकता है।

डीटीओ ने बताया कि बचाव के लिए सबसे पहली जरूरत बीमारी के बारे में जानकारी की है। उसके बाद यह पता होना जरूरी है कि रोग का प्रसार कैसे होता है ताकि प्रसार के कारणों पर अंकुश लगाया जा सके। एड्स का फैलाव संक्रमित सुई, असुरक्षित यौन संबंध और ब्लड ट्रांसफ्यूजन के जरिए होने का खतरा रहता है। इसलिए रक्त देते और लेते समय जांच अवश्य कराएं। प्रयोग की गई सुई का इस्तेमाल न करें और असुरक्षित यौन संबंध बनाने से बचें। उन्होंने कहा पुरुष एचआईवी जांच कराने के मामले में महिलाओं से पीछे रहते हैं जबकि यह जांच पूरी तरह से गुप्त रखी जाती है।

### एड्स-टीबी को लेकर कार्यशाला संपन्न



**हापुड़।** क्षय रोग विभाग ने विश्व एड्स दिवस के मौके पर एड्स और क्षय रोग के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए एसएसवी पीजी कॉलेज सभागार में एक संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। रेड रिबन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह ने बताया एड्स यानि एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनो डेफिशिएंसी वायरस) संक्रमण एक गंभीर बीमारी है और बचाव के जरिए इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। बचाव के लिए आमजन में इस रोग के प्रति जागरूकता जरूरी है। एचआईवी संक्रमण असुरक्षित शारीरिक संबंध और ब्लड ट्रांसफ्यूजन के जरिए फैलता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# ओमीक्रोन का खतरा : ऑक्सीजन आपूर्ति पर फोकस

## सरकार का दावा, सिलेंडर और प्लांट की व्यवस्था ऐसी कि तुरंत मिले ऑक्सीजन

### ● स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री केजरीवाल ने की समीक्षा बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

ओमीक्रोन वायरस ने देश-दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। ओमीक्रोन के तेजी से फैलने से मरीजों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि की आशंका के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने अपनी तैयारियों शुरू कर दी है। राष्ट्रीय राजधानी को अप्रैल और मई में कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन संकट से जूझना पड़ा था। इससे सबक लेते हुए राज्य सरकार ने नगर निगम के हर वार्ड में दो सप्ताह के नोटिस पर सौ ऑक्सीजन बेड्स तैयार करेगी। इसके अलावा 442 मीट्रिक टन चिकित्सीय ऑक्सीजन की अतिरिक्त भंडारण की सुविधा तैयार की है जो पिछली लहर के दौरान नहीं थी।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ओमीक्रोन वायरस से निपटने के लिए मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक के बाद उन्होंने संवाददाता सम्मेलन कोविड-19 की पहली और दूसरी तहर के दौरान ऑक्सीजन उत्पादन की क्षमता शून्य थी। दूसरी लहर से सबक लेते हुए अब पीएसए संयंत्र स्थापित किए हैं जो 121 मीट्रिक टन ऑक्सीजन का उत्पादन कर सकते हैं।

उन्होंने सभी ऑक्सीजन टैंक में टेलीमेट्री उपकरण लगाने का निर्देश दिया है, ताकि वॉर रूम को पता चल सके कि ऑक्सीजन कहां खत्म हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने चीन से छह हजार सिलेंडर आयात किए हैं और तीन निजी रीफिलिंग संयंत्र हैं जो रोजाना 1500 सिलेंडर भर सकते हैं। इसके अलावा दो बॉटलिंग संयंत्र लगाए हैं जो दैनिक आधार पर 1400 सिलेंडर भर सकते हैं।


मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।

**एलएनजेपी बनेगा कोविड अस्पताल**

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि कोरोना वायरस के नए ओमीक्रोन वैरिएंट के खतरे को देखते हुए एलएनजेपी अस्पताल को कोविड-19 मरीजों के लिए रिजर्व कर लिया है. यहां आइसोलेशन वार्ड व अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने उच्च खतरे वाले देशों से आने वाले सभी यात्रियों की आरटी पीसीआर जांच करने, संक्रमण की पुष्टि होने पर जीनोम सिक्वेंसिंग करने और केंद्र सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार, यात्रियों को अनिवार्य रूप से पृथक-वास में भेजने का निर्णय लिया है।

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन के अनुसार संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल को निर्दिष्ट किया है। अस्पताल से कहा गया है कि ऐसे मरीजों को पृथक-वास में रखने और उनका इलाज करने के लिए वार्डों का निर्धारण किया जाए।

### टीकाकरण अभियान तेज करने की अपील

**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल ने जानकारी दी उनकी सरकार कोरोना से सुरक्षित रखने के लिए दिल्ली वालों को वैक्सीन लगाने को लेकर शुरू से ही बहुत गंभीर रही है। इसी का परिणाम है कि अब तक 2.25 करोड़ वैक्सीन की डोज दी जा चुकी है। इसमें 137.94 लाख लोगों ने को पहली और 87.05 लाख लोगों को वैक्सीन की दोनों डोज दी जा चुकी है। 45 वर्ष से अधिक उम्र के 42.14 लाख लोगों को एक डोज दी जा चुकी है, जबकि 31.44 लाख लोगों को दोनों डोज दी जा चुकी है।

इसी तरह, 18 से 44 वर्ष तक के 88.75 लाख लोगों को एक डोज और 49.37 लाख लोगों को दोनों डोज दी जा चुकी है। 2.61 लाख हेल्थ वर्कर्स ने एक डोज और 2.34 लाख ने दोनों डोज ले ली है। जबकि 4.44 लाख फ्रंट लाइन वर्कर्स ने एक डोज और 3.90 लाख ने वैक्सीन की दोनों डोज ले ली है। अभी तक जिन लोगों ने वैक्सीन नहीं लगवाई है, ऐसे लोगों को जल्द से जल्द वैक्सीन लगवाने के लिए विभिन्न माध्यमों से जागरूक कर रही है।

# खोखले वादे नहीं, महामारी से निपटने के लिए जमीन पर काम करे सरकार : कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कांग्रेस ने ओमीक्रोन की तैयारियों को लेकर दिल्ली सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया कमेटी के चैयरमेन अनिल भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा ओमीक्रोन वायरस के संभावित खतरे से निपटने के लिए तैयारियों को लेकर दिए गए बयान में स्वीकार किया है कि कोविड-19 की पहली और दूसरी लहर में संक्रमितों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने में पूरी तरह से विफल रही।

भारद्वाज ने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि जब विशेषज्ञ तीसरी लहर की बात पिछले 7-8 महीनों से कह रहे है तो अब जाकर मुख्यमंत्री तीसरी लहर से मुकाबला करने के लिए स्वास्थ्य सुविधाऐं, बेड, आईसीयू, ऑक्सीजन, दवाईयां आदि बढ़ाने पर कार्यवाही करने के लिए कह रहे है। कोविड-19 की लड़ाई दिल्ली वालों ने सूझबूझ से जीती है। केजरीवाल का वास्तविक चेहरा उस समय उजागर हो गया था जब महामारी के संकट में लोगों को भगवान भरोसे छोड़ दिया था। सीएम ने दावा किया कि 2 हफ्ते के नोटिस में सभी 272 वार्डों में ऑक्सीजनयुक्त 100-100 बेड का इंतजाम करना पूरी तरह जुमला साबित होगा।

दिल्ली में 30,000 ऑक्सीजन बेड, 10,000 आक्सीजन बेड, 7500 एमटी ऑक्सीजन की क्षमता, 6000 ऑक्सीजन सिलेंडर, प्रतिदिन 2900 सिलेंडर भरने की क्षमता की हवा हवाई बात करके केजरीवाल बरगलाने की कोशिश कर रहे है। सरकार का स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर पूरी तरह से ध्वस्त है, तो फिर केजरीवाल शार्ट नोटिस में आपातकाल स्थिति का कैसे सामना कर सकते है।


द्वारका के विकास के लिए काम करने वाले लोगों को सम्मानित करतीं अभिनेत्री मिनिषा लांबा।

# गुमनाम रहकर भी विकास में योगदान दे रहे 12 लोग सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

गुमनाम रहते हुए द्वारका उप शहर के विकास में योगदान दे रहे 12 लोगों को फेस ऑफ द्वारका की उपाधी से नवाजा गया। पैसिफिक मॉल द्वारका उप-शहर के लोगों को उन चहरों से रूबरू करा रहा है जो सही मायनों में द्वारका की पहचान हैं।

इन व्यक्तियों के द्वारा किया जा रहा प्रयास भी अनूठे हैं। यहां सम्मानित शख्सियतें अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी हैं और ये 12 शख्सियते इस शहर को जीवंत और व्यवस्थित बनाने के साथ ही इसे एक आदर्श शहर बनाने के लिए भी लगातार अपनी कोशिशें जारी रखे हुए हैं।

समारोह की मुख्य अतिथि एसडीएम द्वारका, पंकज रॉय गुप्ता और अभिनेत्री मिनिषा लांबा ने फेस ऑफ द्वारका के सेलेब्रिटी गेस्ट के रूप में शिरकत की। सम्मानित की गई 12 शख्सियतों में पीयूष मोहंती (एसडीएम मुख्यालय और एसडीएम डीडीएमए दक्षिण पश्चिमी दिल्ली), डेजी अहूजा एवं यशिका गाँधी (द्वारका कनेक्ट कम्युनिटी),जयेश डोषी (पटेल कम्युनिटी, द्वारका), अजित स्वामी एवं रॉबिन शर्मा (एडीआरफ, द्वारका कम्युनिटी), काजल चानना (द्वारका मॉम्स कम्युनिटी), एयर वाईस मार्शल राजीवा रंजन (शेखोन विहार आरडब्ल्यूए कम्युनिटी), डॉ. मीनल चौधरी (डायरेक्टर-आकाश हॉस्पिटल), डॉ. आर.के. टंडन (चेयरमैन, कमल एंड ट्रिनिटी एजुकेशनल इंस्टीटूशन्स), विंग कमांडर चंदीप भरारा (एयर फोर्स एंड नेवल ऑफिसर्स एन्क्लेव, आरडब्ल्यूए कम्युनिटी), अमोग लीला दास (वाईस प्रेसिडेंट, इस्कॉन द्वारका कम्युनिटी) मिनी जॉर्ज (एएनएचएलजीटी द्वारका कम्युनिटी) और विशाल गुप्ता ( रेडियो द्वारका।

पैसिफिक मॉल के कार्यकारी निदेशक अभिषेक बंसल ने कहा वह हमेशा अपनी पहल में सामाजिक मुल्यों को प्राथमिकता देते हैं और कोशिश करते हैं कि द्वारका के लोग अपने शहर, संस्कृति से जुड़ें। फेस ऑफ द्वारका इसी कड़ी में की गई पहल है।

# कोविड-19 संक्रमण में ब्लड ग्रुप ए, बी और आरएच प्लस को ज्यादा खतरा

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली स्थित सर गंगा राम अस्पताल के डिपार्टमेंट ऑफ रिसर्च और डिपार्टमेंट ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन द्वारा किए अध्ययन में पाया गया कि ब्लड ग्रुप ए, बी और आरएच पॉजटिव के लोग कोविड-19 संक्रमण के लिए अतिसंवेदनशील होते हैं। जबकि ओ, एबी और आरएच- के लोग कोविड-19 संक्रमण के लिए कम संवेदनशील होते हैं।

अध्ययन में यह भी पाया गया कि रक्त समूहों और रोग की गंभीरता के साथ-साथ मृत्यु दर के लिए संवेदनशीलता के बीच कोई संबंध नहीं है। यह शोध 'फ्रंटियर्स इन सेल्युलर एंड इंफेक्शन माइक्रोबायोलॉजी' नवंबर 21 के संस्करण में प्रकाशित हुआ है।

डॉ. रश्मि राणा, कंसलटेंट, डिपार्टमेंट ऑफ रिसर्च, सर गंगा राम अस्पताल, नई दिल्ली के अनुसार, सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम कोरोनावायरस 2 का एक नया वायरस है और यह स्पष्ट नहीं है कि रक्त समूहों का कोविड-19 जोखिम या प्रगति पर कोई प्रभाव पड़ता है या नहीं, इसलिए, हमने इस अध्ययन में एबीओ और आरएच ब्लड ग्रुप के साथ कोविड-19 की संवेदनशीलता, रोग का निदान, ठीक होने में लगने वाले समय और मृत्यु दर की जांच की। यह अध्ययन रियल टाइम पीसीआर के माध्यम से परीक्षण किए गए कुल 2,586 कोविड-19 संक्रमित रोगियों पर किया था, जिन्हें 8 अप्रैल, 2020 से 4 अक्टूबर, 2020 तक सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

डॉ. विवेक रंजन, को-ऑथोर एंड चेयरपर्सन, डिपार्टमेंट ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, सर गंगा राम अस्पताल, नई दिल्ली के अनुसार, हमने यह भी पाया कि बी पॉजटिव पुरुष रोगियों को महिला रोगियों की तुलना में कोविड-19 का खतरा अधिक है। ग्रुप बी और ब्लड ग्रुप एबी को 60 वर्ष आयु वर्ग के रोगियों में संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील पाया गया।

### दक्षिणी निगम से 55 अधिकारी व कर्मचारी सेवानिवृत्त

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम से मंगलवार को कुल 55 निगमकर्मी सेवानिवृत्त हुए। निगम आयुक्त ज्ञानेश भारती ने सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र, टर्मिनल बैनिफिट्स के चेक तथा पौधे भेंट किये एवं उनके दीर्घायु व स्वस्थ रहने की कामना की। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त रणधीर सहाय, अतिरिक्त आयुक्त ए.ए. ताजिर, जोन के उपायुक्त व निगम के अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

निगम आयुक्त ज्ञानेश भारती ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा से अपनी सेवाएं निगम को दी है जिनका योगदान उल्लेखनीय है।

### जल बोर्ड ऑडिट : सीएजी के 22 पत्रों का जवाब नहीं दे रही सरकार : भाजपा

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार साल 2015 से सीएजी द्वारा बार-बार जलबोर्ड के खाते को ऑडिट कराने के लिए 22 पत्रों का कोई जवाब नहीं दे रही है। यह आरोप भाजपा प्रदेश आदेश गुप्ता ने लगाया है।

प्रदेश अध्यक्ष ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अरविंद केजरीवाल आयकर विभाग के अधिकारी रहने के बावजूद जान बूझकर संविधान और कानून का उलंघन कर रहे हैं। जबकि कानून यह कहता है कि हर तीन महीने में किसी भी सरकारी संस्था के लेखा-जोखा का ऑडिट होना चाहिए।

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**

**नियम 8 (6) का परंतुक देखें,**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पून: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थीत में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | सोम्या जैन (कर्जदार), LBNOD00002007549 | सी-3/125, टावर-सी3, 12वीं मंजिल, अरावली हाइट्स, सेक्टर 24, धारूहेड़ा, रेवाड़ी, एरिया-1555 वर्ग फीट | रू. 70,49,187/- (नवम्बर 22, 2021 तक) | रू. 31,00,000/- / रू. 3,10,000/- | दिसम्बर 13, 2021 को दो.12:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | दिसम्बर 23, 2021 सु. 11:00 बजे से |
| 2. | धर्मेंद्र कुमार (कर्जदार)/ सुमिता सिंह (सह कर्जदार) LBNOD00002029333 | सी-4/121, टावर- सी4 12वीं मंजिल, अरावली हाइट्स, सेक्टर 24, धारूहेड़ा, रेवाड़ी, एरिया- 1548 वर्ग फीट | रू. 67,60,500/- (नवम्बर 22, 2021 तक) | रू. 31,00,000/- / रू. 3,10,000/- | दिसम्बर 13, 2021 को दो.12:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | दिसम्बर 23, 2021 सु. 11:30 बजे से |
| 3. | धर्मेंद्र कुमार (कर्जदार)/ सुमिता सिंह (सह कर्जदार) LBNOD00002030018 | डी-5/134, टावर- डी5, 13वीं मंजिल, अरावली हाइट्स, सेक्टर 24, धारूहेड़ा, रेवाड़ी, एरिया- 1207 वर्ग फीट | रू. 60,44,252/- (नवम्बर 22, 2021 तक) | रू. 25,00,000/- / रू. 2,50,000/- | दिसम्बर 13, 2021 को दो.12:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | दिसम्बर 23, 2021 दो. 12:00 बजे से |
| 4. | मांग राम जैन (कर्जदार)/ अनामिका जैन (सह कर्जदार) LBNOD00002011506 | डी-2/134, टावर- डी2, 13वीं मंजिल, अरावली हाइट्स, सेक्टर 24, धारूहेड़ा, रेवाड़ी, एरिया-1207 वर्ग फुट | रू. 53,75,406/- (नवम्बर 22, 2021 तक) | रू. 25,00,000/- / रू. 2,50,000/- | दिसम्बर 13, 2021 को दो.12:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | दिसम्बर 23, 2021 दो. 12:30 बजे से |
| 5. | मांग राम जैन (कर्जदार)/ अनामिका जैन (सह कर्जदार) LBNOD00002029715 | डी-2/131, टावर- डी2, 13वीं मंजिल, अरावली हाइट्स, सेक्टर 24, धारूहेड़ा, रेवाड़ी, एरिया-1207 वर्ग फुट | रू. 52,38,754/- (नवम्बर 22, 2021 तक) | रू. 25,00,000/- / रू. 2,50,000/- | दिसम्बर 13, 2021 को दो.12:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | दिसम्बर 23, 2021 दो. 01:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **दिसम्बर 22, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **दिसम्बर 22, 2021** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **दिसम्बर 22, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8657476284** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

**तिथि : दिसम्बर 01, 2021**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दीपक मलिक, निशा मलिक, के-105, कुमार रेजीडेंसी प्लाजा, सेक्टर-11, एमसीडी कार्यालय के सामने, निकट नगर निगम कार्यालय, गाजियाबाद खाता संख्या :- एलबीडीईएल00001722412 | प्लॉट नंबर 778, सेक्टर-3, वसुंधरा, गाजियाबाद | 14-07-2021 रू. 7,92,067.18/- | 11-01-2021 |
| 2. | विजय गोविंद, निधि गर्ग, ई-1404, प्रोव्यू लैबोनी, क्रॉसिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद, खाता संख्या :- एलबीडीईएल00002937674 | फ्लैट नंबर ई-1404, 14वां तल, ब्लॉक ई, प्रोव्यू लैबोनी, क्रॉसिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद | 14-07-2021 रू. 8,15,452/- | 31-01-2021 |
| 3. | गोपीनाथ नायक, आरती नायक, मकान नंबर 135, ब्लॉक-डी, सेक्टर-बीटा-1, जी.बी. नगर, उत्तर प्रदेश खाता नंबर - एलबीडीईएल00002375917 | मकान नंबर 135, ब्लॉक-डी, सेक्टर-बीटा-1, जी.बी. नगर, उत्तर प्रदेश | 09-07-2021 रू. 7,98,098/- | 31-01-2021 |
| 4. | वैद अवाना, निशा अवाना, डी-70, सेक्टर-20, नोएडा, खाता नंबर - एलबीडीईएल00001413319 | फ्लैट नंबर 84-ए, ब्लॉक-सी, सेक्टर-62, नोएडा | 31-07-2021 रू. 10,39,997.85/- | 31-01-2021 |
| 5. | सुजीत साहा, सुमना, फ्लैट नंबर 704, 7वां तल, पार्श्वनाथ ईडन्स-II, प्लॉट नंबर जीएच-05, सेक्टर-अल्फा-II, ग्रेटर नोएडा, नोएडा खाता संख्या :- एलबीएनओडी00003668651 | फ्लैट नंबर 704, 7वां तल, टावर ए, पार्श्वनाथ ईडन्स, प्लॉट नंबर जीएच-05, सेक्टर-अल्फा-II, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 14-07-2021 रू. 7,40,094/- | 31-01-2021 |
| 6. | सुमीत सूरी, पाली सूरी, ई-49, कपिल विहार, सेक्टर-21 सी, फरीदाबाद। खाता नंबर - एलबीएफडीबी00001184102 | 122, ब्लॉक-1, सनराइज टावर, सीजीएचएसजीएच-7, सेक्टर-45, फरीदाबाद, हरियाणा | 14-07-2021 रू. 9,11,622.73/- | 31-01-2021 |
| 7. | परमजीत सिंह, गुरमीत कौर, 52, म्युनिसिपल मार्किट, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली (निकट मिंटो ब्रिज), दिल्ली खाता संख्या :- एलबीडीईएल00001021421 | फ्लैट नंबर 167, टाइप एमआईजी, मादीपुर, दिल्ली | 03-07-2021 रू. 8,01,016.12/- | 11-01-2021 |
| 8. | बीरेश कुमार सिंह, चंद्रकला सिंह, मकान नंबर 196-ए, जी-2 ब्लॉक, गली नंबर 1, दिल्ली, जल विहार, नजफगढ़। खाता नंबर - एलबीडीईएल00004157002 | फ्लैट नंबर 859, भू तल, न्याय खंड-II, इंदिरापुरम, गाजियाबाद | 14-07-2021 रू. 7,00,063/- | 31-12-2020 |
| 9. | श्वेता सक्सेना, रमेश चंद्र सक्सेना, मनीष कक्कड़, बी-152, दयानंद कालोनी, लाजपत नगर-4, तृतीय तल, दिल्ली खाता नंबर - एलबीडीईएल00001957727 | फ्लैट नंबर पी 5-04 डी, तृतीय तल, एसआरएस पर्ल फ्लोर, पाकेट पी-5, ग्राम बासेलवा, सेक्टर-87 | 31-07-2021 रू. 6,93,487.6/- | 31-12-2020 |
| 10. | बुलंद अख्तर, शहनाज अंजुम, फ्लैट नंबर बी-256, ब्लॉक-बी, एलआईजी फ्लैट्स, सेक्टर-19, नोएडा, खाता नंबर - एलबीडीईएल00001692983 | फ्लैट नंबर बी-256, ब्लॉक-बी, एलआईजी फ्लैट्स, सेक्टर-19, नोएडा, | 04-08-2021 रू. 7,78,491/- | 31-01-2021 |
| 11. | भगत सिंह गुसाईं, शारदा गुसाईं, समीर दास, मृदुल एंटरप्राइजेज, ए-6, सेक्टर-57, नोएडा, खाता संख्या :- एलबीडीईएल00000778492 | मकान नंबर 44 ए, अभय खंड-I, इंदिरापुरम, गाजियाबाद | 03-07-2021 रू. 6,72,786/- | 31-12-2020 |
| 12. | संजीव दास, मंजू दास, मकान नंबर 744, सेक्टर-23 ए, गुरूग्राम, खाता संख्या :- एलबीजीयूआर00000745244 | प्लॉट नंबर 744, सेक्टर-23 ए, अर्बन एस्टेट, गुरूग्राम, | 31-07-2021 रू. 7,01,376/- | 31-01-2021 |
| 13. | प्रदीप कुमार त्यागी, पूनम त्यागी, एसके-III, 558, यूजीएफ, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, खाता नंबर - एलबीडीईएल00002086054 | प्लॉट नंबर 558, भू तल, शक्ति खंड-3, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, | 03-07-2021 रू. 7,93,194/- | 31-01-2021 |
| 14. | प्रीति गुप्ता, शोभित बजाज, फ्लैट नंबर 473, प्रथम तल, सेक्टर-18 बी, एल एवं टी क्वार्टर्स, श्रीनिवास अपार्टमेंट, द्वारका, नई दिल्ली खाता संख्या :- एलबीएनओडी00002184431 | 302, जी-1 ए समृद्धि अपार्टमेंट, सेक्टर-18 बी, द्वारका, निकट सेक्टर 12 मेट्रो स्टेशन, नई दिल्ली | 04-08-2021 रू. 6,66,255/- | 31-01-2021 |
| 15. | मनोज कुमार, सुनीता, ए-1/720, प्लॉट -08, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश खाता संख्या :- एलबीडीईएल00004342316 | फ्लैट नंबर 720, 7वां तल, टावर ए 1, सुपरटेक ईको विलेज 1, प्लॉट नंबर 8, सेक्टर-1, नोएडा | 14-07-2021 रू. 6,70,307/- | 31-01-2021 |
| 16. | मनोज कुमार, सुनीता, ए-1/720, प्लॉट -08, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश खाता संख्या :- एलबीडीईएल00004342324 | फ्लैट नंबर 720, 7वां तल, टावर ए 1, सुपरटेक ईको विलेज 1, प्लॉट नंबर 8, सेक्टर-1, नोएडा | 14-07-2021 रू. 6,53,250/- | 31-01-2021 |
| 17. | महेन्द्र कुमार गुप्ता, मोनिका गुप्ता, 75/1, चित्रा विहार, दिल्ली खाता संख्या :- एलबीडीईएल00004563271 | प्लॉट नंबर 75, प्रथम तल, चित्रा विहार, दिल्ली -110092 | 04-08-2021 रू. 8,18,564/- | 31-01-2021 |
| 18. | राजेश पांडे, सुशीला पांडे, जैको 4/12, नोवा द्वितीय तल, शिप्रा सनसिटी, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, खाता संख्या :- एलबीडीईएल00001466900 | जैको 4/12, नोवा द्वितीय तल, शिप्रा सनसिटी, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, | 14-07-2021 रू. 6,19,865.01/- | 31-01-2021 |
| 19. | अनिल कुमार अत्री, उर्मिला अत्री, शीतला कालोनी, गुरूग्राम, खाता संख्या :- एलबीजीयूआर000002025348 | 0802, टावर टी-2, 8वां तल, स्पायर वुड्स, सेक्टर-103, गुरूग्राम, | 04-08-2021 रू. 5,86,046/- | 31-12-2020 |
| 20. | जितेन्द्र सिंह गुप्ता, संगीता गुप्ता, 787 गान लोक कालोनी, सराय नसरूल्ला, खुर्जा, खाता संख्या :- एलबीएनओडी00004657171 | फ्लैट नंबर 10002, 10वां तल, टावर ए गौड़ सिटी 2, , 14वां एवेन्यू प्लॉट नंबर जीसी 14, जीएच-03, सेक्टर-16सी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा -201307 | 23-07-2021 रू. 5,67,995/- | 31-01-2021 |
| 21. | सुभाष चंद, रेखा, फ्लैट नंबर एफ-801, बीपीटीपी प्रिंसेस पार्क, तिगांव रोड, सेक्टर-86, खेड़ी कलां 113, फरीदाबाद। खाता नंबर - एलबीएफडीबी00005130245 | फ्लैट नंबर एफ-801, सेक्टर-86, बीपीटीपी प्रिंसेस पार्क, फरीदाबाद। | 23-07-2021 रू. 5,19,001/- | 06-02-2021 |
| 22. | मोहित गुप्ता, राज कुमार, एफ-2603, नेता जी नगर, नई दिल्ली खाता नंबर - एलबीडीईएल00003477052 | फ्लैट नंबर 603, छठा तल, एससी 02सी, अजनारा खेल गांव स्पोर्ट्स सिटी-टावर पी सेक्टर-27, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 03-07-2021 रू. 5,36,744/- | 06-02-2021 |
| 23. | दीपक मलिक, निशा मलिक, के-105, कुमार रेजीडेंसी प्लाजा, सेक्टर-11, एमसीडी कार्यालय के सामने, निकट नगर निगम कार्यालय, गाजियाबाद खाता संख्या :- एलबीडीईएल00001722412 | प्लॉट नंबर 778, सेक्टर-3, वसुंधरा, गाजियाबाद | 14-07-2021 रू. 5,14,885/- | 11-01-2021 |
| 24. | सिद्धार्थ बुद्धिराजा, समता बुद्धिराजा, 146, बेविंगटन ड्राइव, फेनहाम, न्यू कैसल अपऑन टाइनि, यूके, यूनाइटेड किंगडम, खाता संख्या :- एलबीडीईएल00002295613 | प्लॉट नंबर पीजीएच000145, ग्रीन क्रेस्ट होम जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स सिटी, जी बी नगर, नोएडा | 31-07-2021 रू. 4,43,333.8/- | 31-01-2021 |
| 25. | ऋषिकांत भारद्वाज, संदीपा भारद्वाज, डी-98, प्रथम तल, सेक्टर-52, नोएडा खाता संख्या :- एलबीएनओडी00002061940 | फ्लैट नंबर 1503, 15वां तल, बुद्ध सर्किट स्टूडियोज-II, टावर 2, जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स सिटी ईस्ट नोएडा | 03-07-2021 रू. 4,85,830/- | 11-01-2021 |
| 26. | कृष्ण कुमार, रेखा, ई-81, सेक्टर-22, नोएडा खाता संख्या :- एलबीएनओडी00001361522 | फ्लैट नंबर एस-2, प्लॉट नंबर सी-1/93, (एसएफ फ्रंट साइड एलएचएस) डीएलएफ दिलशाद एक्स.-2, गाजियाबाद | 03-07-2021 रू. 5,03,187.84/- | 31-01-2021 |
| 27. | मुनीष जामवाल, योगिन्दर सिंह जामवाल, मोनिका जामवाल, एन-281, तृतीय तल, सेक्टर-8, आर के पुरम, दिल्ली खाता संख्या :- एलबीडीईएल00001821674 | फ्लैट नंबर 10, ब्लॉक-2, 5वां तल, जीएच-6, दि न्यू -सीआरपीएफ कोआपरेटिव ग्रुप एचएसओ लिमिटेड, सेक्टर-9, गुरूग्राम | 04-08-2021 रू. 12,77,898.3/- | 31-01-2021 |
| 28. | अरविंद कुमार पांडे, नीतू पांडे, मकान नंबर सी 20/19, सेक्टर-71, पीएस सेक्टर-24, तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, खाता संख्या :- एलबीजीयूआर000003243913 | जनता फ्लैट नंबर 19, द्वितीय तल, ब्लॉक नंबर सी-20, साई अपार्टमेंट, सेक्टर-71, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, | 14-07-2021 रू. 4,62,153/- | 31-01-2021 |
| 29. | शान्तनु घोष, नियोगी जयिता, फ्लैट नंबर ए-503, एग्जोटिका, ईस्ट स्क्वायर अपा. अहिंसा खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद। खाता नंबर - एलबीजीएचजैड00001824526 | फ्लैट नंबर केएम-56-1101, कॉस्मोस जेपी ग्रीन्स, नोएडा | 03-07-2021 रू. 4,64,703.8/- | 31-01-2021 |
| 30. | बीरेश कुमार सिंह, चंद्रकला सिंह, मकान नंबर 196-ए, जी-2 ब्लॉक, गली नंबर 1, दिल्ली, जल विहार, नजफगढ़। खाता नंबर - एलबीडीईएल00004157006 | फ्लैट नंबर 859, भू तल, न्याय खंड-II, इंदिरापुरम, गाजियाबाद | 14-07-2021 रू. 4,30,804/- | 31-12-2020 |
| 31. | अजय छंगानी, आरती अजय छंगानी, पी 3 बी-073, प्रिंसटन एस्टेट, डीएलएफ फेज-5, गुरूग्राम, हरियाणा, खाता :- एलबीजीयूआर00002095571 | 1404, 14वां तल, टावर एन, दि पाम ड्राइव, सेक्टर-66, गुरूग्राम, हरियाणा-122001, पार्किंग स्पेस यू-एन-13 एवं एल-एन-13 सहित। | 25-06-2021 रू. 4,26,931/- | 31-01-2021 |
| 32. | अभिषेक शर्मा, संतोष रावत, फ्लैट नंबर 704, गायत्री अपार्टमेंट, सेक्टर-45, हांसी खाता नंबर - एलबीएफडीबी00001661095 | फ्लैट नंबर 203, द्वितीय तल, पी नंबर जीएच-20, दि भारती सीजीएचएस लिमिटेड, सेक्टर-21 सी, पार्ट-II, फरीदाबाद। | 04-08-2021 रू. 6,12,931/- | 11-03-2021 |
| 33. | मंजीत सिंह, इंदरजीत कौर, बी-5, कृष्णा आवास, आर-5/120, राज नगर, सेक्टर-5, गाजियाबाद, खाता संख्या :- एलबीडीईएल00001173589 | बी-14, जल निगम कालोनी, राज नगर सेक्टर-1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, गाजियाबाद | 03-07-2021 रू. 4,20,268.12/- | 31-01-2021 |
| 34. | दीपक खंडेलवाल, दीप्ति, मकान नंबर ई 8, आंशिक वार्ड नंबर 14, दयाल बाग, ग्राम लाफारपुर, फरीदाबाद। खाता नंबर - एलबीजीयूआर00005336276 | मकान नंबर ई-77, दयाल बाग कालोनी, सूरजकुंड, फरीदाबाद | 03-07-2021 रू. 3,73,211/- | 09-01-2021 |
| 35. | अमरेन्द्र कुमार, चंद्रमुखी, 471, पश्चिमाबाद, जेएनयू, दिल्ली खाता संख्या :- एलबीडीईएल00001104826 | मकान नंबर 752, सरस्वती पुरम, जेएनयू, दिल्ली | 03-07-2021 रू. 4,39,216.61/- | 31-01-2021 |
| 36. | सतेन्द्र सिंह, अर्पणा सिंह, बी-82, मीडोज विस्टा राज नगर एक्सटेंशन, मोरटा, एनएच-58, गाजियाबाद खाता संख्या :- एलबीजीएचजैड00002983769 | फ्लैट नंबर 082, 8वां तल, टावर बी, मीडोज विस्टा विलेज, मोरटा, परगना डासना जलालाबाद, खसरा नंबर 240, गाजियाबाद | 14-07-2021 रू. 4,58,147/- | 31-01-2021 |
| 37. | अरविंद कुमार पांडे, नीतू पांडे, मकान नंबर सी 20/19, सेक्टर-71, पीएस सेक्टर-24, तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, खाता संख्या :- एलबीजीयूआर000003243906 | जनता फ्लैट नंबर 19, द्वितीय तल, ब्लॉक नंबर सी-20, साई अपार्टमेंट, सेक्टर-71, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, | 14-07-2021 रू. 3,95,551/- | 31-01-2021 |
| 38. | सोनिया पंत, योगेश पंत, मकान नंबर 615, भू तल, निकट ईएसआई अस्पताल, सेक्टर-9, गुरूग्राम,/खाता नंबर एलबीजीयूआर00002495142 | फ्लैट नंबर 201, ओमैक्स एन्क्लेव ओमैक्स पैनोरामा सिटी होम्स, भिवाडी | 23-07-2021 रू. 3,65,669/- | 06-02-2021 |
| 39. | पुष्पेन्द्र कुमार, सोमलता, 1268, संजय कालोनी, अर्थला, गाजियाबाद। खाता नंबर - एलबीडीईएल00002979300 | फ्लैट नंबर बी 54-01, भू तल, आसरा टाइप-2, यूपीएवीपी, गाजियाबाद | 14-07-2021 रू. 3,98,552/- | 31-01-2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 01 दिसंबर, 2021
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 1 दिसंबर, 2021



# नोएडा प्राधिकरण ने विकास कार्यों पर खर्च किए 18,239 करोड़

● परियोजनाओं से हुआ और होगा शहर का विकास

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण ने शहर के विकास के लिए बहुत सी परियोजनायें बनाई हैं। इनमें से कुछ परियोजनायें का लोकार्पण, कुछ परियोजनायें प्रगतिरत और कुछ प्रस्तावित परियोजनायें हैं।

इन परियोजनाओं पर नोएडा प्राधिकरण में 18239 करोड़ रुपए खर्च करे हैं। नोएडा प्राधिकरण हर तरह से शहर को विकसित करने के लिए पूर्ण प्रयास कर रहा है। इन सभी परियोजनायें से लोगों को काफी लाभ और सहूलियत मिलेगी। नोएडा प्राधिकरण 13721 रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण कर चुका है प्राधिकरण ने 8467 करोड़ रुपए की मैट्रो परियोजनायें, जिनमें 5503 करोड़ रुपए की नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्वा लाइन मेट्रो, 997 करोड़ रुपए की बॉटेनिकल गार्डन-कालिंदी कुंज मेट्रो, 1987 करोड़ रुपये की लागत से सेंटर-32 से सेक्टर-62 ब्लू लाइन ऐक्सटेंशन मेट्रो परियोजना का निर्माण कराया गया है।

अप्रैल 2017 से अब तक 3062 करोड़ रुपए की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण हो चुका है जिनमें 1074 करोड़ रुपए की लागत से 12653 कारों की क्षमता की मल्टीलेवल कार पार्किंग का निर्माण, 620 करोड़ रुपए की लागत से एक एलिवेटेड रोड और दो स्थानों पर पुलों का निर्माण, 474 करोड़ रुपए की लागत से दो विद्युत सब स्टेशन और विद्युत लाइन का निर्माण, 344 करोड़ रुपए की लागत से 240 बेड जिला चिकित्सालय और कोविड हॉस्पिटल का निर्माण, 161 करोड़ रुपए की लागत से 3 स्थानों पर अण्डरपासों का निर्माण, 189 करोड़ रुपए की लागत से इंडोर स्टेडियम और शूटिंग रेंज का निर्माण और शिल्प हाट का निर्माण, 82 करोड़ रुपए की लागत से शहीद भगत सिंह पार्क, बायोडायवर्सिटी पार्क, औषधी पार्क का निर्माण, 56 करोड़ रुपए की लागत से कमान्ड कन्ट्रोल सेन्टर और ट्रैफिक पार्क पुलिस आयुक्त कार्यालय का निर्माण, 8 करोड़ रुपए की लागत से 2 स्थलों पर लाईट एंड साउण्ड शो आदि महत्वपूर्ण परियोजनायें पूर्ण कराकर लोकार्पित की गई हैं। इसके अतिरिक्त 2192 करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पथ.प्रकाश, विद्युतीकरण, जल और सीवर, उद्यानीकरण और यातायात सम्बन्धी कुल 2107 नग कार्य पूर्ण कराये गए हैं।



## 3393 करोड़ रुपये की प्रगति पर परियोजनाएं

नोएडा प्राधिकरण 3393 करोड़ रुपए की लागत की विभिन्न परियोजनायें प्रगतिरत है। जिनमें सेक्टर-82 सिटी बस टर्मिनल का निर्माण, एक्सप्रेस.वे की रिसर्फेसिंग, कोण्डली अंडरपास का निर्माण, गौवंश आश्रय स्थल, दो नए एसटीपी 50 क्यूसेक गंगाजल परियोजना, दो अण्डरपासों का निर्माण, आईटीएमएस परियोजना, दो एलिवेटेड रोड एवं एक फ्लाईओवर का निर्माण, हैबिटेट सेन्टर, गोल्फकोर्स, प्रवेश द्वार आदि का निर्माण आदि सम्मिलित हैं।

# गुरुग्राम में साक्षरता दर बढ़ाने में करें सहयोग : बोधराज सीकरी

सबका सहयोग नामक संस्था ने सरकारी स्कूलों को सवारने का उठाया बीड़ा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम की सब्जी मंडी स्थित राजकीय बाल विद्यालय-2 के सुधार कार्य का शुभारंभ करने पहुंचे हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी का स्वागत करते शिक्षक और समाजसेवी।

**गुरुग्राम** में कोई भी बच्चा निरक्षर न रहे, इसके लिए सबका सहयोग नामक संस्था ने अब सरकारी स्कूलों की कायाकल्प करने के लिए कदम बढ़ाए हैं। इसी कड़ी में संस्था ने गुरुग्राम की सब्जी मंडी स्थित बाल विद्यालय दो से शुरुआत की है। इस स्कूल से शिक्षा ग्रहण कर चुके बोधराज सीकरी ने इस स्कूल को सुधार कर शिक्षा विभाग को समर्पित किया है।

बोधराज सीकरी ने कहा कि सबका सहयोग नामक संस्था ने इस स्कूल का कायाकल्प कर दिया है। उन्होंने कहा कि अपनी प्राथमिक शिक्षा उन्होंने इसी विद्यालय से प्राप्त की थी। उस समय में छत के नाम पर सिर्फ छप्पर हुआ करता था। जब बरसात आती थी तो स्कूल तालाब का रूप ले लेता था।

ऐसे दौर और हालातों में उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा इस विद्यालय से ली है। अब वे चाहते हैं कि इस तरह के और भी विद्यालयों की सुधार किया जाए, ताकि भारत के भविष्य को स्वर्णिम बनाया जा सके। श्री सीकरी ने भारत की नई शिक्षा नीति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस नीति के तहत सिर्फ शिक्षा ही नहीं दी जाएगी, बल्कि बच्चों में संस्कार भी पैदा किए जाएंगे। रोजगार देने वाली शिक्षा दी जाएगी। कला और संस्कृति को बढ़ावा दिया जाएगा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता है कि उन्होंने बेहतरीन शिक्षा नीति बनाई है।

उन्होंने बताया कि सबका सहयोग संस्था ने स्कूल के पांच कमरों की तुरंत कायाकल्प शुरू कर दी है। विद्यार्थियों के बैठने के लिए ड्यूल डेक्स, पंखों की भी व्यवस्था की है। संस्था के अध्यक्ष आलोक अरोड़ा के मुताबिक इससे पहले संस्था शहर में बर्तन बैंक भी खोल चुकी है। अंध विद्यालय में कोरोना वेक्सिनेशन कैम्प भी आयोजित कर चुकी है।

अब सरकारी स्कूलों के कायाकल्प का बीड़ा उठाया है। इस कार्यक्रम में शहर के जाने-माने शिक्षाविद पीएन मोगिया, केके गांधी, अनिल कुमार व संस्था के सदस्यों समेत काफी संख्या में समाजसेवी लोग उपस्थित रहे।

# साऊथ सिटी-2 आई ब्लॉक में लगी स्वच्छता की पाठशाला



साउथ सिटी-2 में स्वच्छता पाठशाला के दौरान उपस्थित अधिकारी, नागरिक।

**गुरुग्राम।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 के तहत नगर निगम गुरुग्राम द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। नागरिकों को स्वच्छता में भागीदारी करने तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

नगर निगम गुरुग्राम एवं बुलंद आवाज वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में साऊथ सिटी-2 के आई ब्लॉक में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता राकेश यादव मुख्य अतिथि तथा अधिवक्ता ऋतु कपूर ने विशिष्ठ अतिथि के तौर पर शिरकत की। नगर निगम गुरुग्राम के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर एवं बुलंद आवाज वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने लोगों को पॉलीथिन की बजाए कपड़े के थैले का उपयोग करने के प्रति प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने कचरे को अलग-अलग रखने की भी जानकारी दी। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि उनके घरों में पुराने कपड़े जो वे स्वयं उपयोग नहीं कर रहे हैं, लेकिन उपयोग के काबिल हैं, तो क्लॉथ कलेक्शन बॉक्स में डालें। आई ब्लॉक में यह क्लॉथ कलैक्शन बॉक्स लगाया गया है। कार्यमक्रम में लोगों ने कपड़ा थैला बैंक की संचालक सारिका को काफी पुराने कपड़े भेंट किए ताकि वे उन कपड़ों से थैले बना सकें।

# एनवीएसपी ऐप के माध्यम से बनवाएं अपना वोट: जिलाधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा संचालित किए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को जनपद में सफल बनाने के उद्देश्य से जिला अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुहास एलवाई ने आरडब्लूए के प्रतिनिधियों एवं मीडिया बंधुओं के साथ जूम ऐप के माध्यम से ऑनलाइन बैठक की।

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर सभी आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों एवं मीडिया बंधुओं का आह्वान किया कि जनपद की मतदाता सूची मानकों के अनुरूप तैयार किए जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जनपद के सभी मतदातागण अपना अपना नाम मतदाता सूची में आवश्यक रूप से चेक कर ले यदि किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है और उनकी आयु आगामी 1 जनवरी को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, ऐसे सभी मतदाता भारत निर्वाचन आयोग के एनवीएसपी एप के माध्यम से अपना ऑनलाइन आवेदन तत्काल प्रभाव से भर सकते हैं।

# नोएडा प्राधिकरण ने बनाए 27 गांवों में 28 ओपन जिम

● प्रोजेक्ट में 69522 लाख की लागत आई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण ने ग्रामवासियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 27 गांव में 28 ओपन जिम के निर्माण किया हैं। यह ओपन जिम इन 27 गांवों के पास के सेक्टरों और गांवों से लगे हुए पार्कों में बनाए गए हैं।

यह ओपन जिम पब्लिक के लिए शुरू कर दिए गए हैं। प्राधिकरण द्वारा इन 27 ओपन जिम को बनाने में 69522 लाख की लागत आई हैं। इन ओपन जिमों में सभी ग्रामवासी नियमित रूप से जाकर एक्सरसाइज कर सकेंगे।



ओपन जिमों के निर्माण पीछे प्राधिकरण की पहल यह है कि लोग सुबह.सुबह पार्कों में घूमने के बहाने से इन ओपन जिमों में एक्साइज कर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सके। अब से पहले नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टरों के अंदर को कई ओपन जनों का निर्माण किया था। लेकिन इस बार प्राधिकरण ने ग्रामवासियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 27 ग्रामों के पास बने सेक्टरों और ग्रामों के आस.पास के पार्को मे 28 ओपन जिम का निर्माण किया है। सेक्टर-63 डी ब्लाक ग्राम छिजारसी पार्क, सेक्टर-15 ऋषिपाल कीड़ा स्थल पार्क, ग्राम हरौला, सेक्टर-58 सी-56, पार्क, ग्राम विषनपुरा सेक्टर-58 सी-56, पार्क, ग्राम पर्थला खंजरपुर सैक्टर.122, ग्राम गढ़ी चौखण्डी सैक्टर.121, ग्राम बहलोलपुर, सेक्टर-37 स्थित छलेरा ग्राम डॉ अम्बेडकर पार्क, ग्राम गिझोड स्कूल पार्क सेक्टर-53, ग्राम मोरना बारात घर पार्क, ग्राम अगाहपुर पार्क, ग्राम सोरखा पार्क, ग्राम बरोला पार्क, सैक्टर.126 रायपुर ग्राम के नजदीक, सैक्टर-127 के सुल्तानपुर ग्राम में स्थित पार्क, वजीदपुर में ओपन जिम का निर्माण हुआ।

# चंडीगढ़ पुलिस के 118 जवानों ने दंगा और भीड़ नियंत्रण का लिया प्रशिक्षण



● मेरठ स्थित लोक व्यवस्था अकादमी में एक माह में जवानों ने दक्षता हासिल की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/मेरठ

लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) मेरठ द्वारा चंडीगढ़ पुलिस के 118 (77 पुरूष व 41 महिला) जवानों को दंगा व भीड़ नियंत्रण करने में एक माह के प्रशिक्षण कोर्स में दक्षता हासिल की। 1 नवंबर से 30 नवंबर तक चले इस प्रशिक्षण शिविर कोर्स का विधिवत समापन रैपो मेरठ के प्रांगण में मंगलवार को अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, रैपो के द्वारा किया गया।

एक माह के प्रशिक्षण के दौरान चंडीगढ़ पुलिस के जवानों को एंटी राईट/मॉब कंट्रोल के सभी तकनीकी पहलुओं के साथ ही आधुनिक दंगा नियंत्रण हथियारों और विशेष तकनीकों में प्रशिक्षित किया गया। इसके अतिरिक्त कोर्स के दौरान इन जवानों को भीड़ नियंत्रण, भीड़ की मनोवैज्ञानिकता, पुलिस पब्लिक व्यवहार, सांप्रदायिक सद्भाव, फायर फाइटिंग तकनीक, लेस लीथल वेपन/मुनेशन हैण्डलिंग, नए विशेष उपकरणों से परिचय, विशेष वाहनों जैसे वज्र, वरूण , दंगा विरोधी ड्रिल, मानवाधिकार के साथ-साथ दंगा नियंत्रण से संबंधित विभिन्न केस स्टडीज के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में प्रथम स्थान पर बेल्ट नं. 650 सिपाही (महिला) पिंकी, द्वितीय स्थान पर बेल्ट नं. 756 सिपाही (महिला) रमनप्रीत कौर और तृतीय स्थान पर बेल्ट नं. 817 सिपाही (महिला) सुदेश कुमारी रही।

अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा इन सभी कार्मिकों को मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और अन्य सभी कार्मिकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को इस प्रकार के प्रशिक्षणों को उनके लिये अत्यंत उपयोगी बताया। इस समारोह में सदा राम सिंह, उप कमाण्डेंट, हरीश चन्द्र सिंह नेगी, उप कमांडेंट, नीरज कुमार झा, उप कमांडेंट, प्रमोद कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट, अजीत कुमार, सयक कमांडेंट, गोविन्द सिंह नेगी, सहायक कमाडेंट सहित प्रशिक्षक स्टाफ उपस्थित रहे।

## ग्रेनो में खेल कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार

**नोएडा।** प्राधिकरण के स्थापना दिवस पर ग्रेटर नोएडा कार्निवाल के आयोजन को लेकर प्राधिकरण कार्यालय पर अथॉरिटी के अधिकारियो एवं ग्रेटर नोएडा के सामाजिक संगठनों आरडब्लूए के साथ एक बैठक की गई।

इस बैठक में विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल कार्यक्रमों के आयोजन की रुपरेखा तैयार की गई। ग्रेटर नोएडा वेस्ट और ग्रेटर नोएडा के निवासियों की भी भागीदारी होगी।

# पुलिस से मुठभेड़ के बाद 4 डकैत गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिले की पुलिस ने कथित डकैती की योजना बना रहे चार बदमाशों को नोएडा फेस-3 थाना क्षेत्र से सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है।

इस दौरान पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से एक आरोपी घायल हुआ है। अपर पुलिस उपायुक्त इलामारन ने मंगलवार को बताया कि नोएडा फेस-3 थाने की पुलिस को सूचना मिली कि, गढ़ी गांव के गोल चक्कर के पास कुछ बदमाश फैक्ट्रियों में डकैती डालने की योजना बना रहे हैं, जिसके आधार पर वहां छापेमारी की कार्रवाई की गई।

उन्होंने बताया कि पुलिस को देख बदमाशों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसपर पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। इलामारन ने बताया कि एक गोली नीरज नामक बदमाश को लगी जो बुलंदशहर का निवासी है और उसका अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस दौरान उसके अन्य साथी समीर उर्फ महमूद, मनोज और सागर को धर दबोचा। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से वारदातों में प्रयुक्त होने वाली स्विफ्ट कार,तीन चाकू तथा एक देसी तमंचा व कारतूस बरामद की गई है।

अपर पुलिस आयुक्त के मुताबिक आरोपियों ने पूर्व में एनसीआर की फैक्ट्रियों और घरों में लूटपाट व चोरी की कई वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की है।नीरज पर लूटपाट व चोरी के 13 मामले दर्ज हैं।

# भाजपा समर्थक किसान मोर्चा ने निकाली ट्रैक्टर रैली

● कृषि कानूनों को लेकर दिया सकारात्मक संदेश

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

भारतीय किसान यूनियन गाजीपुर बॉर्डर से संसद भवन तक ट्रैक्टर रैली नहीं निकाल पाई लेकिन नए कृषि कानूनों की वापसी के बाद भाजपा किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं ने ट्रैक्टर रैली निकाली।

रैली में महानगर क्षेत्र में आने वाले सभी गांवों के किसानों ने हिस्सा लिया। रैली में किसानों की भीड़ देख भाजपाई गदगद हो उठे । इस मौके पर उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने कहा कि किसान सरकार के साथ हैं। आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी। भाजपा सरकार सबका विकास, सबका विश्वास की तर्ज पर ईमानदार सोच के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि किसान मोर्चे के जरिए यह समझाने की कोशिश की जा रही है कि कैसे विपक्ष इसे मुद्दा बना कर सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों के साथ उन्नत खेती के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस ट्रैक्टर रैली के माध्यम से हम सच्चे और ईमानदार किसानों का सकारात्मक संदेश देना चाहते हैं।



उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। जनता का आशीर्वाद भाजपा सरकार के साथ है। किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष पंकज भारद्वाज ने आये हुए सभी किसानों और पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर रैली में ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर के साथ शामिल हुए। इस मौके पर विधायक अजित पाल त्यागी, पप्पू पहलवान, राजेश त्यागी, गोपाल अग्रवाल, रुद्रप्रताप सिंह त्यागी, वीरेश्वर त्यागी, विजय मोहन, सिमल शर्मा, राजीव शर्मा, राजेश शर्मा, कामेश्वर त्यागी, तरुण शर्मा, करण, राजेश वर्मा, प्राची शर्मा, स्मृति राय, अम्बरीश त्यागी, आशा सिंह, रनिता सिंह, तारा जोशी, धर्मेंद्र कुमार, विपिन सैनी, लीलू प्रधान, गौरव चौधरी, नवनीत गुप्ता, दयानन्द बंसल, सिद्धार्थ गुप्ता, मूलचंद त्यागी, प्रदीप चौधरी, नीरज गोयल, श्री कांत पाल, वीरेंद्र कुमार कंडेरा सहित सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त समाचार



विजय नगर में नाले में गिरी टहनियां।

### पेड़ों की टहनियां काटकर नाले में डाली

**गाजियाबाद** । गाजियाबाद नगर निगम के कर्मचारी अपने काम में किस तरह लापरवाही बरतते हैं । इसका जीता जागता उदाहरण विजय नगर जोन में दिखाई दिया। विजय नगर जोन में नगर निगम कर्मचारियों ने पेड़ों की टहनियां काटकर नाले में डाल दी । जिससे नाला अवरुद्ध हो गया लोगों ने इसकी शिकायत नगर निगम अधिकारियों से की है। विजय नगर के प्रताप विहार सेक्टर 11 के ई ब्लॉक में एक बहुत बड़ी लापरवाही देखने को मिली है, जिसमें निगम द्वारा पेड़ों की छटाई की गई थी। लेकिन पेड़ों की कटाई करने के बाद उनको निगम द्वारा उठाया नहीं गया बल्कि उन पेड़ों की टहनियों को नाले में डाल दिया है जिस वजह से नाला बंद हो चुका है और पानी का जमाव हो चुका है जिस वजह से नाले के बंद होने से वहां पर गंदे पानी की बदबू फैल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हमने निगम के कर्मचारियों और स्थानीय पार्षद से इस बात की शिकायत की लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी नाले में से पेड़ों को काटे गई टहनियों को नहीं निकाला गया है।

### राष्ट्रीय प्रजाति महासंघ के धरने के लिए रवाना



**हापुड़।** प्रजापति समाज के धरना प्रदर्शन में राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के तत्वाधान में हापुड़ से सैकड़ों की संख्या में कमिश्नरी चौराहा मेरठ को रवाना हुए। युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम प्रजापति एडवोकेट ने बताया कि धरना प्रदर्शन में हापुड़ से दस बसों व कारों के माध्यम से हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया जिसमें प्रजापति समाज की छः सूत्रीय मांगों को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना प्रदर्शन में जाते हुए श्रीराम प्रजापति एडवोकेट, दिनेश प्रजापति, रामपाल, तरुण, गौरव, देवेंद्र, मूलचंद, नरेंद्र, मुकेश, प्रवीण, संजय, सुनील, रवि, अजीत, अंकित प्रजापति आदि रहे।

### जज के घर से 50 पानी की टोटियां चोरी

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-105 में रहने वाले हाई कोर्ट के जज के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने पानी की टोटियां और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। वहीं थाना 39 क्षेत्र के दो घरों मे चोरी हो गई। थाना सेक्टर.39 के वरिष्ठ उपनिरीक्षक मोहर सिंह ने बताया कि सेक्टर-105 में जस्टिस विनोद कुमार राय का मकान है। उनके मकान के केयरटेकर तेजबीर सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर पानी की 50 कीमती टोटियां और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेक्टर 41 के जे. ब्लॉक में रहने वाले अश्विनी कुमार दुबे एक सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करते हैं। उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीती रात को अज्ञात चोरों ने उनके घर से उनका लैपटॉप और मोबाइल फोन आदि चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। वरिष्ठ उप निरीक्षक ने बताया कि सेक्टर 100 के सेंचुरी अपार्टमेंट में रहने वाले कुमार अभिमन्यु ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी पत्नी के साथ डॉक्टर के पास गए थे।

### पत्नी से विवाद के चलते की आत्महत्या

**नोएडा।** बीटा-2 थाना क्षेत्र में रहने वाले एक डॉक्टर के नौकर ने पंखे से फंदा लगाकर कर ली। डॉक्टर अपने परिवार के साथ गामा सेक्टर में रहता है। डॉक्टर के घर पर नौकरी करने वाले 26 वर्षीय युवक ने मानसिक तनाव के चलते पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वहींए सेक्टर.52 में रहने वाली एक गर्भवती महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि थाना बीटा-2 क्षेत्र के गामा सेक्टर में रहने वाले डॉक्टर अभिषेक के घर पर नौकरी करने वाले मनोज 26 वर्ष पुत्र बालादिन ने रविवार को डॉक्टर के घर पर ही पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। जांच में पता चला है कि पीड़ित का उसकी पत्नी से कुछ विवाद हुआ था। जुबीना गर्भवती थी, अत्यंत गंभीर हालत में उनके परिजनों ने उन्हें नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करायाए जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले में सूरजपुर थाना क्षेत्र के कैलाशपुर गांव में मंगलवार की सुबह 22 वर्षीय एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि कैलाशपुर गांव के जंगल में उर्वेश नामक युवक की लाश पेड़ से लटकी है। वह, मूल रूप से संभल जिले के रहने वाला था और वर्तमान में दादरी के दौलत राम कॉलोनी में रहता था। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना सूरजपुर पुलिस तथा फॉरेंसिक टीम मामले की जांच कर रही है। प्रवक्ता ने बताया कि मौके पर मौजूद परिजन ने हत्या कर शव पेड़ से टांगने की अशंका जताई है। लेकिन प्रथमदृष्टा आत्महत्या का मामला लगता है।

### मेडिकल डिवाइस पार्क इस माह होगा लांच

**नोएडा।** यमुना सिटी में उत्तर भारत का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क बनेगा। यह मेडिकल डिवाइस पार्क यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-28 में बनेगा। इसके लिए योजना दिसंबर महीने में लांच हो जाएगी। परियोजना की डीपीआर संशोधन के साथ केंद्र सरकार को भेजी जाएगी। यह जानकारी यमुना प्राधिकरण ने दी है। केंद्र सरकार ने उत्तर भारत में मेडिकल डिवाइस पार्क बनाने की योजना निकाली थी। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इसमें आवेदन किया और इसके लिए यमुना प्राधिकरण को मौका दिया। केंद्र सरकार ने कहा कि यमुना प्राधिकरण अपने क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित करे। यमुना प्राधिकरण ने इस योजना में आवेदन किया और केंद्र सरकार ने इसको मंजूर कर लिया।

# कुंडली मिलने से ज्यादा एचआईवी की जांच जरूरी

कविता। फरीदाबाद

**कोरोना** महामारी के कारण एचआईवी के मरीजों की संख्या कम हो गई। वर्ष 2020 में मात्र 183 मरीज सामने आए, लेकिन वर्ष 2021 में एचआईवी पॉजिटिव मरीजों की संख्या का आंकड़ा बढ़ गया। इस वर्ष कुल 51166 जांच में से 339 पॉजिटिव पाए गए हैं। जिसमें पुरुषों की संख्या सर्वाधिक 245, महिलाओं की संख्या 75, गर्भवती महिलाओं की संख्या 16 और ट्रांसजेंडरों की संख्या तीन है।

पिछले 20 सालों में 3305 मरीजों की पहचान हुई है। एचआईवी से पुरुष अधिक ग्रस्त हो रहे हैं। ऐसे में महिलाएं भी बीमारी की चपेट में आ रही हैं। लोगों को चाहिए कि वह विवाह से पहले ही कुंडली मिलान की तरह एचआईवी की भी जांच कराएं। ताकि जिले में एचआईवी ग्रस्त रोगियों की संख्या न बढ़े। इस बार विश्व एचआईवी दिवस पर देशभर में कोई कार्यक्रम न करते हुए इसे काला दिवस के रूप में मनाने का निर्णय कर्मचारियों ने लिया है।

**विश्व एचआईवी दिवस पर विशेष**


डॉ. शीला भगत।

## जागरुकता के बाद भी हर वर्ग हो रहा एचआईवी ग्रस्त : डॉ. शीला

## खुलासा 20 वर्षों के आंकड़ों में एचआईवी ग्रस्त पुरुषों की संख्या अधिक

### जागरुकता है बचाव

**डॉ. शीला** भगत ने बताया कि एचआईवी एक जानलेवा बीमारी है। इस बीमारी को लेकर सरकार द्वारा लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लेकिन इसके बावजूद लोग जरा सी लापरवाही के कारण न केवल खुद बल्कि अन्य लोगों को भी एचआईवी का शिकार बनने को मजबूर कर रहे हैं। जिसमें में बच्चे भी शामिल हैं।

### हर वर्ग चपेट में

**डिप्टी** सिविल सर्जन डॉ. शीला भगत ने बताया कि एचआईवी की चपेट में जिले के बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं, पुरुष, गर्भवती सभी आयुवर्ग के लोग आ रहे हैं। लोगों को एचआईवी से बचाव के उपाय अपनाने चाहिए, लेकिन आज भी बहुत बड़ा तबका जागरूक होने के बाद भी इस बीमारी से ग्रस्त हो रहा है। इसलिए सबसे जरूरी है कि शादी में कुंडली मिलाने के बजाय एचआईवी जांच कराएं और अन्य बीमारियों के साथ एचआईवी की भी जांच करवा लें। ताकि इस बीमारी का समय रहते पता चल सके।

**पिछले 20 वर्षों में आए मरीजों की संख्या**

| वर्ष | पुरुष | महिलाए | गर्भवती | कुल मरीज |
|---|---|---|---|---|
| 2002 | 07 | 03 | 00 | 10 |
| 2003 | 07 | 03 | 00 | 10 |
| 2004 | 12 | 08 | 00 | 20 |
| 2005 | 20 | 09 | 01 | 30 |
| 2006 | 23 | 16 | 00 | 39 |
| 2007 | 35 | 19 | 00 | 54 |
| 2008 | 48 | 23 | 00 | 73 |
| 2009 | 95 | 37 | 09 | 141 |
| 2010 | 142 | 39 | 05 | 186 |
| 2011 | 119 | 54 | 06 | 179 |
| 2012 | 120 | 68 | 07 | 195 |
| 2013 | 144 | 24 | 06 | 174 |
| 2014 | 158 | 62 | 11 | 231 |
| 2015 | 102 | 53 | 06 | 161 |
| 2016 | 182 | 82 | 11 | 275 |
| 2017 | 165 | 81 | 11 | 259 |
| 2018 | 248 | 95 | 27 | 370 |
| 2019 | 235 | 94 | 15 | 344 |
| 2020 | 141 | 65 | 09 | 183 |
| 2021 नवंबर तक | 248 | 75 | 16 | 339 |

# आधा अनाज बांटकर, डिपो होल्डर विभाग को दे रहे हैं पूरा हिसाब

## शिकायत वापस लेने को डिपो होल्डर दे रहे ग्रामीणों को धमकी

कविता। फरीदाबाद

**जहां** एक तरफ सरकार गरीबों को अनाज मुफ्त बांटने का दावा कर रही है। वहीं दूसरी तरफ छायंसा गांव की एक शिकायत सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें पीएम से शिकायत की गई है कि छायसां और आसपास के गांवों में अनाज पूरा नहीं मिल रहा है। जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने डिपो होल्डरों के खिलाफ लिखित में शिकायत पीएम के नाम जिला परिषद की वाइस चेयरपर्सन गुड्डी भाटी के पति कप्तान भाटी को सौंपी है। शिकायत में बताया है कि उनसे मशीन में एंट्री करवा कर आधा अनाज ही दिया जा रहा है। इस लिखित शिकायत को सोशल मीडिया पर वायरल करने पर डिपो होल्डर ग्रामीणों को धमकियां दे रहे हैं।



### अपडेट पूरा, मिला आधा

**छायंसा** निवासी मनोज कुमार और सुरेन्द्र ने बताया कि गांव में पांच डिपो धारक हैं। जिनके पास प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोनों का राशन आता है। जिसमें प्रधानमंत्री का अनाज उन्हें फ्री और मुख्यमंत्री का अनाज पैसों से दिया जाता है, लेकिन इस बार नवंबर माह में उन्हें मुख्यमंत्री वाला अनाज ही बांटा है। लेकिन फ्री यानी पीएम वाला अनाज नहीं दिया। हैरानी तो इस बात की है कि पीओएस मशीन में प्रधानमंत्री वाले अनाज का भी अपडेट डाल दिया गया है। जोकि पूरी तरह से गलत है।

### मिल रही धमकी

**ग्रामीणों** ने बताया कि उन्होंने शिकायत देने के बाद उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। जिसके बाद उन्हें डिपो होल्डर फोन पर या फिर उनके घरों में पहुंच कर शिकायत वापस लेने की धमकी दे रहे हैं। वहीं उन्हें कह रहे हैं कि अनाज पीछे से ही नहीं आया तो वह कैसे दें।

### ये है पूरा मामला

**बल्लभगढ़** स्थित गांव छायसां के निवासी मनोज, सुरेन्द्र, सोहनलाल, मदन, सतवीर, अमरपाल, दुल्लीचंद, राजू, बिजेन्द्र, राजकुमार, साहिल, सुभाष गोपाल, ललीता, शकुंतला, श्रीपाल, चंद्रपाल आदि लोगों ने हस्ताक्षर करके पीएम के नाम की लिखित शिकायत जिला परिषद की वाइस चेयरपर्सन को सौंपी है। शिकायत के मुताबिक ग्रामीणों ने पीएम को बताया कि गांव में सभी डिपो धारकों ने नवंबर माह का राशन आधा दिया है और पूरे राशन का अंगूठा उनसे लगवा लिया है। वहीं उनके गांव के बीपीएल धारकों तो सरकारी चीनी और नमक अगस्त से ही नहीं दिया जा रहा है।

डिपो होल्डरों का यहां तक कहना है कि पीओएस मशीन में पीएम और सीएम के राशन की एंट्री अपने आप ही हो रही है। इसमें वह क्या कर सकते हैं। उनके नाम दी गई यह शिकायत गलत है।

# करतार भडाना के मुंशी से लूटपाट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार


लुटपाट करने के आरोप में गिरफ्तार युवक के साथ क्राइम ब्राच 48 के पुलिस अधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त फरीदाबाद विकाश अरोडा ने शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए वारदातों में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के आदेश एवं पुलिस उपायुक्त एनआईटी नितीश अग्रवाल के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने 27 नवम्बर को क्रेशर जोन के मुंशी के साथ हुई लूट मामले में 2 आरोपियों को पलवल से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान विमल गांव सिलोठी पलवल और हितेश निवासी सिविल लाइन कॉलोनी पलवल के रूप में हुई है।

27 नवम्बर की रात को समय करीब 8.50 पीएम पर भडाना क्रेसर जोन का मुंशी अपनी मोटरसाइकिल पर अनंगपुर पहुंचा तो वह खड़े एक लड़के ने मुंशी के पिठू बैग पर हाथ मार कर बैंग खींच लिया जिससे मोटर साईकिल डगमगा कर गिर गई, मुंशी का पैर मोटरसाइकिल के निचे दब गया था। बैग छीनने वाले आरोपी ने अपने साथी के साथ मुंशी का रुपयों से भरा बैंग छिन लिया था। थोड़ी दूरी पर आगे खड़ी गाड़ी जिसमें दो आरोपी मौजूद थे, बैग छिनने वाले दोनों आरोपियों सहित रुपयों से भरा बैग लेकर फरार गए थे। सीसीटीवी फुटेज व विशेष सूत्रों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 ने 2 आरोपियों को पलवल से गिरफ्तार करने मे सफलता मिली। आरोपियो के कब्जे से 89 हजार रुपए बरामद किए है। डीसीपी मुख्यालय नीतीश अग्रवाल ने प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त आरोपियो को गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी विमल को पलवल की राम नगर कॉलोनी से व आरोपी हितेश को पलवल की सिविल लाइन से गिरफ्तार करने में सफलता हासिंल की है।

# डीडी क्रिकेट क्लब ने छह विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** 19वें रविंद्र फागना मिक्स कॉरपोरेट क्रिकेट लीग मैच में डीडी क्रिकेट क्लब ने एचआरएस ड्रीम इलेवन टीम को 6 विकेट से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेन्द्र फागना ने बताया कि एचआरएस ड्रीम इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 140 रन बनाए।

टीम की ओर से शुभम नाकारा ने 32 रन, अमित ने 27 रन, हितेश ने 20 रन, इन्जामुल हक ने 14 रन बनाए। डीडी क्रिकेट क्लब के नितिन ने तीन विकेट, सुमित अब्भी ने दो विकेट, कार्तिक और अभय ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीडी क्रिकेट क्लब की टीम ने 15.2 ओवर में चार विकेट पर 144 रन बनाकर जीत हासिल की। सुमित अब्भी ने 72 रन, यश कौशिक ने 13 रन, ललित ने 12 रन बनाए। एचआरएस ड्रीम इलेवन के रूपेश ने दो विकेट, धर्मेंदर ने एक विकेट ली।



रविंद्र फागना मिक्स कारपोरेट क्रिकेट लीग मैच में मैन आफ दा मैच में अमित कौशल को नवाजा गया।

मैंन ऑफ दा मैच का पुरस्कार सुमित अब्भी को दिया गया।

**चेयरमैन 11 ने दो विकेट से जीता मैच :** डे नाइट वारियर्स और चेयरमैन इलेवन के बीच दूसरा मैच में डे नाइट वारियर्स ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी करते 14.4 ओवर में 10 विकेट पर 98 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए चेयरमैन इलेवन ने 16.1 ओवर में 8 विकेट पर 99 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैंन ऑफ दा मैच का पुरस्कार अमित कौशल को दिया।

# निगम ने 18 इकाइयों को किया सील

**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद द्वारा बकायाजात की वसूली की मुहिम में तेजी लाते हुए 30 नवंबर को 18 इकाईयों को सील किया। जिन पर करीब 19 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। एनआईटी जोन-1 ने सात चल रही इकाईयों को सील किया। जिन पर करीब 03.47 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। जिनमें से 02 इकाईयों ने प्रोपर्टी टैक्स मौके पर ही जमा करा दिया है, एनआईटी जोन-2 ने 04 चल रही इकाईयों को सील किया। जिन पर करीब 06.66 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। इसी तरह बल्लभगढ़ जोन- 1 ने सात चल रही इकाईयों को सील किया। जिन पर करीब 09 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। निगमायुक्त यशपाल यादव ने कहा कि जिन इकाईयों को सील किया जा चुका है और उनकी ओर से बकाया सम्पत्ति कर की राशि प्राप्त नही हुई है, उन इकाईयों की जल्दी ही निगम द्वारा नीलामी करने की कार्यवाही अमल मे लाई जाएगी।

# एनएसयूआई द्वारा छात्रों का प्रदर्शन रहा कामयाब होंगी ऑनलाइन परीक्षा

## जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने किया लाठी चार्ज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


थाने के बाहर धरना देते जेसी बोस विश्व विद्यालय के छात्र और एनएसआईयू छात्र संघ के सदस्य।

**एनएसयूआई** के उपाध्यक्ष विकास फागना के नेतृत्व में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के छात्रों की होने वाली परीक्षाओ को ऑनलाइन माध्यम से करवाने की मांग को लेकर मंगलवार को सेकड़ो छात्रों ने कॉलेज गेट पर अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए प्रदर्शन की तैयारी में थे लेकिन पहले से विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुलिस को सुचना दे दी थी की। छात्र विश्वविद्यालय के गेट पर प्रदर्शन करने गेट पर आ रहे है मौके पर पहुंच कर पुलिस प्रशाशन ने छात्रों को घेर लिया और उन पर लाठी चार्ज की और विकास फागना को पुलिस ने गिरफ्तार कर चौकी ले जाया गया। थोड़ी देर में ही छात्रों ने चौकी को घेर लिया। इस मामले की सुचना मिलते ही हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव बलजीत कौशिक चौकी में पहुंचे और छात्रों को समझाया। पुलिस ने विकास फागना को शाम को छोड़ा दिया।

गौरतलब है की एनएसयूआई के पूर्व उपाध्यक्ष विकास फागना के नेतृत्व में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए के छात्रों की होने वाली परीक्षाओं को ऑनलाइन माध्यम से कराने की मांग को लेकर सेकड़ों छात्रों ने विवि के गेट पर कई बार प्रदर्शन किया लेकिन विवि और से उन्हें यह कहकर संतुष्ट कर दिया जाता था की उनकी मांग ऊपर पंहुचा दी गई है और उन्हें घर भेज दिया जाता था। लेकिन कई बार प्रदर्शन करने के बावजूद भी कोई हल नहीं रहा था। विकास फागना ने कहा कि एनएसयूआई छात्रों की हर लड़ाई में साथ है। एनएसयूआई छात्रों की हर आवाज को बखूबी उठाई आई है चाहे उन्हें जेल क्यों न जाना पड़े।

# जिले में 27.27 लाख लोगों को लगा टीका

## जिले के पांचों लेबर चौकों पर और तीनों सब्जी मण्डियों में नियमित लगाए जा रहे वैक्शीनेशन कैम्प : डीसी जितेंद्र यादव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपायुक्त** जितेन्द्र यादव ने कहा कि फरीदाबाद के पांचों लेबर चौकों पर और तीनों सब्जी मण्डियों में कोविड-19 के बचाव के लिए नियमित रूप से हर रोज वैक्शीनेशन कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंगलवार तक जिला में 2727679 लोगों को कोविड-19 के वायरस के बचाव के लिए दोनों डोज लगाए गए।

डीसी ने कहा कि नोवल कोरोना वायरस के फैलाव को रोकने के लिए टीकाकरण एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि लोगों को कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए वैक्शीन की डोज निरन्तर लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला फरीदाबाद की जनता को बिना किसी डर के वैक्सीनेशन करवाना चाहिए। जिला चिकित्सा अधिकारी डां विनय गुप्ता ने बताया कि पहली वैक्शीनेशन के बाद दूसरी वैक्शीनेशन 12 से 16 सप्ताह में लगवाने पर ईम्युनिटी पावर ओर भी बेहतर कारगर साबित हो रही है। जिला की जनता स्वैच्छा टीकाकरण करवाएं तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। वे भी वैक्सीन लगने के बाद भी प्रोटोकोल नियमों की पालना जैसे मास्क पहनना, सोशल डिस्टैंसिग व सैनीटाईजेशन नियमित रूप से करते रहे और वैक्शीन अवश्य लगवाए। वैक्शीनेशन के नोडल अधिकारी कम एसएमओ डॉ. मानसिंह ने बताया कि जिला में अब तक 2727679 लोगों को वैक्शीनेशन की डोज लगाई गई हैं। इनमें पहली डोज के 1720438 और दूसरी डोज के 1007241 लोगों को लगाए गए वैक्शीनेशन शामिल है। डॉ. मानसिंह ने बताया कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार फरीदाबाद जिला में 1581411 लोगों को वैक्शीनेशन करने का टारगेट दिया गया था। उन्होंने बताया कि बुधवार को भी जिला में 75 स्थानों पर 18 से 45 और 45 से अधिक आयु के लोगों को भी वैक्शीनेशन किए जाएंगे। इनमें 64 सरकारी स्थानों पर और 11 प्राइवेट स्थानों पर वैक्शीनेशन किए जाएंगे। लेबर चौक बल्लभगढ़, सेक्टर-19 ए, सेक्टर-17, खेड़ी चौक और प्याली चौक पर, सेक्टर-16 ए, बल्लभगढ़ और डबुआ सब्जी मण्डियों में लोगों को वैक्शीनेशन किया जा रहा है।


कोरोना से बचाव का टीका लगवाती सुनीता।

# प्राइवेट कॉलेजों में सीट बढ़ाकर शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा : अत्री


सेक्टर 16ए स्थित जवाहर नेहरू कॉलेज के बाहर पुतला फूंक कर रोष प्रकट करते एनएसयूआई के सदस्य।

**फरीदाबाद।** एनएसयूआई फरीदाबाद के कार्यकर्ताओं और छात्रों ने प्राइवेट कॉलेजों की तरह सरकारी कॉलेजों की पीजी कक्षाओं में सीट न बढ़ाने के विरोध में हरियाणा के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका।

प्रदर्शन करने के बाद सीट बढ़वाने के लिए हरियाणा के महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, डीएचई के निदेशक और एमडीयू के वाईस चांसलर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन नेहरू कॉलेज के प्राचार्य की अनुपस्थिति में वरिष्ठ प्राध्यापक राजपाल, नरेन्द्र चौधरी, राजेन्द्र और विवेकानंद को सौंपा गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व एनएसयूआई हरियाणा के पूर्व प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री ने किया। इस दौरान एनएसयूआई हरियाणा के पूर्व प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री ने कहा कि 29 नवंबर को एमडीयू यूनिवर्सिटी की तरफ से एक पत्र जारी किया गया था जिसमें एमडीयू से मान्यता प्राप्त सभी प्राइवेट कॉलेजों में 10 प्रतिशत सीट बढ़ाई गई हैं लेकिन सरकारी कॉलेजों में सीट नही बढ़ाई हैं। सरकार के इस तुगलकी फरमान के बाद छात्रों में भारी रोष है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोविड-19 के तीन नए मामले आए पॉजिटिव


कोरोना की जांच कराती ज्योति।

**फरीदाबाद।** जिले में मंगलवार को कोरोना वायरस के तीन मामले पॉजिटिव आए हैं। जबकि एक मामला ठीक होने पर घर पर भी भेजा गया है। वहीं मंगलवार को जिला में रिकवरी रेट भी 99.25 प्रतिशत पर पहुंच गया है। कोरोना पॉजिटिव का कोई केस अस्पताल में भर्ती नहीं है। जबकि होम आईसोलेशन पर जिला मे 28 लोगों को रखा गया है तथा एक्टिव केसों की संख्या भी 28 हो गई है। जबकि कई लोग कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं। जिला में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए टेस्टिंग और वैक्शीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। जिला में पिछले 24 घंटे में 2237 लोगों के टेस्ट किए गए। जबकि अब तक जिला फरीदाबाद में 1231910 लोगों का टेस्ट करवाया गया। इनमें से 99948 लोग कोराना पोजिटिव पाए गए। जबकि 1130002 लोग नेगेटिव मिले। अब तक जिला में 1537 लोगों के रिजल्ट आने बाकी है। जिला फरीदाबाद में ऑक्सीजन और वैंटीलेटर पर कोई केस नहीं है। कोरोना के जिला नोडल अधिकारी डा. रामभगत ने बताया कि जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार फरीदाबाद जिला में अब तक 1092638 लोगों को सर्वेलांस पर रखा गया है। जिन्होंने 28 दिनों का सर्वेलांस पूरा कर लिया है उनकी संख्या 1092638 हो गई है। इसके अलावा 275 कोराना पोजिटिव लोगों को सर्वेलांस पर रखा गया है।

### जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन


सेक्टर 81 स्थित मिलेनियम वर्ल्ड विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में शतरंज खेलते खिलाड़ी।

**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में चल रही जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता के अंत में अंडर-11 और अंडर 14 आयुवर्गो के खिलाड़ियों के बीच प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें लड़के और लड़कियों के वर्ग में खिलाड़ियों का चयन किया गया। लड़कों में अंडर-11 आयुवर्ग में निकुंज खन्ना, योहान जैन, आरव गुलिया, आर्श खंदारी का चयन हुआ। वहीं लड़कियों में अंडर-11 आयुवर्ग में वंशिका, बानी कौर, सौम्या, गुरनूर कौर का चयन हुआ। लड़कों में अंडर-14 आयुवर्ग में केशव अरोरा, जसनाम सिंह, तनिष्क सैनी, शिवांश ग्रोवर का चयन हुआ। वहीं लड़कियों में अंडर-14 आयुवर्ग में तविशा बिंदल, सिया भाटिया, जसमीन कौर, सिया कहारिया का चयन हुआ।

### चौकीदार को बंधक लूटपाट के आरोपी गिरफ्तार


लुट-पाट करने के आरोप में गिरफ्तार युवको के साथ सेक्टर 65 क्राइम ब्राच के पुलिस जवान।

**फरीदाबाद।** पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने सेक्टर 59 स्थित कॉपर वायर फैक्ट्री के चौकीदार को बंधक बनाकर 30 लाख रुपए की कॉपर वायर लूट के मामले में क्राइम ब्रांच 65 ने 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, पुलिस रिमांड पर लिए गए मुख्य आरोपी सूचना पर दो और आरोपियो को गिफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी मोहमद अनवर गांव मीरापुर मुजफरनगर उत्तर प्रदेश हाल निवासी खचेडू कॉलोनी सेक्टर 31 फरीदाबाद और नासिर निवासी बाबा नगर ओल्ड फरीदाबाद 28 नवम्बर को गिरफ्तार किया गया है। दोनो आरोपियो को क्राइम ब्रांच 65 ने गुप्त सूत्रों व वैज्ञानिक सहायता से गिरफ्तार किया। आरोपियो से 10 बंडल तार पहले बरामद किए जा चूके है।46 बंडल अभी बरामद किए गए हैं। आरोपियो का आज 2 दिन का पुलिस रिमांड पूरा होने पर आज पेश अदालत कर सभी 8 आरोपियो को जेल भेज दिया गया है।

### डीएवी में टीकाकरण शिविर


डीएवी इंस्टीटूयूट आफ मैनेमेंट मे आयोजित शिविर में टीका लगाते स्वास्थ्य कर्मी।

**फरीदाबाद।** डीएवीआईएम एंटी-कोविड सेल के सहयोग से मंगलवार को टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। शिविर में ईएसआई अस्पताल फरीदाबाद के कर्मचारियों ने समन्वय स्थापित किया। शिविर के दौरान सभी सोशल डिस्टेंसिंग के सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया गया। उचित टोकन प्रणाली का पालन किया गया। प्रतीक्षा, टीकाकरण और अवलोकन के लिए अलग-अलग कमरे आवंटित किए गए। डॉ सतीश आहूजा, प्रिंसिपल डायरेक्टर ने एंटी कोविद सेल की अध्यक्ष रीमा नांगिया और उनकी टीम वंदना जैन, सचिन नरूला और डॉ दीपक के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने डॉ गीतिक खुराना द्वारा किए गए विशेष प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस शिविर को सफल बनाने में डीएवीएम के रोटरक्टर्स के प्रयासों की भी सराहना की।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन पांच से

**फरीदाबाद।** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी जगबीर सिंह ने बताया की खेलों इण्डिया यूथ गेम्स 2021 का आयोजन दिनांक 05 से 14 फरवरी 2021 तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता के 25 खेलों में अण्डर 18 वर्ष (लड़के व लड़कियां) का आयोजन करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य की और से टीम ईवेन्ट में भाग लेने वाली (लड़के व लड़कियां) अंडर 18 वर्ष आयु वर्ग टीमों के खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल निम्न स्थान व तिथियों में लिया जाने हैं। उन्होंने बताया कि कबड्डी, खो-खो, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, फुटबॉल और बास्केटबॉल जैसे खेलों के लिए लड़कियों का ट्रायल 19 दिसंबर और लड़कों के लिए इन सभी खेलों का ट्रायल 20 दिसंबर को होंगे। कबड्डी का ट्रायल सर छोटूराम स्टेडियम रोहतक में, खो-खो का ट्रायल महाबीर स्टेडियम हिसार में, हैंडबॉल का ट्रायल महाबीर स्टेडियम हिसार में, वॉलीबॉल का ट्रायल कर्ण स्टेडियम करनाल में, फुटबॉल का ट्रायल कर्ण स्टेडियम करनाल में, हॉकी का ट्रायल मार्कण्डेषवर हॉकी स्टेडियम शाहाबाद(कुरूक्षेत्र) में, बास्केटबॉल के ट्रायल कैथल स्टेडियम सैक्टर-21 कैथल में होंगे। अत: जो भी खिलाड़ी ट्रायल देने का इच्छुक है वह दस्तावेजों सहित निर्धारित स्थान पर रिपोर्ट करना सुनिश्चित करें।

### ओयो में दुष्कर्म के बाद गर्लफ्रेंड को चाकू मारने वाला गिरफ्तार


युवती को चाकू मार कर घायल करने के आरोप में गिरफ्तार यश लाल घेरे में।

**फरीदाबाद।** आरचिड ओयो होटल में युवती से दुष्कर्म और चाकू मारकर हत्या करने के प्रयास में थाना एनआईटी में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी की धरपकड़ के लिए डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान ने क्राइम ब्रांच डीएलएफ को निर्देश दिए थे। क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी अनिल की टीम ने आरोपी को सेक्टर 21 एरिया से मात्र 24 घंटे में गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ पर राहुल कॉलोनी निवासी आरोपी यश ने बताया कि वह तिकोना पार्क स्थित डकोरा कार सैन्टर पर, कार डेकोरेशन का कार्य करता है। उसकी पीड़ित लड़की के साथ पिछले तीन साल से दोस्ती थी। फरवरी माह में लड़की ने बातचीत करना बंद कर दिया था और वह यूपी चली गई। आरोपी शादी करना चाहता था, लेकिन युवती के यूपी जाने से नाराज था। युवती वापस फरीदाबाद आई तो उसने बीमारी का बहाना बनाकर लड़की को बातचीत करने के लिए ओयो होटल बुलाया। होटल में लड़की से शादी करने की बात की लड़की ने मना कर दिया। जिस पर उसने चाकू का डर दिखाकर दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद फिर उससे शादी के लिए पूछा। लड़की ने फिर मना किया तो गुस्से में आकर लड़की पर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला करके फरार हो गया।

पायनियर
नई दिल्ली , बुधवार, 1 दिसंबर, 2021



# गुलामी से मुक्ति

## आज़ाद हुआ बारबाडोस

**कैरीबियन** में बारबाडोस अब एक गणतंत्र और दुनिया का नवीनतम स्वतंत्र सदस्य है। महत्वपूर्ण है कि उसने ब्रिटिश राजतंत्र से संबंध तोड़े और इस प्रकार वह 17वीं शताब्दी से जारी क्रूर औपनिवेशिक अतीत से मुक्त हुआ है। बारबाडोस शानदार समुद्र तटों व क्रिकेट का देश है जहां से गार्डन ग्रीनएज, डेस्मंड हीन्स, मैल्कम मार्शल व जोयल गार्नर उभरे थे। अब यह गणतंत्र लोकतंत्र की नई विरासत लिखेगा। यह उन थोड़े से देशों के लिए प्रकाश स्तंभ की तरह है जो अब भी अपने पूर्व उपनिवेशवादियों के साथ जुड़े हैं। 1627 में बारबाडोस ब्रिटिश उपनिवेश बना जो अफ्रीका से गुलाम बना कर लाए गए लोगों द्वारा की जाने वाली खेती पर निर्भर था और यहां गुलामी प्रथा की समाप्ति केवल 1807 में हुई। 1966 में इसे स्वतंत्र दर्जा प्राप्त हुआ, पर यह कामनवेल्थ व्यवस्था का हिस्सा बना रहा। यह व्यवस्था राष्ट्रकुल देशों से अलग है, यह एक संप्रभु राज्य था जिसकी राज्य प्रमुख तथा राजतंत्र शासक ब्रिटिश रानी एलिजाबेथ द्वितीय थीं। वर्तमान समय में बारबाडोस को छोड़ कर ऐसे 15 राज्य हैं। इसने अपनी स्वतंत्रता की 55वीं वर्षगांठ पर पूर्व उपनिवेश से संबंध तोड़ा है। उसके अंतिम गवर्नर-जनरल अब देश के पहले राष्ट्रपति हैं। ये दोनों प्रतीकात्मक पद हैं, पर राष्ट्रपति बारबाडोस वासियों की स्वतंत्र इच्छा अभिव्यक्त करते हैं। इसके प्रधानमंत्री ने संकेत दिया कि बारबाडोस किस दिशा में बढ़ रहा है और दुनिया उससे क्या उम्मीद कर सकती है। उनके अनुसार, 'बारबाडोस वासी एक बारबोसी को राज्य प्रमुख देखना चाहते थे। यह स्वयं में विश्वास की अभिव्यक्ति है



और बताती है कि हम क्या प्राप्त करने में सक्षम हैं।' व्यवस्था से अलग होने वाले अन्य देशों में गुयाना, ट्रिनीडाड व टोबैगो तथा डोमिनिका हैं। नए गणतंत्र का उभार ऐसे समय हुआ है जब ब्रिटेन का औपनिवेशिक अतीत उसकी जनता की आलोचना का शिकार है तथा रानी और उनका परिवार भी इसमें शामिल है। प्रिंस हैरी व मर्गेन मार्केल ने देश से अनुरोध किया है कि वह आगे बढ़ने के लिए अपना औपनिवेशिक अतीत स्वीकार करे, भले ही यह चाहे जितना असहज करने वाला ही क्यों न हो।

अब भी ब्रिटेन के अलावा मानचित्र पर बिंदुओं की तरह लगने वाले कई देश अमेरिका, फ्रांस, आस्ट्रेलिया, डेनमार्क, नीदरलैंड, नार्वे व न्यूजीलैंड के आधिपत्य में हैं। गणतंत्र के रूप में इन देशों के स्वतंत्र रूप से उभरने से उपनिवेशवादियों व उपनिवेशों से टकराव की समाप्ति होगा जिसने पूरी बीसवीं शताब्दी में दुनिया में वि-औपनिवेशीकरण की लहर पैदा की थी। अनेक उपनिवेशों ने अतीत की जंजीरें तोड़ कर अपना स्वतंत्र शासन, गरिमा और पहचान स्थापित की थी। औपनिवेशीरण उत्पीड़क तथा समता व संप्रभुता के सिद्धान्तों का विरोधी है जो संयुक्त राष्ट्रसंघ का प्रमुख आधार हैं। तथ्य यह है कि कुछ स्थानों पर अब भी ऐसी आदिमकालीन उत्पीड़क व्यवस्था विद्यमान है, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। इसे बारबाडोस के उदाहरण से देखा जा सकता है। वि-औपनिवेशीकरण का एजेंडा केवल एक सिद्धान्त पर आधारित है कि देश को किसी भी प्रकार के बाहरी प्रशासन से मुक्त होना चाहिए तथा उसकी जनता को किसी भी प्रकार की सरकार चुनने का अधिकार होना चाहिए। इक्कीसवीं शताब्दी उम्मीद करती है कि बाकी देश भी बारबाडोस के माडल पर चल कर आत्मनिर्भरता के मानवीय अधिकार की तरह स्वतंत्रता को गले लगाएंगे।

# कृषि कानून वापसी से छोटे किसानों को नुकसान

### इस कदम से जहां अढ़तिया, बड़े किसान और व्यापारी अपना क्षेत्र बचाने में सफल हुए हैं, वहीं छोटे किसानों का नुकसान हुआ है जो किसानों का विशाल बहुसंख्य हिस्सा हैं।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक एवं स्तम्भकार हैं)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19 नवंबर, 2021 को विवादास्पद तीन कृषि कानून वापस लेने के सरकार के फैसले की घोषणा करते हुए क्षमा मांगी कि वे किसानों के एक हिस्से को इन कानूनों के लाभ समझाने में विफल रहे। क्या ये कानून इतने जटिल हैं कि किसानों की समझ से परे हैं? राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय एनएसओ द्वारा जुलाई, 2018 से जून, 2019 कालखंड के लिए जारी रिपोर्ट 'ग्रामीण भारत में कृषक परिवारों की स्थिति तथा परिवारों की भूमि व मवेशियों की स्थिति का आंकलन'-एसएएस से पता चलता है कि किसानों में अपने उत्पादों की मिलने वाली कीमत को लेकर भारी असंतोष है। उनमें सबसे ज्यादा असंतोष कृषि उत्पाद मंडी समिति या एपीएमसी में बिक्री को लेकर है जो राज्य एपीएमसी एक्ट के अंतर्गत घोषित बाजार है। इसके बाद 'निजी स्थानीय बाजार' में बिक्री होती है। लगभग 83 प्रतिशत किसान इन दोनों जगहों पर अपने उत्पाद बेचते हैं। एपीएमसी में कम दाम पर बिक्री राज्य कानूनों के कारण है जिनके चलते किसान अपना उत्पाद केवल 'निर्धारित' मंडी में बेच सकते हैं। मंडी में अढ़तिये या कमीशन एजेंट उत्पाद की नीलामी तथा उसकी बिक्री करते हैं। उनका तथा लाइसेंसधारी व्यापारियों व खरीदारों का वर्चस्व है। दोनों सुनिश्चित करते हैं कि किसानों को कम कीमत मिले। इसके साथ ही उसे फसल अस्वीकार होने, जानबूझ कर कम तौलने, भुगतान में विलंब, आदि समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बाजार फीस, अढ़तियों का कमीशन तथा ग्रामीण विकास सेस-आरडीसी जैसी चीजें भी किसानों की परेशानी बढ़ाती हैं।

हालांकि, निजी स्थानीय बाजार में बिक्री विधिक रूप से प्रतिबंधित है, पर आमतौर से एपीएमसी तक पहुंच न रखने वाले छोटे किसान मजबूरी में अपना उत्पाद औने-पौने दामों में उन व्यापारियों को बेचने को मजबूर होते हैं जिनका मंडी पर वर्चस्व होता है। लेकिन भ्रष्ट नौकरशाहों व राजनेताओं की सहायता के कारण राज्य कानून के उल्लंघन के बावजूद इन पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। संक्षेप में वर्तमान राज्य एपीएमसी कानूनों के अंतर्गत किसानों को नुकसान होता है। इससे बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता अन्य स्थानों पर बेचने का अवसर मिलना है। अतीत में राज्यों ने इस दिशा में कुछ कदम उठाए थे। 20 राज्यों ने ठेका खेती को अनुमति दी, 23 राज्यों ने किसानों से 'सीधी खरीद' की अनुमति दी, 22 राज्यों व संघशासित क्षेत्रों ने निजी थोक बाजारों को अनुमति दी, जबकि 15 ने फलों और सब्जियों को एपीएमसी कानून से बाहर कर दिया। ये प्रयास टुकड़ों में थे और छोटे किसानों की पहुंच बेहतर नहीं बना सके जो कुल किसानों में 80 प्रतिशत से अधिक हैं। तीन केन्द्रीय कानून यह कमी पूरी करते थे क्योंकि बिना एपीएमसी मंडियों में व्यवधान पैदा किए ये गैर-एपीएमसी मंचों पर बिक्री की अनुमति देते थे। इन कानूनों में ऐसा कुछ नहीं है जिसे किसान समझ न सकें। यदि तीन कानूनों में कुछ अत्यधिक जटिल था तो इसे केन्द्रीय मंत्रियों के साथ लंबी बैठकों में समझा जा सकता था। मंत्रियों ने किसानों की मांग पर अनेक संशोधनों के लिए सहमति भी दी थी। और ज्यादा संशोधनों को मंजूरी देने के साथ ही प्रधानमंत्री ने एक कदम आगे बढ़ कर कानूनों का क्रियान्वयन दो साल के लिए टालने का कदम भी उठाया था। लेकिन यदि अवस्थापना द्वारा समावेश के अनेक संकेत देने के बावजूद यदि किसान नेता 'वापसी' से कम किसी चीज पर तैयार नहीं थे तो इसका कारण पंजाब व हरियाणा के कुछ किसानों की भयानक जिद थी जिनके पास बड़ी-बड़ी जमीनें हैं। इनमें अढ़तिये भी शामिल थे जिनका बिक्री व खरीद पर प्रभुत्व है और वे दूसरे संभावित प्रतियोगियों को इस क्षेत्र से दूर रखना चाहते हैं।

केंद्रीय एजेंसियां देश में उत्पादित गेंहू व चावल का 30 प्रतिशत न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर खरीदती हैं। गेंहू का लगभग 30 प्रतिशत उत्पादन पंजाब व हरियाणा में होता है, जबकि चावल में इन राज्यों का हिस्सा 14 प्रतिशत है। लेकिन अपनी कुल खरीद में एजेंसियां 60 प्रतिशत गेंहू व 35 प्रतिशत चावल केवल इन दोनों राज्यों से खरीदती हैं। इसके साथ ही इसमें से लगभग सारी खरीद बड़े किसानों से होती है। किसानों के इस वर्ग को आशंका थी कि यदि इस क्षेत्र को सबके लिए खोल दिया गया तो वे अपना विशेषाधिकार खो देंगे। अढ़तियों का भी अपने कमीशन की रक्षा करने में निजी स्वार्थ है और उनका छोटे किसानों पर भी व्यापक नियंत्रण है। यदि छोटे किसानों को अपना उत्पाद गैर-एपीएमसी स्थानों पर बेचने की अनुमति मिले तो अढ़तिये उन पर अपना नियंत्रण खो देंगे, जबकि वर्तमान समय में वे सोने का अंडा देने वाली मुर्गी की तरह हैं। अढ़तिये छोटे किसानों से औने-पौने दाम पर उत्पाद खरीद कर उसे ऊंचे दामों पर बेच कर भारी मुनाफा कमाते हैं। वे इन छोटे किसानों को ऊंची दरों पर कर्ज देते हैं तथा उनसे ब्याज के रूप में भारी आमदनी प्राप्त करते हैं। कृषि कानून वापस लेने के इस कदम से जहां अढ़तिया, बड़े किसान और व्यापारी अपना क्षेत्र बचाने में सफल हुए हैं, वहीं छोटे किसानों का नुकसान हुआ है जो किसानों का विशाल बहुसंख्य हिस्सा हैं। इसके साथ ही कृषि ढांचागत संरचना में निजी निवेश की किसी संभावना के उबरने के पहले ही भारी नुकसान हुआ है। यह अर्थव्यवस्था के सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्षेत्र के टिकाऊ विकास के लिए जरूरी है। यह कदम आश्चर्यजनक है, लेकिन ऐसा हुआ है और इसके कुछ कारण निम्न हो सकते हैं।

पहला, जनवरी, 2021 में कानूनों का क्रियान्वयन स्थगित करने का आदेश देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने एक समिति इस संस्तुति के लिए गठित की थी कि वह किसानों के बीच सभी पक्षों से बात कर नतीजा निकाले। बताया जाता है कि मार्च, 2021 को पेश अपनी रिपोर्ट में समिति ने तीन कानूनों का समर्थन किया था। लेकिन अदालत ने यह मुद्दा लंबित रखा। दूसरा, सार्वजनिक विमर्श में किसानों को एक समान समूह के रूप में पेश किया गया और इस तथ्य पर ध्यान नहीं दिया गया कि संपदा, आय, आदि के मामले में बड़े और छोटे किसानों के बीच भारी अंतर है। इससे बड़े किसानों को निर्णायक बनने में सहायता मिली। छोटे किसान असंगठित हैं, इसलिए उनकी आवाज नहीं सुनी जाती है। तीसरा, बड़े किसानों व व्यापारियों की लाबी ने मुद्दों पर भ्रम फैलाने में सफलता पाई। उदाहरण के लिए, वे कहते रहे कि 'गेंहू किसान को प्रति क्विंटल 1975 रुपये की एमएसपी से अपने उत्पाद का केवल आधा दाम मिलता है।' इस प्रकार वे बताते रहे कि केन्द्रीय कानूनों से उनको क्या मिला, लेकिन सच्चाई यह है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्थगनादेश के कारण कानून लागू ही नहीं थे। चौथा, वे छोटे किसानों का ध्यान 'असली कारणों' से हटाने में सफल हुए कि उनकी परेशानी का कारण उत्पीड़क राज्य एपीएमसी कानून हैं। उनको समझा दिया गया कि केन्द्र द्वारा गारंटी एमएसपी कानून उनकी सारी समस्याओं का समाधान होगा।

कुल मिला कर कहा जा सकता है कि तीन कानूनों की वापसी से कृषि-बाजार सुधारों की संभावना लगभग समाप्त हो गई है। हाल ही में इनके पुनर्जीवित होने की कोई संभावना नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह पता लगाने के लिए एक समिति गठित की है कि 'एमएसपी को कैसे ज्यादा प्रभावी बनाया जा सकता है', जबकि यह केवल सतही कदम है। इस बीच किसानों के नेता और मांगें पेश कर रहे हैं तथा सरकार रक्षात्मक दृष्टिकोण अपना रही है। इस प्रकार देश एक खतरनाक क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है। एमएसपी की विधिक गारंटी राष्ट्रीय खजाने को दीवालिया कर सकती है।

इससे भंडारण व परिवहन सुविधाओं पर भारी बोझ पड़ेगा, बरबादी कई गुना बढ़ेगी तथा भारत को खाद्य सब्सिडी के मामले पर डब्लूटीओ में शर्मिन्दा होना पड़ेगा क्योंकि किसानों को आसमान के तारे देने के लिए व्यापार विकृत हो जाएगा। किसानों को बिजली संशोधन कानून से अलग रखने से पहले से ही भारी घाटे का शिकार बिजली वितरण कंपनियों पर और बोझ पड़ेगा तथा राज्यों की वित्तीय व्यवस्था खराब होगी। जलवायु पर कानूनों से किसानों को अलग रखने की मांग से प्रदूषण बढ़ेगा तथा विश्व समुदाय को गलत संकेत जाएगा। देखना होगा कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साहस कर इस गिरावट को रोकने में सफल होंगे?

# कर्ज के साये में भारत की सुपर आर्थिक प्रगति यात्रा

**शिवाजी सरकार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत एक उच्च ऋण और एक आर्थिक रामबाण के लिए बुनियादी ढांचे पर जोर देने के उद्देश्य से दुनिया में शामिल हो गया। दिल्ली से सटे 10,500 करोड़ रुपये के जेवर हवाई अड्डे सहित बुनियादी ढांचे में भारत के 233.08 लाख करोड़ रुपये के भारी निवेश से आधिकारिक तौर पर अर्थव्यवस्था को एक बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। भारत अकेला नहीं है। पूरी दुनिया इसके लिए प्रयास कर रही है। इसका परिणाम विश्व ऋण में अति-विकास 226 ट्रिलियन डॉलर है। अपनी 2021 की वित्तीय निगरानी रिपोर्ट में, आईएमएफ ने कहा कि भारत का कर्ज 2016 में उसके सकल घरेलू उत्पाद के 68.9 प्रतिशत से बढ़कर 2020 में 89.6 प्रतिशत हो गया है। इसके 2021 में 90.6 प्रतिशत और फिर 2022 में घटकर 88.8 प्रतिशत होने का अनुमान है। 2026 में धीरे-धीरे 85.2 प्रतिशत तक पहुंचना। जेवर ने प्रदेश चुनाव को देखते हुए यूपी में विकास की प्रक्रिया तेज कर दी है। यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के इस हिस्से को सबसे अधिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों में से एक बना सकता है जो बड़ी संख्या में प्रवासियों को आमंत्रित करता है जो स्थानीय संसाधनों को बढ़ा सकते हैं।

शेयर बाजार में भारी गिरावट ने एक नई चिंता और बढ़ा दी है। राष्ट्र उम्मीदों पर उड़ान भरने की उम्मीद करता है लेकिन हवाईअड्डा परियोजनाएं, उच्च ऊंचाई वाले हिमालयी विकास, बड़े पैमाने पर वृक्षों की कटाई और कृषि भूमि का अधिग्रहण पारिस्थितिक चिंताओं को बढ़ाता है। लेकिन एक देश जो कोरोनावायरस महामारी से बाहर निकलने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है, वह तेजी से विकास की तलाश में है ताकि नकदी प्रवाह हो। सरकार ने 'नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन (एनआईपी)' का विस्तार 7,400 परियोजनाओं तक कर दिया है। उद्योग और आंतरिक व्यापार विभाग के अनुसार, 217 परियोजनाएं रु। 1.10 लाख करोड़ (15.09 बिलियन डॉलर) 2020 तक पूरे हो चुके थे। एनआईपी के माध्यम से, सरकार ने जुलाई 2021 तक बुनियादी ढांचे के विकास में 1.4 ट्रिलियन डॉलर का निवेश किया। हालांकि, बुनियादी ढांचे में जितना अधिक निवेश किया जाता है, उतनी ही अधिक



लागत देश को वितरित करने की होती है। जब तक उद्योग से लेकर कृषि तक गतिविधियों में समग्र वृद्धि नहीं होती है, तब तक लाभ वहन करना महंगा हो जाता है। आईएमएफ का कहना है कि गरीब देशों के लिए वित्तपोषण पर बाधाएं विशेष रूप से गंभीर हैं। यह देखते हुए कि 2020 में, राजकोषीय नीति ने इसके लायक साबित कर दिया, वित्तीय मामलों के लिए आईएमएफ निदेशक विटोर गैस्पर का कहना है कि 2020 में सार्वजनिक ऋ्रण में वृद्धि ष्टह्रङ्कढ्ढष्ठ-19 और इसके आर्थिक, सामाजिक और वित्तीय परिणामों का जवाब देने की आवश्यकता से पूरी तरह से उचित थी। लेकिन वृद्धि एकतरफा होने की उम्मीद है, उन्होंने कहा। ऐसे में सवाल यह है कि कर्ज को कैसे कम किया जाए। उन्होंने कहा कि ऋ्रण की गतिशीलता नाममात्र सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि से एक मजबूत योगदान द्वारा संचालित होती है, साथ ही प्राथमिक घाटे में बहुत अधिक क्रमिक कमी होती है।

आईएमएफ ने कहा कि राजकोषीय दृष्टिकोण के लिए जोखिम ऊंचा है। यह भारत को अपनी नीतियों की समीक्षा करने के लिए कहता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि 2007-08 के वैश्विक मंदी ने एक अस्थिर वित्तीय व्यवहार का पालन किया। परिणाम उच्च मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति के होंगे जो आगे लागत में वृद्धि करेंगे और एक अस्थिर वैश्विक अर्थव्यवस्था का निर्माण करेंगे जिससे अधिक संघर्ष हो सकते हैं। भारत की मुद्रास्फीति बढ़कर 12.5 प्रतिशत हो गई है। कीमतें बढ़ रही हैं, मजदूरी भी बढ़ रही होगी और मुद्रास्फीति का एक चक्र जारी रह सकता है।

यह देश भर में कारों और कार के उपयोग पर उच्च कराधान और उच्च दंड के शासन में भी देखा जा रहा है। बिहार में राज्य के बाहर पंजीकृत वाहनों और एचएसआरपी प्लेटों पर सबसे अधिक सख्ती है। इन्हें छोटी-छोटी बातों के रूप में नजरअंदाज कर दिया जाता है लेकिन ये छोटी-छोटी बातें लोगों के जीवन को मुश्किल बना रही हैं। यूजर चार्ज में बेवजह बढ़ोतरी की जा रही है। कुछ निजी रेलवे स्टेशनों पर पार्किंग शुल्क छत से गुजर रहा है। प्रत्यक्ष रूप से, किसी को भी %कीमतें बढ़ रही हैं% के रूप में दोषी नहीं ठहराया जा सकता है, लेकिन इसकी समग्र समीक्षा की आवश्यकता है।

आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2021-22 में 9.5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2022-23 में 8.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। हेडलाइन मुद्रास्फीति में उच्च मूल्य दबाव देखा जाता है। आर्थिक गतिविधियों में संकुचन, कम राजस्व, और महामारी से संबंधित समर्थन उपायों का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2020-21 में राजकोषीय घाटे को बढ़ाकर क्रमश: 8.6 और 12.8 प्रतिशत जीडीपी के केंद्र और राज्य सरकारों के लिए किया गया है।

लेकिन आईएमएफ इस बात से चिंतित है कि नीतिगत समर्थन के बावजूद, बैंक ऋ्रण वृद्धि धीमी रही है, जबकि बड़े कॉरपोरेट्स को पूंजी बाजार में आसान परिस्थितियों से लाभ हुआ है। शुद्ध अंतर्वाह और चालू खाते में सुधार ने विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि का समर्थन किया है। तेल की कीमतों में वृद्धि के रूप में चालू खाते की शेष राशि घाटे में रहने का अनुमान है।आईएमएफ की समग्र रिपोर्ट आने वाले वर्षों में आसान स्थिति नहीं होने का संकेत देती है।

देश को चलाना आसान नहीं है। यह सच है कि अंतरराष्ट्रीय संगठन सतर्क हैं जबकि सरकार को लगता है कि उनके प्रयासों में बाधा आ रही है। भारत को उम्मीद है कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास आईएमएफ को झुठला देंगे और इन्फ्रा पुश देश को लक्षित विकास की ओर ले जाएगा।

## आप की बात

### सड़क पर सुरक्षा

**देश** में सड़क सुरक्षा सप्ताह हर वर्ष जनवरी माह में मनाया जाता है। इस वर्ष 2021 में सड़क सुरक्षा सप्ताह एक महीने मनाया गया। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की कोशिश सरकारें करती हैं। जिससे लोग सुरक्षित यात्रा सड़कों पर कर सके। प्रति वर्ष लाखों लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मौत, विकलांग और मानसिक रूप से कमजोर और याददाश्त खो देते है। हमारे देश मे बढ़ती दुर्घटनाओं का कारण लोगों द्वारा यातायात के नियमो का पालन नही किया जाता। दोपहिया वाहनों के चालक हेलमेट, चार पहिया वाहनों के चालक सीट बेल्ट का प्रयोग नही करते। शराब पीकर, कानो में इयर फोन,तेज आवाज में गाने बजाने,गलत साइड में वाहन चलाना और निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार से वाहनों को चलाकर स्वयं खतरा उठाकर दुसरों की जान खतरे में डाल देते हैं। शराब पीकर और कान में मोबाइल लगाकर बात करते हुये वाहन चलाने वाले ज्यादा दुर्घटनाओं को न्यौता देते हैं। फर्राटे भरते वाहन सड़को पर अचानक पालतू जानवर,बच्चे और वन्य जीव जन्तुओं के आ जाने से वाहनों पर नियंत्रण नही कर पाते और भयानक किस्म की दुर्घटनाएं हो जाती हैं।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### क्रीमी लेयर पर बहस

**सर्वोच्च** न्यायालय में मलाईदार परत (क्रीमी लेयर) को लेकर जोरदार बहस चल रही है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि क्रीमी लेयर का पैमाना सबके लिए एक-जैसा क्यों हो? उसने पूछा है कि 8 लाख रुपये की सालाना आमदनी की सीमा सब पर एक-जैसी क्यों थोपी गई है? ऊंची जातियों के गरीब लोगों को जो 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है, उसका आधार क्या है? गरीब पिछड़ों और गरीब अगड़ों को एक ही तुला पर क्यों तोला जा रहा है? इसलिए तोला जा रहा है कि पिछड़ों को तो पहले से ही 50 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है वह भी बिना किसी आर्थिक सीमा के! जबकि अगड़ों में कई ऐसे गरीब है जो बदहाली में अपना जीवन यापन कर रहे हैं। उनके लिए 2 जून कि रोटी कमाना बड़ा कठिन कार्य है। एसेमें उनका कोई प्रतिभावान बच्चा अच्छे मार्क्स लाने के बावजूद आरक्षण के चलते अयोग्य घोषित कर दिया जाए तो वह क्या करें? अत: सुप्रीम कोर्ट को यह 10 प्रतिशत आरक्षण सिर्फ अगड़ी जाति के निम्न आय वर्ग वालों के लिए ही रखना चाहिए !इसमें पहले से50त्न आरक्षण पा रही पिछड़ी जाति को फिर से 10 प्रतिशत आरक्षण में शामिल करने का कोई औचित्य नहीं है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम


### टिकैत से सवाल

**टिकैत** और उनके समर्थक कह रहे हैं कि कृषि कानून वापस लेना काफी नहीं, अभी एमएसपी पर कानून चाहिए , तथा कथित तौर पर धरने के दौरान मरने वाले 700 लोगों का मुआवजा मिलना चाहिए। धरने पर सरकार ने कोई गोली नहीं चलाई, कोई लाठियां नहीं पटकाईं, तो ये 700 लोग कहां मारे गए ? कहीं इनमे वे तो शामिल नहीं हैं जिन्हे धरने वालों ने जिंदा जलाकर, या हाथ-पैर काटकर मौत के घाट उतारा था। एक महिला की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी, दिल्ली के बहुत सारे कारखाने धरनों के कारण बंद हो गए, और उनके श्रमिक सड़क पर आ गए, उनके परिवारों मे बीमारी/ भूख से मौतें हुईं, टिकैत या उनके किसान यूनियन वाले साथी इनके लिए मुआवजे देंगें? कॉंग्रेस के शासन मे किसानों पर कई दफा गोली चली, किसान मरे, पर मुआवजे के लिए धरने नहीं हुए। फिर अब क्यों? यदि टिकैत आत्महत्या से हुई मौतों की बात कर रहे हैं, तो कृषि कानूनों से पूर्व साल मे 17,000 आत्महत्याएं हो रही थीं, यानि 16,300 मौत कम हुईं। इसके लिए सरकार को धन्यवाद नहीं देना चाहिए?

– **अजय मित्तल**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया





**भर्ती** और पेपर लीक में भ्रष्टाचार भाजपा सरकार की पहचान बन गया है।

– **प्रियंका वाड्रा**
कांग्रेस नेता

**ब्रिटेन** और दुनिया भर के यहूदी लोगों को चानुका की बहुत बहुत शुभकामनाएं जो इस सप्ताह मेनोराह जलाएंगे।

– **बोरिस जॉनसन**
ब्रिटेन के प्रधानमंत्री





**हमें** नए कोरोनावायरस संस्करण को भारत में प्रवेश करने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

# दूसरे देशों से आने वाले हर व्यक्ति की जांच हो

## नए वैरिएंट के मद्देनजर जीनोम सीक्वेंसिंग की व्यवस्था किए जाने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** ने कहा कि विश्व के दुनिया के अनेक देशों में कोरोना के नए वैरिएंट से संक्रमितों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। ऐसे में अतिरिक्त सतर्कता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दूसरे देशों से यहां आ रहे हर व्यक्ति की जांच की जाए। उन्होंने बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन तथा एयर पोर्ट पर जांच व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का प्रभावी अनुपालन कराया जाए।

मुख्यमंत्री मंगलवार को लोक भवन में कोविड.19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होने कोरोना वायरस के नए वैरिएंट के मद्देनजर जीनोम सीक्वेंसिंग की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लखनऊ स्थित केजीएमयू तथा एसजीपीजीआई सहित गोरखपुर, झांसी एवं मेरठ में जीनोम सीक्वेंसिंग की व्यवस्था की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निगरानी समितियां पूरी तरह सक्रिय रहें ताकि कोविड संक्रमित व्यक्तियों की समय से पहचान हो जाए और उनका समय पर उपचार हो सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ट्रेस, टेस्ट, ट्रीट और टीकाकरण की नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य में कोविड संक्रमण नियंत्रित स्थिति में है। उन्होंने कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को निरन्तर सुदृढ़ रखने के निर्देश देते हुए कहा कि कोविड प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन कराया जाए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि अलीगढ़, अमेठी, अमरोहा, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बागपत, बलरामपुर, बस्ती, भदोही, बिजनौर, बुलन्दशहर, चंदौली, चित्रकूट, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, झांसी, कासगंज, कौशाम्बी, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रामपुर, शाहजहांपुर, शामली, श्रावस्ती, सोनभद्र तथा वाराणसी में कोविड का एक भी मरीज नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड टीकाकरण को और तेज करने के प्रभावी प्रयास किये जाएं। इसके लिए घर घर जाकर सर्वेक्षण किया जाए। लक्षित आयु वर्ग के जिन लोगों ने अभी तक टीके की खुराक नहीं ली है, उन्हें वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग, निराश्रित तथा वृद्धजनों से सम्पर्क कर उनका टीकाकरण कराएं। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रदेश में अब तक 524 आक्सीजन प्लाण्ट क्रियाशील किये जा चुके हैं।

# पांच करोड़ को टीके की दोनों डोज देने वाला यूपी पहला राज्य

### ● प्रदेश की 33 प्रतिशत से अधिक वयस्क आबादी का हुआ पूर्ण टीकाकरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** में कोरोना के खिलाफपूरी तरह से टीकाकरण करने वालों की संख्या पांच करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है। देश में यूपी पहला ऐसा प्रदेश है जहां पूरी तरह वैक्सीनेशन लेने वालों की संख्या इतनी ज्यादा है। प्रदेश में तीन चौथाई पात्र वयस्कों को कोविड .19 वैक्सीन की कम से कम एक खुराक मिली है जबकि एक तिहाई पात्र लोगों को अभी पूरी तरह से टीका लगाया जा चुका है। आंकड़ों के अनुसार यूपी में 5 करोड़ से अधिक पात्र लोगों को टीके की दोनों खुराक दी जा चुकी हैं।

प्रदेश में वैक्सीन की कम से कम एक खुराक प्राप्त करने वाली 75 प्रतिशत से अधिक वयस्क आबादी है, वहीं राज्य की 33 प्रतिशत से अधिक वयस्क आबादी ने दोनों खुराक प्राप्त की हैं। चौबीस करोड़ की आबादी वाले यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार सधी रणनीति के तहत तेजी से टीकाकरण किया जा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्लस्टर रणनीति के अनुसार टीकाकरण किया जा रहा है। जिसके सफल परिणाम प्रदेश में देखने को मिल रहे हैं। प्रदेश में 11 करोड़ 21 लाख पात्र लोगों को पहली डोज और 5 करोड़ एक लाख पात्र लोगों को दूसरी डोज दी जा चुकी है। अब तक प्रदेश में 16 करोड़ 22 लाख से अधिक लोगों को कोरोना का टीकाकरण किया जा चुका है। सधी रणनीति के कारण आज यूपी में कम समय में कोरोना संक्रमण पर तेजी से लगाम लगाई है। प्रदेश में बीते 24 घंटों में 1,26,055 टेस्ट किए गए जिसमें 12 नए संक्रमण के मामलों की पुष्टि हुई। अब तक यूपी में 8 करोड़ से अधिक टेस्ट किए जा चुके हैं। प्रदेश में कुल एक्टिव कोविड केस की संख्या 100 से कम होकर 88 पहुंच गई है। बीते 24 घंटों में 9 संक्रमितों ने कोरोना को मात दी। इसके साथ ही प्रदेश का रिकवरी रेट अब 98.7 प्रतिशत पहुंच गया है।

# नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट 29 सितंबर 2024 तक तैयार होगाः अरुणवीर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट लिमिटेड नायल की 12वीं बोर्ड बैठक लोकभवन में हुई। बोर्ड बैठक में नोएडा इंटरनैशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट जेवर की स्टेट्स रिपोर्ट के साथ अब तक एयरपोर्ट में हुई प्रगति प्रस्तुत किया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा एयरपोर्ट डॉ अरुण वीर सिंह ने बोर्ड के समक्ष एजेंडा प्रस्तुत किया।

इस प्रस्तुतीकरण में मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा बताया गया की विकासकर्ता जुरिक एयरपोर्ट की एसपीवी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने परियोजना के लिए डेवलपमेंट प्लान प्रस्तुत किया है जिसका परीक्षण किया जा रहा है। कम्पनी द्वारा बाउंड्री वाल और समतलीकरण का कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नोएडा एयरपोर्ट के निर्माण के लिए साइट क्लीयरेन्स तथा गृह मंत्रालय एवं रक्षा मंत्रालय द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र पूर्व में ही निर्गत की जा चुकी है। पर्यावरण क्लीयरेन्स भी पूर्व में ही दिया जा चुका है। यह भी अवगत कराया गया कि वन क्लीयरेन्सए सुरक्षा क्लीयरेन्स एवं वित्तीय सहमति तथा डीजीसीए द्वारा भी एयरपोर्ट निर्माण के लिए सहमति प्रदान की जा चुकी है। इस एयरपोर्ट के निर्माण की अवधि तीन वर्ष (1 हजार 95 दिन) नियत की गयी है जो कि 29 सितंबर 2024 है। बैठक में एसीएस नागरिक उडड्यन एसपी गोयल, एसीएस औद्योगिक विकास अरविन्द कुमारए, सीईओ ग्रेटर नोएडा, सीईओ नोएडा ने वीडियो कॉन्फ्रेंन्स से प्रतिभाग किया।

निदेशक नागरिक उड्डयन, सचिव वित्त, संयुक्त सचिव औद्योगिक विकास और नॉएडा इंटरनेशनल एअरपोर्ट लिमिटेड के नोडल ऑफिसर शैलेंद्र भाटिया बैठक में उपस्थित रहे।

# ओमीक्रान से निपटने के लिए विशेषज्ञों ने तैयार किया ड्राफ्ट

### ● कोरोना प्रोटोकाल के पालन व टीकाकरण पर योगी सरकार का जोर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण की पहली और दूसरी लहर पर नियंत्रण पाने वाली योगी सरकार ओमीक्रान वेरिएंट को लेकर सभी जरूरी सुरक्षा उपायों पर काम शुरू कर दिया है। सीएम योगी के निर्देशों के बाद कोरोना की दूसरी लहर में गठित की गई डॉक्टरों की विशेष टीम कोरोना के इस नए वैरिएंट पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की इस कमेटी ने ओमीक्रॉन को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। जिसे यह टीम जल्द अधिकारियों को सौंपेगी। एसजीपीजीआई की विशेष टीम ने ड्राफ्ट में कोरोना के इस नए वैरिएंट को लेकर यूपी में बरती जाने वाली सावधानियां, इसके खतरे, टीकाकरण के बाद इसके प्रभावों के बारे में चर्चा की है। संजय गांधी पोस्ट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेज के निदेशक डॉ आरके धीमान ने बताया कि नए वैरिएंट के विरूद्ध यूपी के लिए सबसे कारगर हथियार टीकाकरण साबित होगा। पिछले डेढ़ सालों में बढ़ाई गई चिकित्सीय सुविधाओं के चलते अब प्रदेश इस नए संक्रमण का सामना करने के लिए बिल्कुल तैयार है। पर्याप्त चिकित्सीय संसाधनों के कारण इस नए वैरिएंट से लड़ने में यूपी सक्षम है। उन्होंने बताया कि दूसरे देशों में ओमीक्रान के बढ़ते मामलों को देखते हुए संस्थान की ओर से इस नए वैरिएंट को लेकर अलग अलग पहलुओं पर चर्चा की गई है। इस विशेष बैठक में यह बात सामने निकलकर आई है कि ये कोरोना का नया वैरिएंट तेजी से फैलता है और इसकी संक्रमण दर भी अधिक है। डॉ धीमान ने बताया कि डॉक्टरों के आंकलन अनुसार इस नए वैरिएंट की संक्रमण दर भले ही ज्यादा हो पर यह डेल्टा की तुलना में ज्यादा खतरनाक नहीं है। उन्होंने कहा विशेषज्ञों के आंकलन के अनुसार डेल्टा की तुलना में इस नए वैरिएंट से मृत्यु दर की बढ़ने की आशंका कम है।

### राज्यपाल की अध्यक्षता में इलाहाबाद संग्रहालय समिति की बैठक में विभिन्न प्रस्तावों पर हुई चर्चा

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल एवं अध्यक्ष इलाहाबाद संग्रहालय समिति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को राजभवन में इलाहाबाद संग्रहालय समिति एवं कार्यकारिणी समिति की बैठक ऑनलाइन सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल के समक्ष संग्रहालय के निदेशक पद की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव, संग्रहपाल पद पर प्रोन्नति हेतु विभागीय चयन समिति के गठन हेतु प्रस्ताव, आजाद गैलरी की डिजाइन, सीधी भर्ती से रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया आदि पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। बैठक में राज्यपाल ने संग्रहालय में सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु समस्त प्रक्रियाएं पूर्णतः पारदर्शी एवं ऑनलाइन कराने के निर्देश दिए तथा इलाहाबाद संग्रहालय समिति एवं कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रस्तुत किये गये वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन किया। इस अवसर पर समिति द्वारा राज्यपाल के समक्ष आजाद गैलरी की संशोधित डिजाइन के वीडियों का प्रदर्शन भी किया गया।

# केन्द्र व प्रदेश सरकार महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा दे रही हैं

### ● श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष की अध्यक्षता में परिषद की 82वीं बोर्ड की बैठक संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुनील भराला ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकार महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा दे रही है। इसी के दृष्टिगत श्रमिक परिवार की महिलाओं का जीवन स्तर ऊपर उठाने एवं उनके कल्याण के लिए स्व सुषमा स्वराज के नाम पर श्रम कल्याण परिषद की 9वीं योजना संचालित करने का श्रम कल्याण बोर्ड ने निर्णय लिया है जिसमें श्रमिक परिवार की अत्यन्त गरीब एवं असहाय महिलाओं को सिलाई मशीन देकर उन्हें अपने परिवार की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष भराला मंगलवार को विधान भवन स्थित तिलक हाल में श्रम कल्याण परिषद की 82वीं बोर्ड की बैठक कर रहे थे। इसमें उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों के उत्थान के लिए अनेकों लाभकारी योजनाएं चला रही है, जिसका लाभ पात्रों को समय से मिले इसकी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की बनती है। उन्होंने सचिव बोर्ड को निर्देशित किया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में परिषद की योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करने के लिए प्रदेशभर में निर्धारित लक्ष्य 25 हजार के सापेक्ष जिन जनपदों की प्रगति 5 प्रतिशत से कम है वहां के विभागीय अधिकारियों से इस सम्बंध में स्पष्टीकरण लिया जाय। साथ ही औद्योगिक, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कार्य करने वाले श्रमिकों के लिए जिला एवं मण्डल स्तर पर खेल विभाग के सहयोग से खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन की भी व्यवस्था करायी जाय।

# जीका वायरस मुक्त हुआ लखनऊ डेंगू के पांच नए रोगी मिले

### ● मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर तीन घरों को दी गई नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखनऊ** अब जीका वायरस से मुक्त हो गया है। मंगलवार को सफदलबाग में मिले जीका वायरस रोगी की पुनः जॉच कराये जाने पर रिपोर्ट निगेटिव आने पर स्वास्थ्य विभाग ने राहत की सांस ली है। इस प्रकार जनपद के जीका वायरस के सभी रोगियों की रिपोर्ट नेगेटिव हो गई है, वर्तमान में कोई भी जीका वायरस का रोगी जनपद में नहीं है।

सीएमओ कार्यालय की तरफ से अभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगरीय व ग्रामीण के प्रभारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि अपने अपने क्षेत्र में जीका वायरस की रोकथाम हेतु सघन निगरानी एवं पर्यवेक्षण का कार्य करते रहें। आज जीका वायरस रोगियों के क्षेत्रान्तर्गत अर्बन सीएचसी रेडक्रास की टीम द्वारा कटरा मकबूलगंज क्षेत्र में कुल 15 टीमों द्वारा 354 घरों में 2186 व्यक्तियों का सर्वेक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में सोर्स रिडक्शन के अन्तर्गत नगर मलेरिया इकाई की टीम द्वारा एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा नगर निगम की टीम द्वारा फागिंग का कार्य कराया गया।

वहीं जनपद में डेंगू रोग के प्रभावी नियन्त्रण हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी लखनऊ के निर्देशानुसार नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा बाबू बनारसी दास, बाबू जगजीवन राम, राजा बाजार, विधावती, त्रिवेणीनगर, अलीगंज, आचार्य नरेन्द्र देव, बालागंज वार्ड के आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। आज इन्दिरानगर, अलीगंज, टूडियागंज क्षेत्र में 5 डेंगू धनात्मक रोगी पाये गये है। जबकि कुल 4809 घरों तथा विभिन्न मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया है और कुल 3 घर में मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया।

### सपा जिला व महानगर अध्यक्षों की बैठक 9 दिसंबर को

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के समस्त जिलाध्महानगर अध्यक्षों तथा प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों के विधानसभा अध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक 9 दिसम्बर दिन गुरुवार को प्रातः 10 बजे समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यालय 19 विक्रमादित्य मार्ग लखनऊ पर आहूत की गई है। बैठक को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सम्बोधित करेंगे। यह जानकारी समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने दी।

### फाइलेरिया की दवा खिलाने में लापरवाही पर कटेगा एक दिन का मानदेय

**लखनऊ।** स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को फाइलेरिया की दवा अपने सामने न खिलाने पर अब मानदेय कटने जैसी सजा का सामना करना पड़ सकता है। वहीं जनमानस से खास अपील की जा रही है कि लोग फाइलेरिया अभियान में सहयोग की भवना से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की बात मानें और दवा खाने में लापरवाही न करें बल्कि उनके सामने ही खा लें। प्रदेश के 19 जिलों में 22 नवंबर से शुरू हुआ फाइलेरिया का मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन राउंड 7 दिसंबर तक चलेगा। इसी क्रम में मलेरिया एवं वेक्टर बोर्न डिजीज के अपर निदेशक डॉक्टर वीपी सिंह ने जनपदों को दिए निर्देश में कहा है कि जिन क्षेत्रों फाइलेरिया की दवा अपने सामने खिलाने में लापरवाही बरतने की सूचना प्राप्त होगी संबंधित सुपरवाइजर का एक दिन का मानदेय काटने की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही हर दिन शाम को ब्लॉक स्तर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं जिला स्तर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी समीक्षा बैठक करेंगे। कार्यक्रम की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए यह सायंकालीन बैठकें प्रत्येक दिन में किए गए कार्य की समीक्षा के लिए नितांत आवश्यक है। डॉक्टर सिंह ने बताया कि इस बार लगभग 5 करोड़ लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धरित किया गया है। प्रदेश में जिन 19 जनपदों में मास एडमिनिस्ट्रेशन राउंड चलाया जा रहा है उनमें लखनऊ, बरेली, पीलीभीत, शाहजहाँपुर, अयोध्या, बाराबंकी, अमेठी, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, सोनभद्र, जौनपुर, भदोही, जालोन, हमीरपुर, चित्रकूट, बांदा और महोबा शामिल हैं।

# भाजपा की कार्यप्रणाली से प्रदेश की जनता असंतुष्ट



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने जनता को बुरी तरह निराश किया है। उसकी नीतियों और कार्यप्रणाली से उत्तर प्रदेश की जनता असंतुष्ट है। किसान, नौजवान, गरीब महंगाई की मार से टूट गए हैं। इसलिए जनता अब भाजपा से मुक्ति चाहती है। उसको भरोसा है कि समाजवादी सरकार बनने पर ही भला होगा।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने यह बात मंगलवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय लखनऊ में डॉ राममनोहर लोहिया सभागार में एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जनता यह भी जानती है कि भाजपा ने देश की अर्थव्यवस्था को तहस नहस करने के साथ नोटबंदी और जीएसटी से व्यापार और काम धंधा भी चौपट कर दिया हैं। विकास अवरुद्ध है। समाजवादी सरकार के कामों को ही वह अपना बताकर अपनी अकर्मण्यता पर पर्दा डाल रही है। जब उसकी सत्ता से रवानगी के चंद दिन रह गए हैं लोगों को बहकाने के लिए भाजपा सरकार लोकार्पण और शिलान्यास का नाटक करने लगी है। श्री यादव ने कहा कि सच तो यह है कि भाजपा ने अब तक एक ही काम किया है वह है समाजवादी पार्टी के विरूद्ध साजिशें रचना। भाजपा का काम झूठे आरोपों का प्रचार प्रसार करना भी है। राजनीति को अभद्र भाषा और असंगत कार्य व्यवहार से भाजपा ने बुरी तरह प्रदूषित किया है।

# सरकार बनी तो मुस्लिम-जाट-ओबीसी की तरक्की होगी सुनिश्चितः मायावती



### ● बसपा प्रमुख ने कहा कि जातिवादी मानसिकता के कारण केंद्र सरकार जातिवार जनगणना की मांग की अनदेखी कर रही

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** विधानसभा चुनाव से पहले ही राजनीति में जाति व धर्म की एंट्री शुरू हो गई है। मंगलवार को इन दोनों कार्डों को खेलते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने आरोप लगाया कि जातिवादी मानसिकता के कारण केंद्र सरकार जातिवार जनगणना की मांग की अनदेखी कर रही है। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में मुसलमानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही और उनमें डर पैदा कर रही है। मायावती ने कहा कि अगर बसपा सत्ता में आती है तो उनकी सरकार मुसलमानों के अलावा, जाट और ओबीसी समुदायों की प्रगति, कल्याण और सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगी।

पार्टी के लखनऊ कार्यालय में ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग), मुस्लिम और जाट समाज के मुख्य और मंडल सेक्टर स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक बुलाई गई थी। बैठक में उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों में अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित 86 विधानसभा सीटों में मुस्लिमों और जाट समुदाय को जोड़ने के लिए पार्टी पदाधिकारियों द्वारा चलाये जा रहे अभियान की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के बाद मायावती ने जातिवार जनगणना का समर्थन करते हुए कहा कि ओबीसी समाज की जातिवार जनगणना कराने की मांग से बसपा पूरी तौर से सहमत है।

# कोविड से मरने वालों का सही आंकड़ा दे सरकारः आराधना



### ● अपने प्रियजनों को खो चुके परिवारों को चार लाख रुपए का हर्जाना दिया जाए

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि कोरोना से मरने वालों का सही आंकड़ा न बताने एवं आपदा कानून के अधिकार के तहत मुआवजा न दिये जाने के कारण कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में कोविड न्याय अभियान चला रही है, जिसके अर्न्तगत वीडियो श्रृंखला के माध्यम से देशव्यापी आन्दोलन चलाते हुए लगातार इस मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगा जा रहा हैं। उन्होंने मांग की है कि सरकार कोविड प्रभावित लोगों और मरने वालों का सही आंकड़ा दे। जिस भी व्यक्ति की कोविड से मौत हुई है, उसके परिवार को न्यूनतम 4 लाख रुपये दिया जाये। ताकि परिवार फिर अपने पैरों पर खड़ा हो सके। कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने कोरोना काल की त्रासदी, दुर्व्यवस्था एवं मुआवजे पर केन्द्र सरकार से प्रश्न किये। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी से देश के करोड़ों लोग प्रभावित हुए और लाखों को जान गंवानी पड़ी। यह मोदी सरकार की लापरवाही का नतीजा है जो उसने कोरोना काल में दिखायी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक देश में लगभग साढ़े तीन करोड़ लोग कोविड से प्रभावित हुए हैं और 4 लाख 69 हज़ार लोग अभी तक जान गंवा चुके हैं। आराधना ने कहा कि यही नहीं सरकार के हिसाब से उत्तर प्रदेश में अब तक 17 लाख से ज्यादा लोग कोविड से प्रभावित हो चुके हैं और लगभग 23 हजार लोग अब तक जान गंवा चुके हैं। उन्होंने सरकार द्वारा दिये गये आकड़ों पर सवाल उठाया तथा उसकी विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि यह सरकारी आंकड़े हैं।

# एकेटीयू शुरू करेगा नॉन टीचिंग क्रेडिट कोर्स

### ● एनर्जी आडिट में एकेटीयू को मिला सुपर बिल्डिंग की श्रेणी का दर्जा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ** एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय नॉन टीचिंग क्रेडिट कोर्स शुरू करेगा। इस बाबत मंगलवार को विवि में सम्पन्न हुई 65 वीं एकेडमिक काउंसिल की बैठक में निर्णय लिया गया है। विवि के कुलपति प्रो विनीत कंसल की अध्यक्षता में आयोजित एकेडमिक काउंसिल की बैठक में विवि के सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में नॉन टीचिंग क्रेडिट कोर्स शुरू किये जाने को हरी झंडी प्रदान की गयी। यह कोर्स संस्थान में संचालित एमटेक पाठ्यक्रमों में क्रेडिट कोर्स के रूप में संचालित किया जाएगा। इस कोर्स का नाम इंडिपेंडेंट स्टडी एंड रिसर्च है।

कोर्स के अंतर्गत विद्यार्थी को प्रत्येक सेमेस्टर में एक रिसर्च प्रॉब्लम दी जाएगी, जिसका उसे समाधान देना होगा। बैठक में विवि में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आवाहन में बीटेक में माइनर डिग्री प्रदान करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग, ब्लाक चैन, साइबर सिक्योरिटी, डाटा साइंस एवं इन्टरनेट ऑफ़ थिंग्स में इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी में स्पेशलाइजेशन में माइनर डिग्री प्रदान किया जाना प्रस्तावित किया गया है। वही सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में एमटेक नैनो टेक्नोलॉजी में प्रदान किये जाने वाले स्वर्ण पदक का नाम संस्थान के दिवंगत संकाय सदस्य डॉ पीयूष जायसवाल के नाम पर किये जाने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही विवि में संचालित एमबीए पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग से जोड़ने के लिए ओपन सोर्स समर इंटर्नशिप करवाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में विवि के 19 वें दीक्षांत समारोह में मौखिक परीक्षा उत्तीर्ण 70 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही 11 दिसंबर 2021 तक मौखिक परीक्षा उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को उपाधि देने का भी 19 वें दीक्षांत समारोह में डिग्री प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की गयी। वहीं 19वें दीक्षांत समारोह में डॉ सौरभ गुप्ता की डीएससी की उपाधि प्रदान करने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। डॉ सौरभ गुप्ता शासकीय सेवा में हैं। डॉ गुप्ता द्वारा डीएससी शोध प्रबंध का कार्य प्रो विनय पाठक, कुलपति, सीएसजेएम विवि, कानपुर एवं प्रो मनीष गौड़ आचार्य आईईटी लखनऊ के निर्देशन में पूर्ण किया गया है।

इसके साथ ही परिषद द्वारा विवि की आईक्यूएसी के निदेशक के तौर पर प्रो मनीष गौड़ को नामित किया गया। बैठक में बताया गया कि एकेटीयू परिसर के एनर्जी ऑडिट में कुल खपत की 83 प्रतिशत की क्षमता के सौर ऊर्जा प्लांट की स्थापना के दृष्टिगत सुपर बिल्डिंग की श्रेणी प्राप्त हुई है। बैठक में आईआईटी रुड़की के आचार्य प्रो हिमांशु जोशी, विवि के कुलसचिव नन्द लाल सिंह, वित्त अधिकारी जीपी सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो अनुराग त्रिपाठी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक विनोद कुमार पाण्डेय सहित कई अधिकारी सेवानिवृत्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सूचना** निदेशालय में मंगलवार को सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक विनोद कुमार पाण्डेय, उप निदेशक अंजुम नकवी सहित अन्य सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों का भव्य व शानदार विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर सूचना निदेशक अंशुमान राम त्रिपाठी ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को माल्यार्पण कर व अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी के कार्यकाल व कार्यों की जहां तारीफ की, वहीं उनके उज्जवल व सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उनके देयों का नियमानुसार समय से भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को जब भी कोई समस्या हो तो वह विभाग के संज्ञान में लाएं, उनकी समस्या का त्वरित गति से निदान कराया जायेगा।

संयुक्त निदेशक विनोद कुमार पाण्डेय ने सूचना विभाग के अपने सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया तथा दायित्वों के निर्वहन में विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा दिये गये सहयोग के लिए कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने अपने अभिभाषण में अधिकारियों व कर्मचारियों में उत्साह से कार्य करने के लिए नई ऊर्जा का संचार किया।

इस अवसर पर मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन शिव करन तिवारी ने किया। संयुक्त निदेशक विनोद कुमार पाण्डेय, उप निदेशक सै. एमएअब्बास नकवी, फिल्म अधिकारी सतीश चन्द्र पंतए सूचना अधिकारी अवध किशोर तिवारीए मोटर साइकिल रनर दर्शन सिंह व कारपेंटर आनंद कुमार यादव सहित वर्ष 2020 व 2021 में सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप निदेशक हरिशंकर त्रिपाठी, उप निदेशक दिनेश सहगल, उप निदेशक ओपी राय सहित अन्य अधिकारी व भारी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुंबई पुलिस आयुक्त को परमबीर-वाजे की बैठक की जांच करने का निर्देश

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र सरकार** ने मंगलवार को मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह और बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे की बैठक के संबंध में जांच का आदेश दिया है। दोनों की बैठक तब हुई थी जब सिंह सोमवार को यहां एक जांच आयोग के सामने पेश हुए थे। सिंह और वाजे मुंबई में जबरन वसूली के एक मामले में सह-आरोपी हैं। महाराष्ट्र के गृह मंत्री दिलीप वलसे पाटिल ने कहा, वाजे न्यायिक हिरासत में है और नियमों के अनुसार उसे किसी से नहीं मिलना चाहिए। मैंने मुंबई के पुलिस आयुक्त हेमंत नागराले को मामले की जांच करने का निर्देश दिया है। वलसे पाटिल ने सिंह पर आपत्ति जताते हुए कहा कि होमगार्ड्स के महानिदेशक अपनी आवाजाही के लिए सरकारी वाहन का इस्तेमाल कर रहे थे, इस मामले की भी जांच की जाएगी। जबरन वसूली के मामलों में जांच का सामना करने के लिए सिंह पिछले सप्ताह सामने आए। सिंह लंबे समय तक सार्वजनिक रूप से नहीं दिखे थे और कार्यालय से भी अनुपस्थित थे।

गृह मंत्री ने कहा, वाजे और परमबीर सिंह के बीच ऐसी मुलाकात बिल्कुल गलत है। अदालत की अनुमति से ही वाजे से मुलाकात की जा सकती है। लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें वाजे से मिलने के लिए ऐसी कोई अनुमति नहीं मिली है। यह कथित मुलाकात सोमवार को दक्षिण मुंबई में एक इमारत की दूसरी मंजिल पर सिंह के कार्यालय के बगल के एक कमरे में हुई, जब वह तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रहे न्यायमूर्ति चांदीवाल (सेवानिवृत्त) आयोग के सामने पेश हुए। वाजे को आमना-सामने कराने के लिए वहां लाया गया था।

सूत्रों के मुताबिक सिंह और वाजे ने आधे घंटे से अधिक समय तक बातचीत की और देशमुख के वकील ने आयोग के समक्ष इस पर आपत्ति जताई थी। हालांकि वलसे पाटिल ने स्वीकार किया कि सिंह और वाजे कुछ समय के लिए एक कमरे में मिले थे, लेकिन यह बैठक कितनी देर तक हुई इस बारे में कुछ नहीं बताया। सिंह और वाजे की मुलाकात पर विवाद शुरू होने के बाद मुंबई पुलिस ने सोमवार को उन चार कर्मियों के बयान दर्ज किए, जो वाजे को न्यायमूर्ति चांदीवाल आयोग के समक्ष सुनवाई के लिए ले गए।

# भाजपा ने नेकां की कमजोरी का फायदा उठाकर अनुच्छेद 370 हटायाः उमर

**जम्मू।** नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार अनुच्छेद 370 इसलिए निरस्त कर पाई क्योंकि 2014 के विधानसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी कमजोर हो गई थी और पीडीपी के संस्थापक मुफ्ती मोहम्मद सईद ने उनकी पार्टी का बिना शर्त समर्थन का प्रस्ताव ठुकराकर उनके साथ गठबंधन कर लिया, जिनकी जम्मू-कश्मीर को लेकर अच्छी नीयत नहीं थी। उमर ने लोगों से 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर पर थोपे गए बदलावों को उलटने के लिए नेशनल कांफ्रेंस का समर्थन करने और उसे मजबूत बनाने की अपील की। पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 निरस्त कर इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया गया था। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के बयान कि उनका प्रशासन केंद्र शासित प्रदेश के सभी लोगों के कल्याण के लिए काम कर रहा है, के संदर्भ में उमर ने कहा, मुझे तो ऐसा होते हुए नहीं दिख रहा है। हम देख रहे हैं कि यह सरकार केवल भाजपा और कुछ कश्मीर-आधारित दलों के चुनिंदा नेताओं के लाभ के लिए है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने किश्तवाड़ जिले के इंदरवल विधानसभा क्षेत्र के चतरू में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, हम पर बदलाव थोपे जाने के बाद हमने जम्मू-कश्मीर और इसकी जनता के लिए लड़ाई शुरू की। ए बदलाव इसलिए संभव हो सके क्योंकि नेशनल कांफ्रेंस कमजोर थी। यदि हम 2014 के चुनाव में (विस) सीटें नहीं हारते और सरकार बना लेते तो, न तो वे अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35ए निरस्त कर पाते और न रोशनी अधि. के तहत लोगों को आवंटित भूमि या बाहर से आए लोगों को दी गई नौकरियां और ठेके छीन पाते। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने नेशनल कांफ्रेंस की कमजोर स्थिति का फायदा उठाया।



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा ने भेंट की

# उत्तराखंड सकार ने चारधाम देवस्थानम प्रबंधन बोर्ड भंग किया

**भाषा।** देहरादून

**उत्तराखंड सरकार** ने मंगलवार को अस्तित्व में आने के ठीक दो साल बाद विवादास्पद चारधाम देवस्थानम प्रबंधन बोर्ड को भंग कर दिया। यह जानकारी साझा करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, आप सभी की भावनाओं, तीर्थपुरोहितों, हक-हकूकधारियों के सम्मान एवं चारधाम से जुड़े सभी लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए श्री मनोहर कांत ध्यानी जी की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने देवस्थानम बोर्ड अधिनियम वापस लेने का फैसला किया है।

इससे पहले, ध्यानी समिति ने रविवार शाम को अपनी अंतिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी थी जिस पर उन्होंने इसका परीक्षण कर जल्द निर्णय लेने की बात कही थी। चारों हिमालई धामों-बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के तीर्थ पुरोहितों द्वारा देवस्थानम बोर्ड के विरोध में लंबे समय से चलाए जा रहे आंदोलन के मद्देनजर धामी ने जुलाई में भाजपा नेता ध्यानी की अध्यक्षता में इस समिति का गठन किया था।

बोर्ड के गठन को अपने पारंपरिक अधिकारों का हनन बताते हुए चारों धामों के तीर्थ पुरोहित इसे भंग करने की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलन चला रहे थे। निकट आ रहे विधानसभा चुनावों को देखते हुए उन्होंने आंदोलन तेज करने की धमकी दी थी। धामी सरकार के इस निर्णय को इसी संदर्भ में देखा जा रहा है। देवस्थानम अधिनियम पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की सरकार के कार्यकाल में दिसंबर 2019 में पारित हुआ था जिसके तहत चार धामों सहित प्रदेश के 51 मंदिरों के प्रबंधन के लिए बोर्ड का गठन किया गया था।

## पूर्वोत्तर के उग्रवादी समूह बांग्लादेश में रह रहे हैं, लेकिन वहां से संचालित नहीं हो रहे : बीएसएफ

**शिलांग।** पूर्वोत्तर क्षेत्र के उग्रवादी समूह अब भी बांग्लादेश के इलाकों में घूम रहे हैं, लेकिन उस देश से सीधे तौर पर संचालित नहीं हो रहे हैं। बीएसएफ मेघालय फ्रंटियर, प्रिंसिपल स्टाफ ऑफिसर डी. हॉकिप ने शिलांग में कहा कि उन समूहों के वहां शिविर नहीं हैं और उनके सदस्य या तो अपने रिश्तेदारों के यहां रह रहे हैं या उन्हें उनसे सहानुभूति रखने वालों ने पनाह दे रखी है। उप महानिरीक्षक रैंक के अधिकारी हॉकिप ने कहा, प्राप्त जानकारी से पता चलता है कि भारतीय उग्रवादी समूह अब भी बांग्लादेश के चटगांव हिल इलाके में और मेघालय की सीमा से लगे क्षेत्रों में घूम रहे हैं। हालांकि, वे सीधे तौर पर वहां से संचालित नहीं हो रहे हैं। इन समूहों में नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी), हनीवट्रेप नेशनल लिबरेशन काउंसिल (एचएनएलसी) और उल्फा के डी. राजखोवा नीत समूह का शेष हिस्सा शामिल हैं।

# भाजपा के खिलाफ ममता के अभियान में और लोग शामिल होंगे : मुकुल संगमा

**भाषा।** कोलकाता

**मेघालय** के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता मुकुल संगमा ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी वह ताकत हैं जिनकी ओर लोग खिंचते हैं तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ उनके अभियान से बड़ी संख्या में लोग जुड़ेंगे। संगमा ने कहा कि ममता ने लोगों को यह विश्वास दिलाया है कि देश में आने वाले दिनों में राजनीतिक समीकरण बदलने वाले हैं। उन्होंने दावा किया कि अगले 45 दिन में पूरे राज्य में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के झंडे फहराते दिखेंगे। मेघालय के दो बार मुख्यमंत्री रहे संगमा हाल में कांग्रेस के 11 विधायकों के साथ ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी टीएमसी में शामिल हो गए थे।

संगमा ने यहां टीएमसी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूरा पूर्वोत्तर कांग्रेस की जगह सही विकल्प चाहता है, जो ईमानदारी से भाजपा का मुकाबला कर सके, क्षेत्र के लोगों के हितों को बढ़ावा दे सके, और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) की अध्यक्ष (ममता बनर्जी) वह ताकत हैं, जिनके पीछे उन्हें लामबंद होना चाहिए।

मेघालय के दो बार के मुख्यमंत्री रहे संगमा ने यहां टीएमसी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विधायकों का पार्टी में शामिल होने का निर्णय रातों-रात नहीं लिया गया था और उन्होंने लंबे समय तक इस बात पर विचार-विमर्श किया था कि राज्य के लोगों के हितों की रक्षा कैसे की जाए, जो कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व के तहत संभव नहीं था। उन्होंने कहा, यह एक कठिन निर्णय था, लेकिन यह समय की जरूरत थी। हम वास्तविक कार्य करना चाहते हैं, और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहते हैं जो वर्तमान स्थिति में तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में ही संभव है।

संगमा ने कहा, अगले 45 दिनों में आप हमारे राज्य के सभी हिस्सों में तृणमूल कांग्रेस के झंडे लहराते देखेंगे। उन्होंने कहा, हमारा निर्णय मेघालय, पूर्वोत्तर और पूरे देश का रूझान तय करेगा। उनके (ममता बनर्जी के) दृढ़ विश्वास और कथनी से, यह स्पष्ट है कि वह लोगों को अपनी ओर खींचने वाली एकमात्र नेता हैं। पूरे भारत में लोग भाजपा का मुकाबला करने के लिए एक वैकल्पिक राजनीतिक ताकत चाहते हैं। मैं बार-बार कहूंगा कि दीदी के नेतृत्व में और अधिक लोग आंदोलन में शामिल होंगे। उनकी नेतृत्व शैली ने हमें विश्वास दिलाया है कि आने वाले दिनों में देश में राजनीतिक समीकरण बदल जाएंगे।

## क्विक न्यूज

### भ्रष्टाचार के आरोप सही पाए जाने पर न्यायाधीश बर्खास्त

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक वरिष्ठ दीवानी न्यायधीश पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप सही पाए जाने के बाद उन्हे उच्च न्यायालय की सिफारिशो पर राज्य न्यायिक सेवा से बर्खास्त कर दिया है। गौरव शर्मा को चार साल पहले जब स्थानीय निवासी अश्विनी सैनी से 40,000 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया था, तब वह मंडी जिले के सुंदरनगर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) थे। प्रधान सचिव (गृह) की ओर से बृहस्पतिवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक उच्च न्यायालय की ओर से की गई जांच में शर्मा के खिलाफ सभी आरोप साबित हो गए हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि अदालत ने 6 जुलाई, 2017 को निलंबित एसीजेएम के खिलाफ केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1965 के नियम 14 के तहत जांच करने का प्रस्ताव दिया था। अधिसूचना में कहा गया है कि उच्च न्यायालय ने मामले की जांच की थी। अदालत ने जिला न्यायाधीश राकेश कैंथला को जांच अधिकारी नियुक्त किया, जिन्होंने अपनी रिपोर्ट में शर्मा को रिश्वत लेने का दोषी पाया। अधिसूचना मे कहा गया है कि जांच के परिणामस्वरूप, सभी आरोप साबित हो गए है और अदालत ने सिफारिश की है कि शर्मा को सेवा से बर्खास्त किया जाए।

### आतंकी हिंसा में इस साल अब तक 40 आम नागरिक मारे गए

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में इस साल 15 नवंबर तक आतंकवाद से जुड़ी घटनाओं में 40 आम नागरिक मारे गए और 72 घायल हो गए। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा मे एक प्रश्न के लिखित उत्तर मे कहा कि जम्मू कश्मीर मे पिछले पांच साल मे आतंकवाद से जुड़ी घटनाओ मे कुल 348 सुरक्षाकर्मी और 195 आम नागरिक मारे गए। उन्होंने कहा कि इस साल 15 नवंबर तक 40 आम नागरिक मारे गए और 72 घायल हो गए। राय ने कहा कि 2017 मे 40 आम नागरिक मारे गए जबकि 2018 और 2019 मे 39-39 नागरिक तथा 2020 में 37 नागरिक मारे गए। राय ने कहा कि 2017 में 80 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए जबकि 2018 मे 91, 2019 मे 80, 2020 मे 62 और 2021 मे अब तक 35 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए।

### आजादी के बाद से एससी, एसटी को छोड़कर कोई जाति आधारित जनगणना नहीं की गई : सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि उसने आजादी के बाद से जनगणना मे एससी और एसटी के अलावा जाति आधारित गणना नही की है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह बात कही। प्रश्न पूछा गया था कि क्या सरकार ने जाति आधारित जनगणना के लिए कोई योजना या नीति बनाई है। राय ने कहा कि संविधान एससी आदेश, 1950 और संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950 के अनुसार अनुसूचित जातियो तथा अनुसूचित जनजातियो के रूप मे विशेष तौर पर अधिसूचित जातियों और जनजातियो को एक दशक मे होने वाली जनगणना में गिना जाता है। उन्होंने कहा, भारत सरकार ने आजादी के बाद से जनगणना मे एससी और एसटी के अलावा जाति आधारित जनगणना नही की है।

### बीएसएफ का अधिकर क्षेत्र बढ़ाने की अधिसूचना पर बंगाल, पंजाब की आशकाएं बेबुनियादः सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि कुछ राज्यो मे बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ाने की अधिसूचना को लेकर पश्चिम बंगाल और पंजाब की सरकारो ने जो आशंकाएं व्यक्त की है, वे बेबुनियाद है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि बीएसएफ के क्षेत्रीय अधिकार का विस्तार करने से राज्य पुलिस के साथ सीमापार अपराधो पर नियंत्रण और अधिक बेहतर तथा प्रभावी हो जाएगा। राय ने कहा कि केंद्र सरकार ने 2014 की अधिसूचनाओं का संशोधन किया है और 11 अक्टूबर, 2021 को एक अधिसूचना के माध्यम से कुछ राज्यो मे बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ा दिया है। पश्चिम बगाल और पंजाब की सरकारो ने आशंका जताई है कि यह कदम राज्य सरकार के अधिकारो का हनन है। ए आशंकाएं बेबुनियाद है।

### भाजपा नेता तरुण चुग ने पाकिस्तान में बेअदबी की घटना पर सिद्धू की चुप्पी को लेकर सवाल उठाया

**चंडीगढ़।** कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू पर निशाना साधते हुए भाजपा नेता तरुण चुग ने पूछा कि वह पाकिस्तान के सिंध मे सिखो के धार्मिक ग्रंथ की कथित बेअदबी की घटना पर चुप क्यो है। भाजपा के महासचिव चुग ने सिंध मे काशमोर जिले के एक गांव मे स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु हरकिशन साहिब मे हुई कथित घटना की निंदा की। साथ ही मांग उठाई कि पाकिस्तान सरकार दोषियो के खिलाफ सख्त कार्वाई करे। चुग ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान मे अल्पसंख्यक ना केवल असुरक्षित और खतरे मे है बल्कि बेहद अमानवीय हालात मे जी रहे है। ऐसे मुद्दो पर सिद्धू चुप क्यो है, जबकि वह पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को अपना दोस्त करार देते हुए उनका गुणगान करते है। यह किस तरह की दोस्ती है कि सिद्धू पाकिस्तान मे रहने वाले सिखो के हितो की रक्षा नही कर सकते?



पत्रकार वार्ता के बाद कोलकाता में मेघालय के पूर्व मुख्यमंत्री मुकुल संगमा (दाएं ) पत्नी के साथ और एमएलए चार्ल्स (मध्य में )

# कांग्रेस और गोवा फॉरवर्ड पार्टी के बीच गठबंधन तय, राहुल गांधी से मिले विजय सरदेसाई

**भाषा।** नई दिल्ली

**गोवा फॉरवर्ड पार्टी** के अध्यक्ष विजय सरदेसाई ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की जिसके साथ ही अगले साल गोवा में होने वाले विस चुनाव के लिए दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन पर अंतिम मुहर लग गई। कांग्रेस के गोवा प्रभारी दिनेश गुंडुराव ने बताया कि दोनों दलों ने साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है और आने वाले दिनों में सीटे बंटवारे पर भी निर्णय हो जाएगा। दोनों पार्टियां गोवा को भाजपा के कुशासन से मुक्त कराना चाहती हैं।

दोनों साथ मिलकर लड़ेंगी और गोवा में एक साफ-सुथरी तथा पारदर्शी सरकार देंगी। सरदेसाई ने राहुल गांधी के साथ मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया, अपने साथियों के साथ आज राहुल गांधी से मुलाकात की। हमने गोवा में भाजपा के भ्रष्ट, अक्षम और अलोकतांत्रिक शासन को खत्म करने के लिए जनता की तरफ से संकल्पित और एकजुट होकर लड़ने पर सहमति जताई। गोवा में अगले साल फरवरी-मार्च में 40 सदस्ईय विधानसभा के लिए चुनाव होना है। कांग्रेस, जीएफपी के साथ ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन करने की कोशिश में है। कांग्रेस और जीएफपी के बीच पिछले कुछ हफ्तों से लगातार बातचीत होने की खबरें थीं। गुंडुराव ने कहा, फिलहाल जीएफपी के साथ गठबंधन तय हो गया है। आने वाले दिनों में कुछ अन्य दलों के साथ भी बात बन सकती है।

## भ्रष्टाचार से संबंधित मामले में जांच आयोग के समक्ष पेश हुए अनिल देशमुख

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परम बीर सिंह द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रहे एक आयोग के समक्ष मंगलवार को पेश हुए। धनशोधन मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए देशमुख फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। विशेष पीएमएलए अदालत के न्यायाधीश एचएस सतभाई ने देशमुख को न्यायमूर्ति के.यू चांदीवाल आयोग के समक्ष पेश करने के वारंट को अनुमति दी थी। तत्कालीन गृह मंत्री तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता देशमुख के खिलाफ परम बीर सिंह द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए न्यायमूर्ति (से.) चांदीवाल के एकल सदस्ईय आयोग का गठन किया था। एंटीलिया विस्फोटक सामग्री बरामदगी मामले के बाद मार्च में मुंबई पुलिस आयुक्त के पद से हटाए गए सिंह ने आरोप लगाया था कि देशमुख ने पुलिस अधिकारियों से शहर में बार और रेस्तरां से प्रति माह 100 करोड़ रुपए इकट्ठा करने के लिए कहा था।

# एंटीलिया के पास विस्फोटक सामग्री की साजिश परमबीर, वाजे ने रची : मलिक

**पुणे।** महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक ने मंगलवार को आरोप लगाया कि मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह और बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे ने मुंबई में उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास एंटीलिया के पास विस्फोटक सामग्री की साजिश रची थी। मलिक ने यहां संवाददाताओं से बात करते हुए दावा किया कि सिंह और वाजे ने फर्जी पासपोर्ट (विस्फोटक सामग्री की घटना के बाद) की मदद से एक गुंडे को पाकिस्तानी नागरिक दिखाकर उसकी कथित फर्जी मुठभेड़ की योजना भी बनाई थी।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता ने यह भी दावा किया कि सिंह और वाजे ने एंटीलिया के पास विस्फोटक सामग्री वाली एसयूवी मिलने के मामले में राज्य के गृह मंत्रालय को गुमराह किया था। इस साल की शुरुआत में राकांपा नेता अनिल देशमुख के राज्य के गृह मंत्री पद से इस्तीफे के बारे में पूछे जाने पर मलिक ने इसे राजनीति से प्रेरित करार दिया।

इस साल फरवरी में दक्षिण मुंबई में अंबानी के आवास के पास विस्फोटक सामग्री वाली एक एसयूवी मिली थी और इसके कुछ दिन बाद एसयूवी के मालिक कारोबारी मनसुख हिरन का शव ठाणे जिले के मुंब्रा में एक नाले में मिला था। मलिक ने आरोप लगाया, परमबीर सिंह और सचिन वाजे ने एंटीलिया के पास विस्फोटक सामग्री की साजिश रची थी। उन्होंने एक गुंडे के पाकिस्तान में प्रवेश और निकास टिकटों के साथ एक नकली पासपोर्ट भी बनवाया था। यदि मनसुख हिरन मारा नहीं गया होता या उसने आत्मसमर्पण कर दिया होता, तो दोनों ने गुंडे को आतंकवादी दिखाकर उसकी फर्जी मुठभेड़ की योजना बनाई थी। मंत्री ने दावा किया कि मामले की जांच कर रही एनआईए को वाजे के घर से नकली पासपोर्ट मिला था। उन्होंने कहा कि एनआईए को इसे जनता के सामने रखना चाहिए।

# मप्र के मंत्री ने चौहान को बताया टंट्या भील का अवतार

**भाषा।** भोपाल

**● कांग्रेस ने इसे आदिवासियों का अपमान बताया**

**मध्य प्रदेश** की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के एक मंत्री ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को आदिवासी क्रांतिकारी नायक टंट्या भील का अवतार बताकर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। विपक्षी कांग्रेस ने इसे आदिवासी समुदाय का अपमान करार देते हुए मंत्री से माफी की मांग की है। मध्य प्रदेश सरकार चार दिसंबर को क्रांतिकारी नायक की पुण्यतिथि के पहले श्रद्धांजलि देने के लिए सप्ताह भर कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। टंट्या भील को टंट्या मामा के नाम से भी जाना जाता है।


मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री ने सोमवार को खरगोन जिले के भीकनगांव में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि टंट्या मामा लड़कियों का विवाह करवाते थे, हमारे मामा (जैसा कि मुख्यमंत्री चौहान लोकप्रिय रुप से प्रदेश में जाने जाते हैं) भी ऐसा ही करते हैं। टंट्या मामा अमीरों को लूटते थे और दौलत को गरीबों में बांट देते थे। हमारे मुख्यमंत्री लूट नहीं करते हैं लेकिन वह अमीरों से कर लेते हैं और गरीबों के लिए खर्च करते हैं।

मंत्री ने कहा, इन दोनों में एक समानता है। एक तरह से हम कह सकते हैं कि टंट्या मामा ने हमारे मुख्यमंत्री शिवराज के रुप में पुनर्जन्म लिया है। मंत्री ने चौहान और टंट्या भील की शारीरिक बनावट के बीच समानता भी चित्रित की।

पटेल क्रांतिसूर्य गौरव यात्रा के दौरान सभा को संबोधित कर रहे थे। इसके तहत टंट्या भील के जन्म स्थान बड़ौदा अहीर गांव से मिट्टी के कलश इंदौर जिले के पातालपानी लाया जा रहा है। यहां चार दिसंबर को एक आदिवासी क्रांतिकारी नायक के स्मृति में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि आदिवासी नायक की तुलना करना उनका अपमान है।

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने कहा कि कृषि मंत्री कमल पटेल ने टंट्या भील को लुटेरा बताया और मुख्यमंत्री शिवराज अमीरों पर कर लगाने वाला बताया। क्या यह समानता है? यह गलत तुलना है। यह आदिवासी नायक और आदिवासी समुदाय का अपमान है। मंत्री और भाजपा को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए।

मुख्यमंत्री चौहान ने 23 नवंबर को इंदौर के पातालपानी रेलवे स्टेशन का नाम टंट्या भील के नाम पर रखने की घोषणा की थी। उन्होंने यह भी घोषणा की थी कि 53 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे इंदौर के एमआर 10 मार्ग पर बस स्टैंड और भंवरकुआं चौराहे का नाम भी टंट्या भील के नाम पर रखा जाएगा।



मुंबई में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिद्धिविनायक मन्दिर में पूजा अर्चना करती हुईं।

# ओमीक्रोन की आशंका से शेयर बाजारों में रहा बिकवाली का दबाव







भाषा। मुंबई

● **सेंसेक्स और निफ्टी दोनों गिरे**

**वैश्विक** आर्थिक पुनरुद्धार पर कोरोनावयरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के संभावित असर को लेकर फैली वैश्विक चिंता के बीच मंगलवार को घरेलू बाजारों के प्रमुख सूचकांकों ने कारोबार के अंतिम पलों में अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी। रुपए के मूल्य में गिरावट और विदेशी मुद्रा की आवक में अस्थिरता होने से भी कारोबारी धारणा प्रभावित हुई। इसका असर यह हुआ कि दिन में 900 अंक तक का उछाल ले चुका सेंसेक्स कारोबार के अंत में 195.71 अंकों यानी 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स वाहन और धातु के शेयरों में अंतिम क्षणों में हुई बिकवाली के कारण 57,064.87 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 70.75 अंक यानी 0.41 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह 16,983.20 अंक पर बंद हुआ। पिछले तीन महीनों में निफ्टी पहली बार 17,000 के स्तर के नीचे आया है। सेंसेक्स में सबसे ज्यादा चार प्रतिशत का नुकसान टाटा स्टील को उठाना पड़ा। कोटक बैंक, बजाज ऑटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ पावरग्रिड, टाइटन, बजाज फिनसर्व, नेस्ले इंडिया, बजाज फाइनेंस और इन्फोसिस के शेयरों में 3.43 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि घरेलू सूचकांकों ने अमेरिकी राष्ट्रपति की तरफ से लॉकडाउन लगाने की आशंका खारिज किए जाने के बाद सकारात्मक स्तर पर शुरुआत की थी।

नायर ने कहा कि हालांकि ओमीक्रोन को लेकर विशेषज्ञों की चेतावनी आने के बाद वैश्विक बाजारों में नकारात्मकता हावी दिखी। घरेलू बाजार भी इसके असर में आया और अचानक बिकवाली का दौर शुरू हो गया। टीका बनाने वाली प्रमुख कंपनी मॉडर्ना के मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्टीफन बैंसेल की चेतावनी भी वैश्विक बाजारों पर भारी पड़ी। बैंसेल ने कहा है कि कोविड-19 के मौजूदा टीकों का वायरस के इस नए स्वरूप पर असरदार होना संदिग्ध है। इसके अलावा घरेलू निवेशक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े आने की संभावना को देखते हुए भी बाजार से दूर रहे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि ऐसे हालात में यह समझदारी ही होगी कि बाजार के स्थिर होने तक अपनी मौजूदा स्थिति को बनाए रखा जाए। क्षेत्रवार स्तर पर बीएसई के धातु, ऊर्जा, ऑटो, बैंक एवं दूरसंचार सूचकांकों में 2,34 प्रतिशत तक की गिरावट रही जबकि टिकाऊ उत्पाद, आईटी, रियल्टी एवं टेक क्षेत्र लाभ में रहे। बीएसई का व्यापक मिडकैप एवं स्मालकैप सूचकांक 1.45 प्रतिशत की बढ़त पर रहे। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग और जापान का निक्की नुकसान में रहे, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त के साथ बंद हुआ। यूरोप के शेयर बाजारों में दोपहर कारोबार के दौरान मिला-जुला रुख देखने को मिला। इस बीच, रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 10 पैसा टूटकर 75.17 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71.15 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर कारोबार कर रहा था।

विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को भी बिकवाल बने रहे। शेयर बाजारों से मिले आंकड़ों के मुताबिक एफआईआई ने 3,332.21 करोड़ रुपए के शेयरों की बिक्री की।

## रुपये ने शुरुआती लाभ गंवाया, 10 पैसे टूटकर 75.17 प्रति डॉलर पर

भाषा। मुंबई




**अंतरबैंक** विदेशी मुद्रा विनमय बाजार में मंगलवार को रुपया शुरुआती लाभ को गंवाकर 10 पैसे के नुकसान के साथ 75.17 (अस्थाई) प्रति डॉलर पर आ गया। कोविड के नए स्वरूप ओमीक्रोन के अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर को लेकर निवेशकों की चिंता बढ़ी है, जिससे रुपए की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 74.91 पर मजबूत खुलने के बाद 74.86 के अपने दिन के उच्चस्तर तक गया। इसने 75.19 का निचला स्तर भी छुआ। अंत में रुपया 10 पैसे के नुकसान से 75.17 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। सोमवार को रुपया 18 पैसे के नुकसान से 75.07 प्रति डॉलर के अपने पांच सप्ताह के निचले स्तर पर आ गया था। इस बीच, छह मुद्राओं की तुलना में डॉलर का रुख दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.68 प्रतिशत के नुकसान से 95.69 पर आ गया।

## अक्टूबर में आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 7.5% बढ़ा

**नई दिल्ली।** कोयला, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और सीमेंट क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन से आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन अक्टूबर में 7.5 प्रतिशत बढ़ा है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। अक्टूबर, 2020 में आठ बुनियादी उद्योगों....कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली क्षेत्र के उत्पादन में 0.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इस साल सितंबर में आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 4.5 प्रतिशत रही थी। कुल औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) में इन आठ बुनियादी उद्योगों का भारांक 40.27 प्रतिशत है। चालू वित्त वर्ष के पहले सात माह अप्रैल-अक्टूबर में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 15.1 प्रतिशत बढ़ा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 12.6 प्रतिशत घटा था।

## मोदी तीन दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इन्फिनिटी मंच का करेंगे उद्घाटन

भाषा। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) पर थॉट लीडरशिप फोरम इन्फिनिटी मंच का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने यह जानकारी देते हुए कहा है कि इस कार्यक्रम का आयोजन अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) द्वारा भारत सरकार के तत्वावधान में गिफ्ट सिटी और ब्लूमबर्ग के सहयोग से तीन और चार दिसंबर को किया जा रहा है। मंच के पहले संस्करण में इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका और ब्रिटेन भागीदार देश हैं।

यह मंच नीति, व्यापार और प्रौद्योगिकी में दुनिया के अग्रणी लोगों को एक साथ लाएगा। मंच में इस बात पर चर्चा होगी कि कैसे समावेशी वृद्धि और बड़े पैमाने पर मानवता की सेवा के लिए फिनटेक उद्योग द्वारा प्रौद्योगिकी और नवाचार का लाभ उठाया जा सकता है। पीएमओ ने कहा कि फोरम का एजेंडा बियॉन्ड के विषय पर केंद्रित होगा। मंच में 70 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें मुख्य वक्ताओं में मलेशिया और इंडोनेशिया के वित्त मंत्रियों के अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी, सॉफ्टबैंक समूह के चेयरमैन और सीईओ मासायोशी सन, आईबीएम कॉरपोरेशन के चेयरमैन और सीईओ अरविंद कृष्ण और कोटक महिंद्रा बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ उदय कोटक शामिल हैं।

## राजकोषीय घाटा अक्टूबर अंत तक सालाना अनुमान का 36.3%: सरकारी आंकड़ा

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार का राजकोषीय घाटा अक्टूबर के अंत में वित्त वर्ष 2021-22 के सालाना बजटीय लक्ष्य का 36.3 प्रतिशत रहा। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार मुख्य रूप से राजस्व संग्रह में सुधार से राजकोषीय घाटा कम रहा है। व्यय और राजस्व के बीच अंतर बताने वाला राजकोषीय घाटा पिछले साल आलोच्य अवधि में 2020-21 के बजटीय अनुमान का 119.7 प्रतिशत पहुंच गया था। लेखा महानियंत्रक के आंकड़ों के अनुसार, राजकोषीय घाटा अक्टूबर, 2021 के अंत तक 5,47,026 करोड़ रुपए रहा। जबकि सालाना लक्ष्य 15.06 लाख करोड़ रुपए का है। वित्त वर्ष 2020-21 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 9.3 प्रतिशत रहा था। यह फरवरी में पेश बजट में संशोधित अनुमान 9.5 प्रतिशत से कम रहा।

# अमेरिका में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की अगुवाई करने वाले भारतीयों में शामिल हुए पराग अग्रवाल

भाषा। न्यूयॉर्क

● **कंपनी में लगभग 16 साल तक भूमिका निभाने के बाद मैंने तय किया है कि अब मेरा यहां से जाने का समय आ गया है: डॉर्सी**



**ट्विटर** के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के पद पर पदोन्नति के साथ पराग अग्रवाल भारतीय मूल के उन कार्यकारियों में शामिल हो गए हैं जो अमेरिकी में स्थित बहुराष्ट्रीय कंपनियों की अगुवाई कर रहे हैं। बताया जाता है कि माइक्रोब्लॉगिंग कंपनी ट्विटर के संस्थापक जैक डॉर्सी का अग्रवाल में गहरा विश्वास है। ट्विटर के निवर्तमान सीईओ डॉर्सी ने सोमवार को घोषणा की कि 37 वर्षीय अग्रवाल कंपनी के नए सीईओ होंगे।

अग्रवाल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-मुंबई (आईआईटी-मुंबई) और स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं। ट्विटर के सह-संस्थापक डॉर्सी ने करीब 16 साल बाद कंपनी से हटने की घोषणा की है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अग्रवाल को बोनस, प्रतिबंधित शेयरों और प्रदर्शन-आधारित शेयर इकाइयों के अलावा सालाना 10 लाख डॉलर का वेतन मिलेगा। डॉर्सी ने कहा, कंपनी में लगभग 16 साल तक भूमिका निभाने के बाद मैंने तय किया है कि अब मेरा यहां से जाने का समय आ गया है। मैं कंपनी में सह-संस्थापक से लेकर सीईओ, चेयरमैन से कार्यकारी चेयरमैन और अंतरिम-सीईओ से सीईओ के पद पर रहा। उन्होंने कहा कि तीन कारण हैं जिनकी वजह से मुझे लगता है कि अब सही समय है। पहला पराग हमारे सीईओ बन रहे हैं। बोर्ड ने सभी विकल्पों पर विचार करते हुए सर्वसम्मति से पराग को नियुक्त करने का फैसला किया है। वह कंपनी और उसकी जरूरतों को गहराई से समझते हैं।

डॉर्सी ने कहा कि पराग हर महत्वपूर्ण निर्णय के पीछे रहे हैं। वह जिज्ञासु, तार्किक, रचनात्मक और विनम्र हैं। अग्रवाल की ट्विटर के सीईओ के पद पर पदोन्नति से वह ऐसे भारतीय मूल और भारत में जन्मे लोगों की सूची में शुमार हो गए हैं, जो आज वैश्विक बहुराष्ट्रीय कंपनियों की अगुवाई कर रहे हैं। पिछले साल जनवरी में भारत में जन्मे प्रौद्योगिकी क्षेत्र के कार्यकारी अरविंद कृष्ण को अमेरिका की आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी आईबीएम का मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया था।

उन्होंने वर्जिनिया रोमेट्टी का स्थान लिया है जिन्होंने कृष्ण को आईबीएम का अगले युग के लिए सही सीईओ बताया है। कृष्ण (59) 1990 में आईबीएम में शामिल हुए थे और उनके पास भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-कानपुर से स्नातक की डिग्री और पीएचडी है। इससे पहले अगस्त, 2015 में सुंदर पिचाई को गूगल का सीईओ नियुक्त किया गया था। वह पूर्व सीईओ एरिक शिमट और सह-संस्थापक लैरी पेज के बाद कंपनी के तीसरे मुख्य कार्यपालक अधिकारी बने थे। दिसंबर, 2019 में पिचाई गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट के सीईओ बने।

## वित्त वर्ष 2022 में उर्वरकों की आपूर्ति के लिए रूसी फर्म के साथ करार किया

भाषा। नई दिल्ली

**कम** से कम चार भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) ने चालू वित्त वर्ष में डीएपी सहित पांच प्रकार के उर्वरकों की आपूर्ति करने के लिए रूसी फर्म फॉस एग्रो के साथ एक दीर्घकालिक समझौता किया है। उर्वरक मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को राज्यसभा में यह जानकारी दी।

मंडाविया ने उच्च सदन को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि मोरक्को, सऊदी अरब,रूस सहित विभिन्न देशों से भारत को डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) और इसके कच्चे माल की उचित कीमतों पर नियमित और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, चार भारतीय सार्वजनिक उपक्रमों और रूसी कंपनी फॉस एग्रो के बीच वर्ष 2021I2022 में डीएपी सहित पांच प्रकार के उर्वरकों की आपूर्ति के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

मंत्री ने कहा कि उर्वरकों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए, सरकार ने हाल ही में मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट लिमिटेड यूनिट- दो को 1.20 लाख टन प्रति वर्ष उत्पादन की अनुमति दी थी। इसका उत्पादन अक्टूबर में शुरू हुआ था। उन्होंने देश में उर्वरकों की किसी भी कमी से इनकार करते हुए बताया कि देश में डीएपी की पर्याप्त और समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए गए हैं।

## चीन में नवंबर में विनिर्माण गतिविधियों में सुधार आया

एपी। बीजिंग

**चीन** में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में नवंबर में सुधार हुआ है। बिजली की स्थिति में सुधार और ऑर्डर बढ़ने की वजह से विनिर्माण गतिविधियां तेज हो रही हैं। एक उद्योग समूह तथा राष्ट्रीय सांख्यिकी एजेंसी का मासिक खरीद प्रबंधक सूचकांक नवंबर में बढ़कर 50.1 हो गया है। यह अक्टूबर में 49.2 पर था। पिछले दो माह के दौरान यह सूचकांक 50 से नीचे रहा था। आंकड़ों के अनुसार, उत्पादन का मापक नवंबर में 3.6 अंक बढ़कर 52 पर पहुंच गया, जिससे पता चलता है कि विनिर्माण गतिविधियों में सुधार आ रहा है। कैपिटल इकनॉमिक्स की शीना यूई ने एक रिपोर्ट में कहा, बिजली संकट की स्थिति में सुधार के बाद नवंबर में विनिर्माण गतिविधियां तेज हुई हैं।

## कैग ने आईटी, दूरसंचार मंत्रालय की इकाइयों की निर्णय प्रक्रिया पर सवाल उठाए

**नई दिल्ली।** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और दूरसंचार मंत्रालयों के अंतर्गत आने वाली इकाइयों के खातों में कई अनियमितताओं को उजागर किया है। इसमें एनआईसीएसआई द्वारा नियमों का उल्लंघन कर 890 करोड़ रुपए मूल्य के हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की खरीद का मामला भी शामिल है। वित्त वर्ष 2017-18 और 2018-19 के लिए अपनी ऑडिट रिपोर्ट में कैग ने सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल, सी-डॉट, डाक विभाग, आईटीआई लि. और सीडीएसी की निर्णय प्रक्रिया में विसंगतियों का खुलासा करते हुए कहा है कि इसकी वजह से इन इकाइयों पर प्रतिकूल वित्तीय प्रभाव पड़ा। लोकसभा में सोमवार को पेश कैग की रिपोर्ट के अनुसार, एनआईसीएसआई (नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंक) ने रणनीतिक गठबंधन के जरिए 890.34 करोड़ रुपए मूल्य के हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर खरीदे। यह सामान्य वित्तीय नियम, 2005 और विभागीय निर्देशों का उल्लंघन था। इस प्रकार यह खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने में विफल रही। एनआईसीएसआई सरकारी विभागों को आईटी से जुड़ी ढांचागत सुविधाएं प्रदान करती है। कैग ने दूरसंचार इंजीनियरिंग केंद्र (टीईसी) द्वारा प्रयोगशालाओं की स्थापना में देरी, कमियों आदि को लेकर उसकी खिंचाई की है। रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि दूरसंचार विभाग (डीओटी) की एक उच्चस्तरीय तकनीकी समिति को सभी नौ प्रयोगशालाओं की स्थिति की समीक्षा करनी चाहिए।

## ट्राई ने 5जी स्पेक्ट्रम की कीमतों पर चर्चा के लिए परामर्श पत्र जारी किया

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने 5जी स्पेक्ट्रम की कीमतों और नीलामी के अन्य तौर-तरीकों पर विचार-विमर्श के लिए मंगलवार को एक विस्तृत परामर्श पत्र जारी किया। इस परामर्श पत्र में कीमत, मात्रा और संबंधित शर्तें शामिल हैं। ट्राई ने कहा कि दूरसंचार विभाग ने उससे लागू होने वाले आरक्षित मूल्य, बैंड योजना, ब्लॉक के आकार, नीलामी के लिए स्पेक्ट्रम की मात्रा और 526-698 मेगाहर्ट्ज, 700 मेगाहर्ट्ज, 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज,1,800 मेगाहर्ट्ज, 2,100 मेगाहर्ट्ज, 2,300 मेगाहर्ट्ज, 2,500 मेगाहर्ट्ज, 3,300-3,670 मेगाहर्ट्ज और 24.25-28.5 गीगाहर्ट्ज बैंड में स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए संबंधित शर्तों जैसे मुद्दों पर सिफारिशें देने को कहा है।



कोलकाता में एक कार्यक्रम में बोलतीं दीपा मलिक

## पेज एक का शेष

### केंद्र ने...

नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वीके पॉल ने कहा कि हर घर दस्तक टीकाकरण अभियान को 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में जोर पहली खुराक के 100 प्रतिशत कवरेज और दूसरी खुराक नहीं लेने वालों को टीका लगाने पर केंद्रित होगा। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को संसद में कहा कि अभी तक देश में कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन का कोई मामला सामने नहीं आया है और सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव कदम उठा रही है कि यह देश में नहीं पहुंचे। मांडविया ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान विभिन्न पूरक सवालों का जवाब देते हुए कहा कि केंद्र ने वैश्विक घटनाक्रमों को देखते हुए इस संबंध में परामर्श जारी किया है और हवाई अड्डों और बंदरगाहों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि संदिग्ध मामलों का जीनोम अनुक्रमण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ओमीक्रोन स्वरूप के मामले अब 14 देशों में पाए गए हैं। यहां इसका अध्ययन किया जा रहा है, हालांकि भारत में इसका कोई मामला सामने नहीं आया है। भूषण की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्यों को विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की प्रभावी निगरानी करने की सलाह दी गई। भूषण ने इस बात पर जोर दिया कि जोखिम वाले देशों से आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों और विशिष्ट श्रेणी के यात्रियों के नमूने की पहले दिन और आठवें दिन जांच ईमानदारी से की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जोखिम वाले देशों के अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को आरटी-पीसीआर की जांच रिपोर्ट उपलब्ध होने तक हवाई अड्डों पर इंतजार करने के लिए तैयार रहने की सलाह दी जा रही है।

### जांच रिपोर्ट...

ठहरने का इंतजाम किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने तक उनके रुकने के दौरान भोजन-पानी भी इस राशि में शामिल है। प्रत्येक यात्री को आरटी-पीसीआर जांच करानी होगी, जिसके लिए करीब 1700 रुपये लिये जाएंगे। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के प्रवक्ता ने कहा कि सभी एएआई हवाई अड्डे केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का राज्य प्राधिकारों के साथ समन्वय कर लागू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। प्रवक्ता ने कहा कि एएआई का शीर्ष प्रबंधन भी स्थिति की निगरानी कर रहा है।

### दिल्ली में...

ऑक्सीजन, वैक्सीनेशन, जीनोम सिक्वेंसिंग, आईजीआई एयरपोर्ट पर उतरने वाले यात्रियों की जांच की तैयारी आदि सभी बिंदुओं की बारीकी से समीक्षा की गई। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन, राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत, मुख्य सचिव और सभी जिलाधिकारियों समेत संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 32 किस्म की दवाइयां हैं, जिनका अलग-अलग तरीके से कोरोना के दौरान इस्तेमाल किया जाता है। इन सारी दवाइयों को दो महीने का बफर स्टॉक ऑर्डर किया जा रहा है, ताकि किसी भी तरह से दवाइयों की कमी न पड़े। होम आइसोलेशन के लिए भी सारी तैयारियां दुरूस्त की जा रही हैं। पिछली बार शहर में ऑक्सीजन की कमी हुई थी। इस बार ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि कोई कमी न हो।

### सांसदों का...

विपक्ष उससे सवाल नहीं कर पाएं, इस वजह से चर्चा के बिना ही विधेयक पारित करा दिया गया। गोहिल ने कहा कि कांग्रेस सदन चलने समान विचारधारा वाले दलों के साथ मिलकर संसद में किसानों के मुद्दे, कोरोना महामारी में मारे गए लोगों के परिवारों को चार-चार लाख रुपये का मुआवजा देने, महंगाई और दूसरों मुद्दों पर सरकार को घेरेगी। इससे पहले, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि निलंबित किए गए राज्यसभा के 12 विपक्षी सदस्यों को 'दुर्व्यवहार' के लिए उच्च सदन के भीतर माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि ये सदस्य सभापति और सदन से माफी मांग लेते हैं तो फिर सरकार उनके प्रस्ताव (निलंबन रद्द करने के) पर सकारात्मक रूप से विचार करने के लिए तैयार है। संसद के सोमवार को आरंभ हुए शीतकालीन सत्र के पहले दिन कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के 12 सदस्यों को पिछले मॉनसून सत्र के दौरान कथित 'अशोभनीय आचरण' करने की वजह से, वर्तमान सत्र की शेष अवधि तक के लिए राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया।

### प्रश्नपत्र छापने...

राय अनूप प्रसाद ने बताया कि वह आरएसएम फिनसर्व लिमिटेड का डायरेक्टर है और उनको उत्तर प्रदेश सहायक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2021 के प्रश्न पुस्तिका मुद्रण का वर्क आर्डर 26.10.2021 को सचिव परीक्षा नियामक अधिकारी प्रयागराज द्वारा दिया गया था। इनके द्वारा प्रश्न पुस्तिका के मुद्रण के दौरान ए गोपनीयता एवं सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर मुद्रण कार्य किया। जिससे परिक्षा से पहले पेपर आउट हो गया। पूछताछ पर राय अनूप प्रसाद की प्रथम दृष्टया संलिप्तता पाए जाने पर इनको हिरासत लिया गया ये तदोपरान्त 30.11.2021 को थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर पर राय अनूप प्रसाद एवं अन्य 4 के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया है। जिसमें आईपीसी की धारा 420, 409, 120 बी के तहत राय अनूप प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया अन्य के विरुद्ध स्थानीय पुलिस द्वारा जांच कर कार्यवाही की जा रही है तथा शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

### परीक्षा नियामक...

होने और यूपीटीईटी को शुचितापूर्ण ढंग से संपादित न कराए जाने, गोपनीयता के उच्चस्तरीय मापदंडों का पालन न किए जाने के कारण शासन ने उन्हें निलंबित किया है। सचिव अनामिका सिंह की ओर से जारी निलंबन आदेश के अनुसार निलंबन अवधि में संजय कुमार उपाध्याय बेसिक शिक्षा निदेशक कार्यालय लखनऊ से संबद्ध रहेंगे। उन्हें शुचितापूर्ण, नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से यूपीटीईटी न किए जाने का प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। बता दें कि एक कार्यक्रम में मंच पर मौजूद सीएम योगी ने स्पष्ट कर दिया है कि पेपर लीक करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### विजय माल्या...

लिए अपील के लिए सभी मौके समाप्त हो चुके हैं। इस कार्यालय ज्ञापन पर विदेश मंत्रालय के उप सचिव (प्रत्यर्पण) के हस्ताक्षर हैं। पीठ ने कहा कि 30 नवंबर के कार्यालय ज्ञापन में ब्रिटेन में लंबित कार्यवाही का भी उल्लेख किया गया है, जिसे गोपनीय बताया गया है और इसलिए कोई विवरण प्रकट नहीं किया जा रहा है।

### परिवार के...

की जाएगी कि किन परिस्थितियों में परिवार को यह कदम उठाना पड़ा। उन्होंने बताया कि मकान में कुमार और उनके भाई का परिवार रहता था। कुमार के भतीजे ने सुबह उन्हें फांसी के फंदे से लटका हुआ देखा और पुलिस को सूचना दी। अधिकारी ने बताया कि कुमार और उसकी पत्नी में अक्सर झगड़ा होता था। कुमार की पत्नी कुछ महीने पहले उसे छोड़कर चली गई थी। करीब दो सप्ताह पहले जब वह लौटी। उन्होंने बताया कि हत्या सहित अन्य संबंधित धाराओं में समयपुर बादली थाने में मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

### तालिबान ने...

संघर्ष के दौरान, घर में एक महिला और एक पुरुष ने आत्मघाती विस्फोट कर लिया और उनकी इसमें मौत हो गई। उन्होंने बताया कि तीसरा व्यक्ति गोलीबारी से मारा गया। उन्होंने बताया कि दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया। ह्यूमन राइट्स वॉच ने गवाहों, रिश्तेदारों, पूर्व सरकारी अधिकारियों, तालिबान अधिकारियों और अन्य लोगों के साक्षात्कार के माध्यम से कहा कि उसने 15 अगस्त और 31 अक्टूबर के बीच चार प्रांतों में 47 पूर्व सशस्त्र बलों के सदस्यों की हत्याओं या"गायब होने" का दस्तावेजीकरण किया है। उसने कहा कि इसके शोध से संकेत मिलता है कि कम से कम 53 अन्य हत्याओं एवं व्यक्तियों के गायब होने के मामले भी हैं।

### केंद्रीय विश्वविद्यालयों...

तरीकों का सुझाव देने के लिए एक समिति गठित की गई थी। आयोग ने कहा, समिति ने सीईटी संचालित करने के लिए तौर तरीकों के ब्योरे के बारे में कई दौर की चर्चा की। इसके बाद, समिति की सिफारिशों पर चर्चा करने के लिए सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ एक बैठक की गई। उल्लेखनीय है कि शिक्षा मंत्रालय ने घोषणा की थी कि विश्वविद्यालयों में दाखिला 2021 अकादमिक सत्र से सीईटी के आधार पर होगा लेकिन कोविड-19 महामारी के चलते ऐसा नहीं हो सका।

### देश की...

32,96,718 करोड़ रुपए पर आ गई थी। स्थिर मूल्य (2011-12) पर जीडीपी के वर्ष 2021-22 की पहली छमाही यानी अप्रैल-सितंबर अवधि में 68.11 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान लगाया गया है जो पिछले साल इसी अवधि में यह 59.92 लाख करोड़ रुपए था। इस तरह यह चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 13.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में इसमें 15.9 प्रतिशत की गिरावट आई थी। एनएसओ के आंकड़े के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) वृद्धि 2021-22 की दूसरी तिमाही में बढ़कर 5.5 प्रतिशत रही। जबकि एक साल पहले इसी अवधि में इसमें गिरावट आई थी। कृषि क्षेत्र में जीवीए वृद्धि दर आलोच्य तिमाही में 4.5 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले 2020-21 की दूसरी तिमाही में 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

# बेल्जियम को हराने के लिए भारत का भरोसा ड्रैग फ्लिकरों पर

**जूनियर हॉकी विश्व कप**

**भाषा।** भुवनेश्वर




**दो** धमाकेदार जीत के बाद लय हासिल कर चुकी गत चैम्पियन भारतीय टीम एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में बुधवार को यूरोपीय दिग्गज बेल्जियम के खिलाफ उतरेगी तो उसकी उम्मीदें शानदार फॉर्म में चल रहे अपने ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञों पर टिकी होंगी। खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम को पहले मैच में फ्रांस ने 5 – 4 से हराकर उलटफेर कर दिया था। इसके बाद हालांकि भारत ने वापसी करते हुए कनाडा को 13 –1 और पोलैंड को 8 – 2 से हराकर पूल बी में दूसरा स्थान हासिल किया। तीसरी बार खिताब जीतने के लिए भारत को अब हर मैच में उम्दा प्रदर्शन करना होगा। बेल्जियम के खिलाफ क्वार्टर फाइनल लखनऊ में 2016 में खेले गए फाइनल का दोहराव होगा जिसमें भारत ने 2 –1 से जीत दर्ज की थी। यह मुकाबला बराबरी का होगा और मौकों को भुनाने में कामयाब रहने वाली टीम ही जीतेगी। भारत के पास उत्तम सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल, सुदीप चिरमाको और मनिंदर सिंह जैसे स्ट्राइकर हैं। उत्तम और मनिंदर ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। इसके अलावा पेनल्टी कॉर्नर में अनेक विकल्प होने का भी भारत को फायदा है। उपकप्तान संजय कुमार, हुंडल, शारदानंद तिवारी और अभिषेक लाकड़ा ने गोल किए हैं। संजय खास तौर पर शानदार फॉर्म में हैं जिन्होंने फ्रांस और कनाडा के खिलाफ हैट्रिक लगाई। हुंडल ने भी पोलैंड के खिलाफ तीन गोल किए। मिडफील्ड में कप्तान विवेक सागर प्रसाद हैं जो तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय सीनियर टीम का हिस्सा थे। डिफेंस को इस मैच में काफी मेहनत करनी होगी क्योंकि बेल्जियम का आक्रमण काफी मजबूत है। भारत के मुख्य कोच और इस टूर्नामेंट के लिए जूनियर टीम के कोच ग्राहम रीड ने कहाकि खिलाड़ियों ने बेल्जियम का प्रदर्शन देखा है और वे आत्मविश्वास से ओतप्रोत हैं। उम्मीद है कि हम यह मैच जीतेंगे। भारतीय कप्तान विवेक ने कहाकि बेल्जियम बहुत अच्छी टीम है और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। बेल्जियम ने जूनियर विश्व कप कभी नहीं जीता है और सीनियर टीम की सफलता को दोहराने का उस पर दबाव है। बेल्जियम की सीनियर टीम ओलंपिक और विश्व चैम्पियन है। बेल्जियम के मुख्य कोच जेरोन बार्ट ने कहा कि उनके खिलाड़ियों को भारत के पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञों को रोकने के लिए दमदार प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा , भारत के पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ बहुत अच्छे हैं। संजय, हुंडल और तिवारी ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्हें रोकना बड़ी चुनौती होगा। उन्होंने कहा , हमें सर्कल के बाहर उन्हें रोकना होगा और पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना होगा। हमें अपने डिफेंडरों पर भरोसा है। कोरोना महामारी के कारण टूर्नामेंट दर्शकों के बिना हो रहा है और बार्ट ने कहा कि इससे उनकी टीम को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा , हम पर दबाव कम होगा। हमें खचाखच भरे स्टेडियमों में खेलने की आदत नहीं है। 2016 में टूर्नामेंट के पहले हाफ में हमें दिक्कत हुई थी। लखनऊ में भारतीय दर्शक काफी ऊर्जावान थे। इस बार भारत पर दबाव अधिक होगा चूंकि मैदान में महज 1000 दर्शक होंगे। दिन के अन्य क्वार्टर फाइनल में जर्मनी का सामना स्पेन से, नीदरलैंड का अर्जेंटीना से, फ्रांस का मलेशिया से मुकाबला होगा।

## पाकिस्तान ने पहले टेस्ट में बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया

**चटगांव।** सलामी बल्लेबाज आबिद अली लगातार दूसरा शतक नौ रन से चूक गए लेकिन पाकिस्तान ने 202 रन के लक्ष्य का आसानी से पीछा करते हुए बांग्लादेश को पहले क्रिकेट टेस्ट में आठ विकेट से हरा दिया। आबिद और अब्दुल्लाह शफीक ने पहले विकेट के लिए 151 रन जोड़े। यह मैच में उनकी लगातार दूसरी शतकीय साझेदारी थी जिससे पाकिस्तान को मजबूत शुरूआत मिली। पहली पारी में 133 रन बनाने वाले आबिद ने 148 गेंद में 91 रन बनाए। अपने कल के स्कोर बिना किसी नुकसान के 109 रन से आगे खेलते हुए पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाजों को कोई परेशानी नहीं हुई। आफ स्पिनर मेहिदी हसन ने शफीक को पगबाधा आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। शफीक ने 73 रन बनाए। इसके सात ओवर बाद बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम ने आबिद को पगबाधा आउट किया। पाकिस्तान का स्कोर इस समय दो विकेट पर 171 रन था। इसके बाद अजहर अली और कप्तान बाबर आजम ने टीम को जीत तक पहुंचाया।

## दोराहे पर था पिछले साल कैरियर, पता नहीं था कि टेस्ट टीम में रहूंगा या नहीं : अश्विन

**भाषा।** कानपुर



**टेस्ट** क्रिकेट में भारत के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने खुलासा किया कि उन्हें डर था कि पिछले साल कोरोना महामारी के कारण उपजी परिस्थितियों के बीच उनका कैरियर खत्म हो जाएगा। पैतीस वर्ष के अश्विन ने अपने 80वें टेस्ट में 419वां विकेट लेकर हरभजन सिंह ( 103 टेस्ट में 417 विकेट) को पछाड़ दिया। उन्होंने कहा कि पिछले साल की शुरूआत में भारतीय टीम के न्यूजीलैंड दौरे के बाद उनका कैरियर दोराहे पर था। बीसीसीआई की वेबसाइट के लिए अपने साथी खिलाड़ी श्रेयस अय्यर को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा , ईमानदारी से कहूं तो कोरोना महामारी और लाकडाउन के बीच मेरे जीवन और मेरे कैरियर में पिछले कुछ साल से जो कुछ हो रहा था , मुझे पता नहीं था कि टेस्ट क्रिकेट फिर खेलूंगा या नहीं। उन्होंने कहा , मैने क्राइस्टचर्च में 29 फरवरी 2020 से शुरू हुआ आखिरी टेस्ट नहीं खेला था। मैं दोराहे पर था कि दोबारा टेस्ट खेल सकूंगा या नहीं। मेरा भविष्य क्या है। क्या मुझे टेस्ट टीम में जगह मिलेगा क्योंकि मैं वही प्रारूप खेल रहा था। ईश्वर दयालु है और अब हालात बिल्कुल बदल गए। अश्विन ने कहा , मैं दिल्ली कैपिटल्स टीम में आया और जब तुम (श्रेयस) कप्तान थे तभी से हालात बदलने लगे। अश्विन का पूरा परिवार मई में कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गया था। उन्हें इस वजह से आईपीएल छोड़ना पड़ा। उन्होंने कहा कि हरभजन ने उन्हें आफ स्पिन गेंदबाजी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ 2001 में हरभजन के प्रदर्शन को देखकर ही वह आफ स्पिनर बनने की ओर प्रेरित हुए। उन्होंने कहा , उनसे प्रेरणा लेकर मैने आफ स्पिन गेंदबाजी शुरू की और आज यहां तक पहुंचा। धन्यवाद भज्जी पा मुझे प्रेरित करने के लिए।यह शानदार उपलब्धि है। मेरे लिए यह गर्व की बात है कि मैने इसी मैदान पर 200वां विकेट लिया था और इसी मैदान पर हरभजन को पीछे छोड़ा। पहला टेस्ट ड्रॉ रहने के बारे में उन्होंने कहा , अभी भरोसा नहीं हो रहा है कि हम जीत नहीं सके। जीत के इतने करीब पहुंचकर भी। मेरे लिए यह पचा पाना मुश्किल है। उन्होंने कहा , ऐसा जमैका में भी एक बार हुआ था। आखिरी दिन हम जीत की कोशिश में थे लेकिन जीत नहीं सके थे। आखिरी पारी में गेंदबाजी करने के कारण मुझे इससे उबरने में अधिक समय लगेगा।

# आईपीएल की नीलामी से पहले कोहली, रोहित शर्मा, महेंद्र सिंह धोनी रिटेन

**नई दिल्ली ( भाषा )।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने आईपीएल की खिलाड़ियों की नीलामी से पहले मंगलवार को अपने पूर्व कप्तान विराट कोहली जबकि मुंबई इंडियन्स ने उम्मीद के मुताबिक भारत के टी20 कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह को रिटेन (अपनी टीम के साथ बरकरार रखना) किया। महेंद्र सिंह धोनी अपनी टीम में आलराउंडर रविंद्र जडेजा के बाद रिटेन होने वाले दूसरे नंबर के खिलाड़ी होंगे। टीम ने रिटेन करने वाले खिलाड़ियों की सूची में रुतुराज गायकवाड़ को चौथे नंबर पर रखा है जबकि मोईन अली को भी रिटेन किया है। जिन बड़े नामों को रिलीज किया गया उसमें खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियन्स के आलराउंडर हार्दिक पंड्या और आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन शामिल हैं। आरसीबी ने लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और पिछले सत्र के पर्पल कैप विजेता हर्षल पटेल को रिलीज किया। पंजाब किंग्स ने अपने पिछले साल के कप्तान लोकेश राहुल को रिलीज किया जबकि सनराइजर्स हैदराबाद ने केन विलियमसन को नंबर एक खिलाड़ी के रूप में रिटेन किया लेकिन स्टार स्पिनर राशिद खान को रिलीज कर दिया। सनराइजर्स के सीईओ के शानमुगम ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया कि उन्होंने राशिद को क्यों जाने दिया। उन्होंने कहा, अगर कोई खिलाड़ी कीमत के कारण नीलामी में जाना चाहता है तो हम उसके फैसले का सम्मान करते हैं। हम देखेंकि कि क्या नीलामी में सही कीमत चुकाकर उसे खरीद सकते हैं।

रिटेन किए गए खिलाड़ियों की पूरी सूची (भारतीय रुपए में): मुंबई इंडियंस: रोहित शर्मा (16 करोड़), जसप्रीत बुमराह (12 करोड़), सूर्यकुमार यादव (8 करोड़), कीरोन पोलार्ड (6 करोड़)। चेन्नई सुपर किंग्स: रविंद्र जडेजा (16 करोड़), महेंद्र सिंह धोनी (12 करोड़), मोईन अली (8 करोड़), रुतुराज गायकवाड़ (6 करोड़)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर: विराट कोहली (15 करोड़), ग्लेन मैक्सवेल (11 करोड़), मोहम्मद सिराज (7 करोड़)। पंजाब किंग्स: मयंक अग्रवाल (12 करोड़, 14 करोड़ कुल राशि से काटे जाएंगे) और अर्शदीप सिंह (4 करोड़)। सनराइजर्स हैदराबाद: केन विलियमसन (14 करोड़), अब्दुल समद (4 करोड़), उमरान मलिक (4 करोड़)। राजस्थान रॉयल्स: संजू सैमसन (14 करोड़), जोस बटलर (10 करोड़), यशस्वी जायसवाल (4 करोड़)।

## स्मृति, मिताली महिला वनडे रैंकिंग में छठे और तीसरे स्थान पर

**दुबई।** भारतीय बल्लेबाज मिताली राज और स्मृति मंधाना आईसीसी महिला एक दिवसीय क्रिकेट रैंकिंग मे तीसरे और छठे स्थान पर बनी हुई है जबकि हरफनमौला दीप्ति शर्मा पांचवे स्थान पर है। मिताली के 738 अंक है जबकि स्मृति के 710 अंक है। दक्षिण अफ्रीका की लिजेले ली 761 अंक लेकर शीर्ष पर है। वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर और हेली मैथ्यूज वनडे बल्लेबाजो और हरफनमौलाओ की रैंकिंग मे ऊपर आई है।टेलर बल्लेबाजी मे शीर्ष दस मे आ गई है जबकि हरफनमौलाओ की सूची मे चौथे स्थान पर है।मैथ्यूज आठवे स्थान पर है। हरफनमौलाओ की सूची मे मरिजान्ने शीर्ष पर है जबकि नटाली स्किवेर दूसरे और एलिसे पैरी तीसरे स्थान पर है।

**PUBLIC NOTICE**

I Saumyaranjan Samantaray Aged about 44 years, serving personnel of Assam Rifles Under Ministry of Home Affairs India. R/o at- Adhanga P.O. Bhagabanpur, P.S. Kendrapara Sadar Dist- Kendrapara Pin - 754134. That my wife's correct name and DOB is Renubala Samantaray and 13.04.1977 (as per her board of secondary education bearing roll no 25AA106, SL No. 931104357) which has been wrongly mentioned as Renu Bala, 23.08.1977 in my field service document (FSD). That the affidavit will be produce before the concerned authority for acceptance of my wife's correct name and DOB as Renubala Samantaray and 13.04.1977 for all future purposes.

**PUBLIC NOTICE**

Be It know to all concerned that my client, **Hari Mohan Sharma son of Shri. Ulfat Ram resident of B-54, Khanpur Extn., New Delhi-110062,** has severd his relations/ connections and disowned his son namely **Inder Mohan Sharma** and has debarred them from all of their moveable and immoveable properties because of his bad behaviour towards my client, In future anybody dealing with them shall do so at his/her own risk. My client and their family will not be responsible for any act done by them with anyone.

**Raj Kumar Advocate.**
**Chamber No.466, Saket Court**
**Complex New Delhi 110017**

## भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए कोरिया रवाना

**भाषा।** बेंगलुरु

**भारतीय** महिला हॉकी टीम पांच दिसंबर से डोंगही में होने वाली एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए मंगलवार को कोरिया रवाना हो गई। तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद यह भारतीय टीम का पहला टूर्नामेंट है। एक पूल की इस प्रतियोगिता में भारत को चीन, कोरिया, जापान, थाईलैंड और मलेशिया से भिड़ना है। भारत अपना पहला मैच पांच दिसंबर को थाईलैंड से खेलेगा जबकि छह दिसंबर को मलेशिया से भिड़ेगा। टीम अपने तीसरे मैच में आठ दिसंबर को मेजबान और गत चैंपियन कोरिया से भिड़ेगी जबकि नौ दिसंबर को चीन और 11 दिसंबर को जापान का सामना करेगी। बेंगलुरू में रिहैबिलिटेशन से गुजर रही रानी की गैरमौजूदगी में टीम की अगुआई कर रही सविता ने विज्ञप्ति में कहा, निश्चित तौर पर पूरी टीम रोमांचित है। ओलंपिक के बाद यह हमारा पहला टूर्नामेंट है और टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, टीम में काफी युवा खिलाड़ी हैं और अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करेंगी, वे अनुभव हासिल करने के लिए उत्सुक हैं। दुनिया की नौवें नंबर की टीम भारत टूर्नामेंट की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम है।

## भारत और न्यूजीलैंड की टीम दूसरे टेस्ट के लिए मुंबई पहुंची

**मुंबई।** भारत और न्यूजीलैंड की टीम तीन दिसंबर से यहां वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के लिए मंगलवार को यहां पहुंची। मुंबई क्रिकेट संघ ने अधिकारी ने बताया कि दोनों टीमें शाम को चार्टर्ड विमान से कानपुर से यहां पहुंची। मुंबई में लगभग पांच साल बाद टेस्ट क्रिकेट की वापसी होगी। यहां पिछला टेस्ट 2016 में भारत और इंग्लैड के बीच खेला गया था। महाराष्ट्र सरकार ने मैच के लिए दर्शकों की सीमा को स्टेडियम की क्षमता के 25 प्रतिशत तक सीमित किया गया है।

## राजश्री संचेती ने राष्ट्रीय निशानेबाजी में महिला एयर राइफल का स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राजश्री संचेती ने मंगलवार को यहां 64वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिला 10 मीटर एयर राइफल का स्वर्ण पदक जीता। राजश्री आठ निशानेबाजों के फाइनल में 251.8 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं। उन्होंने रजत पदक जीतने वाली हिमाचल प्रदेश की जीना खिता को 1.6 अंक से पछाड़ा। स्थानीय दावेदार श्रेया अग्रवाल ने 24 शॉट के फाइनल में 22 शॉट के बाद 227.7 अंक से कांस्य पदक जीता। जूनियर महिला 10 मीटर एयर राइफल का खिताब तमिलनाडु की आर नर्मदा नितिन के नाम रहा जिन्होंने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल का 252.1 अंक का रिकॉर्ड स्कोर बनाया। जीना इस स्पर्धा में भी दूसरे स्थान पर रहीं। मेइराज अहमद और अरीबा खान की जोड़ी ने पटियाला में मिश्रित स्कीट टीम खिताब जीता।

# श्रीलंका 204 रन पर सिमटा

● **वेस्टइंडीज के एक विकेट पर 69 रन**

**भाषा।** गॉल



**वेस्टइंडीज** ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में मंगलवार को श्रीलंका को 204 रन पर समेटने के बाद बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल जल्दी समाप्त होने तक एक विकेट पर 69 रन बनाए। बाएं हाथ के स्पिनरों वीरासामी पेरमॉल (35 रन पर पांच विकेट) और जोमेल वारिकन (50 रन पर चार विकेट) ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मिलकर श्रीलंका के नौ विकेट चटकाए। वीरासामी ने पांच साल से अधिक समय बाद पहला टेस्ट खेलते हुए करियर में पहली बार पारी में पांच विकेट हासिल किए। बारिश के कारण जब दिन का खेल समाप्त किया गया तब कप्तान क्रेग ब्रेथवेट 22 जबकि एनक्रुमाह बोनेर एक रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज की टीम 135 रन से पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष है। इससे पहले श्रीलंका ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 113 रन से की। पाथुम निसंका और ओशाडा फर्नांडो (18) ने 26 और रन जोड़े। वीरासामी ने दिन के सातवें ओवर में फर्नांडो को विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा के हाथों कैच कराया। वीरासामी ने इसके बाद निसंका (73) और धनंजय डिसिल्वा (02) को एक ही ओवर में आउट करके मेजबान टीम को दोहरा झटका दिया। निसंका ने 148 गेंद की अपनी पारी में एक छक्का और पांच चौके मारे। पदार्पण कर रहे चरिथ असलंका 10 रन बनाने के बाद वीरासामी का अगला शिकार बने। उन्होंने बोनेर को कैच थमाया। एंजेलो मैथ्यूज 12 रन के स्कोर पर चोटिल होकर वापस लौटे लेकिन आठवां विकेट गिरने के बाद वापस लौटे। वह दौड़ नहीं पा रहे थे लेकिन उन्होंने दो छक्के और एक चौके की मदद से 29 रन बनाए। वारिकन ने उन्हें बोल्ड करके श्रीलंका की पारी का अंत किया। वेस्टइंडीज को ब्रेथवेट और जर्मेन ब्लैकवुड (44) ने पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रवीण जयविक्रम ने ब्लैकवुड को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा। ब्लैकवुड ने 99 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके जड़े।

## आडवाणी ने नॉकआउट मेंजगह पक्की की, एमी की लगातार दूसरी जीत

**भोपाल।** कई बार के विश्व चैंपियन और दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने मंगलवार को यहां 88वीं राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप के पुरुष 6 रेड स्नूकर राउंड रोबिन लीग के बेस्ट आफ सेवन फ्रेम मुकाबले मे उत्तर प्रदेश के विनायक अग्रवाल को 4-2 से हराकर नॉकआउट मे जगह पक्की की।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा,**
**उत्तराखण्ड पेयजल निगम, डीडीहाट, पिथौरागढ़**

पत्रांक : 2377/निविदा/741 दिनांक : 30.11.2021

**ई–निविदा सूचना**

1. कार्य का नामः 1. द्यौकली पे0यो0 2. सौगांव पे0यो0 3. धिमाली पे0यो0 (द्वितीय चरण), 4. दौली–कौली पे0यो0 (द्वितीय चरण) 5. तिलाड़ी पे0यो0 (जल जीवन मिशन द्वितीय चरण)।
2. ई–निविदा पोर्टल में प्रकाशन की तिथिः– 03.12.2021 अपरान्ह 3:00 बजे।
3. निविदा ऑनलाइन करने की अन्तिम तिथिः– 21.12.2021 अपरान्ह 5:00 बजे।

निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्तें www.uktenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता

''जल संचय–जीवन संचय'' कृपया जल स्रोतों को प्रदूषित होने से बचाईये''
वैधानिक चेतावनी – जल स्रोतों को प्रदूषित करना दण्डनीय अपराध है।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

**1) TATAMOTORS T2518FBGD HR69C1197- YOM 2015**
**MINIMUM RESERVE PRICE RS. 470000**

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 16.12.2021(PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125,NOIDA -201313 OR CONTACT :RAJESH ANTIL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT:/ 09711173320
EMAIL rajesh.antil@kotak.com

**पहचान की अपील**



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति का शव जिसका **नाम**: नामालूम, **पुत्र**: नामालूम, **पता**: नामालूम, जिसकी **उम्र**: लगभग 50 साल, **कद**: 5'5", **रंग**: गेहुँआ, चेहरा: अंडाकार, **शरीर**: पतला, जो दिनांक 25.11.2021 को रेलवे लाइन झिलमिल मेट्रो स्टेशन के पास बेहोशी की हालत में मिला जिसे जीटीबी अस्पाताल एमएलसी नंबर B-5716/21 में भर्ती कराया गया । जिसे इलाज के दौरान डाक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया । इस संदर्भ में वाईड **डीडी सं. 74ए दिनांक 25.11.2021 को पुलिस थाना जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** में दर्ज है ।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस मृत व्यक्ति का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है । अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें ।

**थानाअध्यक्ष**
**पुलिस थाना जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली**

**DP/633/SHD/2021** **Ph. : 011-22580947, 7065036031**

# मेस्सी रिकॉर्ड सातवीं बार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर बने

**पुतेलास सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी**

**भाषा।** पेरिस



**लियोनेल** मेस्सी को रिकॉर्ड सातवीं बार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर का बलोन डी ओर पुरस्कार मिला जिन्होंने बार्सीलोना के साथ आखिरी सत्र में शानदार प्रदर्शन किया और अर्जेंटीना के साथ पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता। वहीं महिला वर्ग में अलेक्सिया पुतेलास ने बार्सीलोना और स्पेन के लिए अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर पुरस्कार जीता। 34 वर्ष के मेस्सी के शानदार प्रदर्शन के दम पर अर्जेंटीना ने जुलाई में कोपा अमेरिका खिताब जीता। मेस्सी ने पुरस्कार जीतने के बाद अनुवादक की मदद से कहा , मैं बहुत खुश हूं। नए खिताबों के लिए लड़ते रहना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा , पता नहीं अभी कितने साल बाकी है लेकिन उम्मीद है कि काफी समय है। मैं बार्सीलोना और अर्जेंटीना में सभी साथी खिलाड़ियों को धन्यवाद देना चाहता हूं। मेस्सी के 613 अंक रहे जबकि पोलैंड के स्ट्राइकर राबर्ट लेवांडोवस्की 580 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। मेस्सी ने कहा , मैं रॉबर्ट से यह कहना चाहता हूं कि तुम्हारा प्रतिद्वंद्वी होना सम्मान की बात है। हर कोई यह कहेगा कि तुम पिछले साल इसके हकदार थे। यह पुरस्कार फ्रांस की फुटबॉल पत्रिका बलोन डीओर द्वारा 1956 से हर साल सर्वश्रेष्ठ पुरूष फुटबॉलर को दिया जाता है। यह 2018 से महिला वर्ग में भी दिया जा रहा है।दोनों पुरस्कार 2020 में कोरोना महामारी के कारण नहीं दिए गए थे। लेवांडोवस्की ने एक सत्र में बुंडेस्लीगा में 41 गोल का रिकॉर्ड बनाया जो जर्मनी के दिग्गज गर्ड म्यूलर से एक गोल अधिक है।उन्होंने फरवरी से सितंबर तक बायर्न म्युनिख के लिए लगातार 19 मैचों में गोल किए। वह इस सत्र में बायर्न के लिए 20 मैचों में 25 गोल कर चुके हैं। चेलसी और इटली के मिडफील्डर जोर्गिन्हो तीसरे स्थान पर रहे जबकि रीयाल मैड्रिड और फ्रांस के फॉरवर्ड करीम बेंजीमा चौथे स्थान पर रहे। पुतेलास ने इस साल 42 मैचों में 26 गोल किए।उन्होंने चेलसी के खिलाफ चैम्पियंस लीग फाइनल में भी गोल किया था। वह युएफा की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी भी रही। उन्होंने कहा , यह बहुत खास पल है। मैं बहुत भावुक हो गई हूं।मैं अपने साथी खिलाड़ियों को धन्यवाद देना चाहती हूं। मेस्सी के नाम क्रिस्टियानो रोनाल्डो से दो अधिक यह पुरस्कार है।रोनाल्डो छठे स्थान पर रहे। मेस्सी ने बार्सीलोना के लिए कुल 672 गोल किए हैं। अपने आखिरी सत्र में उन्होंने 38 गोल दागे और कोपा डेल रे फाइनल भी जीता। कोपा अमेरिका में उन्होंने चार गोल किए और पांच में मदद की। अब वह पेरिस सेंट जर्मेन के लिए खेलते हैं जिसके लिए अब तक नौ मैचों में चार गोल कर चुके हैं।

## कप्तान लिविंगस्टोन के शानदार प्रदर्शन से टीम अबुधाबी जीती

**अबुधाबी।** कप्तान लियाम लिविंगस्टोन के 24 गेंद में 59 रन की मदद से टीम अबुधाबी ने अबुधाबी टी10 लीग में डेक्कन ग्लैडिएटर्स को आठ रन से हरा दिया। लिविंगस्टोन की पारी के दम पर टीम अबुधाबी ने चार विकेट पर 125 रन बनाए।उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और छह छक्के लगाए। फिलिप साल्ट ने ग्लैडिएटर्स के कप्तान वहाब रियाज को पारी की पहली तीन गेंदों पर लगातार तीन चौके जड़े। अगले ओवर में दो चौके और जमाने के बाद वह ओडियन स्मिथ की गेंद पर बोल्ड हो गए। लिविंगस्टोन पारी के नौवें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ग्लैडिएटर्स आठ रन से चूक गए। कप्तान शेल्टन कोटरेल ने टॉम कोलेर काडमोर को पहली ही गेंद पर आउट कर दिया। दूसरे ओवर में हालांकि टॉम मूर्स ने मर्चेंट डि लांगे को दो चौके और एक छक्का लगाया। डि लांगे ने हालांकि अनवर अली और आंद्रे रसेल को आठवें ओवर में आउट करके ग्लैडिएटर्स की राह मुश्किल कर दी।

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चौथी मंजिल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता 700020. CIN No: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह–कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह–कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शुभज्योति दत्ता/ अंजलि उपाध्याय/ फ्लैट नं. 703, टॉवर निम्बसपैरामाउंट सिम्फनी क्रॉसिंग रिपब्लिक उत्तर प्रदेश गाजियाबाद 201016/ LBCAL00005177457 | फ्लैट नं. ए/1–9, प्रथम (प्रथम), विंग 'ए' में, "मौनथिल फ्यूजन" नामक परिसर में, वार्ड नंबर 5, गोपालपुर, डाकघर राजारहाट, गोपालपुर, कोलकाता–700136, पुलिस स्टेशन में – हवाई अड्डा, राजारहाट गोपालपुर नगर पालिका की सीमा के भीतर, जिला–उत्तर 24 परगना क्षेत्र का परिमाप 2047 वर्ग फीट एक कार पार्किंग के साथ सुपर बिल्ट अप एरिया– 01, मध्यम आकार का 135 वर्ग फीट तहखाने में/ सांकेतिक कब्जे की तिथि 25.11.2021 | 23.06. 2021 ₹ 68,37,078/- | गाजियाबाद/ कोलकाता |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह–कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: दिसम्बर 01, 2021
स्थान: गाजियाबाद

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# अमेरिकी ठिकानों को मजबूत करने संबंधी पेंटागन की रिपोर्ट पर चीन को आपत्ति

**भाषा।** बीजिंग

**चीन** द्वारा पेश की जा रही चुनौतियों का सामना करने के लिए गुआम और ऑस्ट्रेलिया में अमेरिकी ठिकानों को बढ़ाने से संबंधित पेंटागन की एक रिपोर्ट पर बीजिंग ने मंगलवार को आपत्ति जताते हुए कहा कि यह कदम हिंद-प्रशांत को घेरने और नियंत्रित करने के वाशिंगटन के प्रयासों को पूरी तरह से उजागर करता है।


अमेरिका की एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने सोमवार को कहा था कि चीन का मुकाबला करने के लिए अमेरिकी सेना को बेहतर तरीके से तैयार करने के उद्देश्य से पेंटागन गुआम और ऑस्ट्रेलिया में ठिकाने बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस कदम को रक्षा विभाग की वैश्विक स्थिति समीक्षा के तहत उठाया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने फरवरी में पदभार संभालने के तुरंत बाद रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन को इस समीक्षा का आदेश दिया था। नीति संबंधी मामलों पर उप अवर सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहीं डॉक्टर मारा कार्लिन ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बाइडन ने वैश्विक स्थिति समीक्षा से संबंधित ऑस्टिन के निष्कर्षों और सिफारिशों को हाल में मंजूरी दी है। सीएनएन ने अधिकारी के हवाले से कहा कि यह समीक्षा चीन का मुकाबला करने के लिए अमेरिकी रक्षा विभाग को गुआम और ऑस्ट्रेलिया में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और प्रशांत द्वीपों में सैन्य निर्माण को प्राथमिकता देने के साथ-साथ सैन्य साझेदारी गतिविधियों के लिए अधिक क्षेत्रीय पहुंच सुनिश्चित करने का निर्देश देती है।

**● चीन को खतरा बताकर सैन्य रक्षा व सैन्य शक्ति के विस्तार और सैन्य आधिपत्य बनाए रखने के अमेरिका के प्रयासों का चीन कड़ा विरोध करता हैः झाओ**

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने यहां प्रेस वार्ता में इस मामले पर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर कहा: पेंटागन की रिपोर्ट तथाकथित हिंद-प्रशांत क्षेत्र का सैन्ईकरण करने तथा इसे घेरने और चीन को रोकने के उसके वास्तविक इरादों को पूरी तरह से उजागर करती है। झाओ ने कहा, चीन को खतरा बताकर सैन्य रक्षा व सैन्य शक्ति के विस्तार और सैन्य आधिपत्य बनाए रखने के अमेरिका के प्रयासों का चीन कड़ा विरोध करता है। अमेरिकी पक्ष को एक काल्पनिक दुश्मन खड़ा करने की अपनी शीत युद्ध की मानसिकता को छोड़ देना चाहिए।

## पुलिस ने ब्राजील के जंगल में सोना खनिकों की नाव जलाईं

**बोरबा( एपी )।** ब्राजील पुलिस ने बताया कि उन्होंने अमेजन के मध्य में सोना खनिकों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली 131 नावों को जला दिया, जिसके बाद गरीबी और अपराध से प्रभावित इस अलग-थलग पड़े क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। शनिवार से मदिरा नदी के ऊपर धुआं उठ रहा है और कई स्थानीय लोगों ने शिकायत की है कि अधिकारियों की त्वरित कार्वाई की वजह से वह वर्षा-वन में फंस गए हैं। ब्राजील के न्याय मंत्री एंडरसन टोरेस ने नावों को जलाने की घटना की सोशल मीडिया पर पुष्टि की है। यह घटना राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो के प्रशासन के रुख में बदलाव को दर्शाता है जो अक्सर सोना खनिकों का पक्ष लेते हुए यह तर्क देता आया है कि उन्हें प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने की अनुमति दी जाए। टोरेस ने ट्विटर पर कहा, यह बोलसोनारो प्रशासन द्वारा त्वरित और प्रभावी छापेमारी थी।



ब्रिजटाउन में बारबाडोस की प्रधान मंत्री मिया मोटली (बाएं) और बारबाडोस के राष्ट्रपति डेम सैंड्रा मेसन (दाएं) की उपस्थिति में एक समारोह में गायिका रिहाना को सम्मानित किया गया

## अमेरिका में सीडीसी ने 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को बूस्टर खुराक लेने की सिफारिश की

**एपी।** वाशिंगटन

**कोरोना** वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के मामले कई देशों में मिलने के बाद अमेरिका में रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने सभी वयस्कों के लिए कोविड-19 टीके की बूस्टर खुराक की सोमवार को सिफारिश की। एजेंसी ने पहले सभी वयस्कों के लिए बूस्टर खुराक को मंजूरी दी थी लेकिन 50 साल या 50 साल से ज्यादा उम्र के लोगों या फिर दीर्घकालिक देखभाल में रह रहे लोगों को ही यह खुराक लगाने की सिफारिश की थी। सीडीसी के निदेशक डॉक्टर रोचेल वालेंस्की ने कहा कि नया दिशानिर्देश ओमीक्रोन स्वरूप के सामने आने के मद्देनजर जारी किया गया है, जिसके मामले अब तक अमेरिका में नहीं मिले हैं लेकिन अधिकारियों का कहना है कि यहां भी मामले सामने आ सकते हैं।

# जर्मनी की अदालत ने आईएस के पूर्व सदस्य को यजीदी बच्ची की मौत का दोषी करार दिया

**एपी।** बर्लिन

**जर्मनी** की एक अदालत ने पांच साल की यजीदी बच्ची की मौत के मामले में इस्लामिक स्टेट समूह के पूर्व सदस्य को मंगलवार को नरसंहार और युद्ध अपराध का दोषी करार दिया। व्यक्ति ने पांच साल की बच्ची को गुलाम के तौर पर खरीदा था और सजा के तौर पर उसे कड़ी धूप में जंजीरों से बांध दिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। फ्रैंकफर्ट की क्षेत्रीय अदालत ने इराकी नागरिक ताहा अल-जे को उम्रकैद की सजा सुनाई और बच्ची की मां को 50,000 यूरो (57,000 अमेरिकी डॉलर) देने का आदेश दिया। दोषी का उपनाम निजता नियमों के कारण सार्वजनिक नहीं किया गया है।

जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए की खबर के अनुसार, मामले की सुनवाई कर रहे जज क्रिस्टोफर कोल्लर ने कहा कि यजीदी धार्मिक अल्पसंख्यकों का आईएस द्वारा सुनियोजित रूप से दमन किए जाने में भूमिका के लिए पूरी दुनिया में किसी को दोषी करार दिए जाने की यह पहली घटना है। हालांकि, बचाव पक्ष के वकील ने अपने मुवक्किल के खिलाफ आरोपों से इंकार किया था। उक्त दोषी की जर्मन पत्नी को भी इसी मामले में पिछले महीने 10 साल कैद की सजा सुनाई गई। संयुक्त राष्ट्र ने उत्तरी इराक में अपनी ही धरती पर यजीदी समुदाय के लोगों के खिलाफ 2014 में आईएस के हमलों को नरसंहार करार देते हुए कहा था कि 4,00,000 आबादी वाले यजीदी समुदाय के लोग या तो भागने पर मजबूर हुए हैं, यह पकड़े गए हैं या फिर उनको मार दिया गया है। इनमें से हजारों लोगों को आईएस ने पकड़ा। उसने लड़कों को अपने पक्ष में लड़ने पर मजबूर किया, जिन पुरुषों ने इस्लाम नहीं अपनाया उन्हें मार डाला गया और महिलाओं तथा बच्चियों को गुलामी के लिए बेच दिया गया। जर्मन अभियोजकों के अनुसार, अल-जे ने 2015 में सीरिया में आईएस के एक शिविर से एक यजीदी महिला और उसकी पांच साल की बेटी को गुलाम के रूप में खरीदा। दोनों को आतंकवादी संगठन ने 2014 के अगस्त में उत्तरी इराक से पकड़ा था जिसके बाद मां-बेटी को बार-बार खरीदा-बेचा गया। तय आरोप के अनुसार, अल-जे मां-बेटी को अपने साथ इराक के फलुजा शहर में अपने घर ले गया और उन्हें मकान की देखभाल करने और कठोर इस्लामिक कानून के अनुरुप रहने को मजबूर किया। इस दौरान उसने मां-बेटी को भर पेट भोजन भी नहीं दिया और सजा के तौर पर लगातार उनकी पिटाई की। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि 2015 के अंत में अल-जे ने बच्ची को 50 डिग्री सेल्सियस की तेज धूप में खिड़की की छड़ से जंजीरों से बांध दिया और इसी सजा के क्रम में बच्ची की मौत हो गई।

## संकट में घिरे कैनसास के सांसद एक महीने में दूसरी बार गिरफ्तार

**एपी।** लॉरेंस (अमेरिका)

**शराब** के नशे में गाड़ी चलाने के संदेह में एक महीने से भी कम समय में दूसरी बार कैनसास से 21 वर्षीय सांसद को गिरफ्तार किया गया और इसके बाद उनके इस्तीफे या पद से हटाने की मांग फिर जोर पकड़ने लगी हैं। कैनसास हाईवे पेट्रोल ने कहा कि शुक्रवार देर रात करीब। बजे कैनसास के एक सैनिक ने लॉरेंस के करीब अंतरराज्र्ईय 70 पर आरोन कोलमैन को गिरफ्तार किया। कोलमैन को डगलस काउंटी जेल ले जाया गया। घंटों बाद उन्हें जमानत मिल गई और वह रिहा हो गए। इस मामले में सोमवार सुबह तक कोलमैन की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं मिल पाई है। गिरफ्तारी के समय, कोलमैन 30 अक्टूबर को घरेलू बैटरी (मामूली हिंसा) में की गई गिरफ्तारी के बाद बॉन्ड पर बाहर थे। अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, उस मामले में, उन्होंने एक लड़ाई में अपने 18 वर्षीय भाई को कथित तौर पर धक्का दिया, मारा और उन पर थूका था।

# बोबर्ट ने मुस्लिम विरोधी टिप्पणी के लिए माफी मांगने से किया इंकार

**एपी।** वाशिंगटन

**मिनिसोटा** से डोमोक्रेटिक सांसद इल्हान उमर के खिलाफ मुस्लिम विरोधी टिप्पणी करने को लेकर बुरी तरह आलोचना झेल रही कंजरवेटिव पार्टी की सांसद लॉरेन बोबेर्ट ने फोन पर उमर से वार्ता की है। हालांकि इस संबंध में दोनों नेताओं का कहना है कि बातचीत सकारात्मक नहीं रही। गौरतलब है कि बोबर्ट ने उमर की तुलना आत्मघाती हमलावर आतंकवादी से की थी।

शुक्रवार को बयान जारी कर बातचीत का अनुरोध करने के बाद सोमवार को हुई बातचीत ने दोनों नेताओं के बीच सुलह का अवसर दिया था। लेकिन, ऐसा कुछ भी नहीं हुआ और उमर द्वारा सार्वजनिक माफी की मांग किए जाने के बाद बोबर्ट ने अचानक ही कॉल काट दिया और बातचीत अधूरी रह गई। इस घटना ने रिपब्लिकन पार्टी की भेदभाव वाली छवि को और नुकसान पहुंचाया है। छह जनवरी को अमेरिकी संसद (कैपिटल) पर डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों के हमले के बाद यह छवि बनी। बोबर्ट ने पहले मुस्लिम समुदाय में मैंने जिसे भी ठेस पहुंचाई हो कहते हुए माफी मांगी थी, हालांकि उन्होंने उमर से सीधे-सीधे माफी नहीं मांगी।

रिपब्लिकन पार्टी के सांसद द्वारा किसी अन्य सांसद के खिलाफ निजीव्यक्तिगत टिप्पणी किए जाने का यह ताजा मामला है। हालांकि पार्टी में इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन कोई इसके खिलाफ कुछ नहीं कर रहा है। इस महीने की शुरूआत में एरिजोना से सांसद पॉल गोसर की एक हिंसक वीडियो को लेकर निंदा की गई थी। वहीं, फरवरी में जॉर्जिया से सांसद मार्जोरी टेलर ग्रीनी की टिप्पणियों के लिए उन्हें संसदीय समिति से निकाल दिया गया था। सोमवार को फोन पर हुई बातचीत के बाद उमर और बोबर्ट ने एक-दूसरे की आलोचना करते हुए बयान जारी किए। उमर ने कहा, मैं उनके साथ बातचीत करने में यकीन रखती हूं जो सम्मानजनक तरीके से आपसे मतभेद रखते हैं, लेकिन तब नहीं जब वह मतभेद घृणा या अन्य नकारात्मक कारणों पर आधारित हो। उन्होंने कहा, मैंने उस बेकार के फोन कॉल को बीच में ही खत्म करना सही समझा। बोबर्ट ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में अपनी भड़ास निकाली है। माफी स्वीकार नहीं करना और कॉल बीच में काट देना, खराब संस्कृति की पहचान और डेमोक्रेटिक पार्टी का आधार है। इस पूरे मामले की शुरूआत करीब एक सप्ताह पहले बोबर्ट द्वारा अपने क्षेत्र के लोगों से हुई बातचीत का वीडियो फेसबुक पर पोस्ट करने से हुई जिसमें उन्होंने उमर से बातचीत का जिक्र किया था।



म्यांमार की राजधानी यंगून में सैनिक शासन के खिलाफ प्रदर्शन करते युवा

# म्यांमा की अदालत ने अपदस्थ नेता सूची पर फैसला टाला

**एपी।** बैंकॉक

**म्यांमा** की एक अदालत ने अपदस्थ नेता आंग सान सू ची के मुकदमे में एक अतिरिक्त गवाह को गवाही देने की अनुमति देते हुए अपना फैसला मंगलवार को टाल दिया। एक कानूनी अधिकारी ने कहा कि अदालत बचाव पक्ष के उस प्रस्ताव पर सहमत हुई कि वह एक डॉक्टर को गवाही देने की अनुमति दे जो पहले अदालत में आ पाने में असमर्थ था।

एक फरवरी को सेना द्वारा सत्ता पर कब्जा करने, सूची को गिरफ्तार करने और उनकी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी पार्टी को कार्यालय में दूसरा कार्यकाल शुरू करने से रोक देने के बाद से 76 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता के लिए यह पहला अदालती फैसला होगा। उन पर भ्रष्टाचार सहित कई अन्य आरोपों में भी मुकदमे चल रहे हैं, जिनमें दोषी ठहराए जाने पर उन्हें कई वर्षों तक जेल में रहना पड़ सकता है। अदालत को सू ची के खिलाफ लगाए गए कोरोना वायरस प्रतिबंधों का उल्लंघन करने और उकसाने के आरोपों में मंगलवार को फैसला सुनाना था।

**● न्यायाधीश ने छह दिसंबर तक कार्यवाही स्थगित कर दी, जब नए गवाह, डॉ ज़ॉ म्यिंट मौंग की गवाही का दिन तय हैः कानूनी अधिकारी**

कानूनी अधिकारी ने कहा कि न्यायाधीश ने छह दिसंबर तक कार्यवाही स्थगित कर दी, जब नए गवाह, डॉ ज़ॉ म्यिंट मौंग की गवाही का दिन तय है। यह साफ नहीं हो सका है कि फैसला कब सुनाया जाएगा। सूची के खिलाफ मामलों को व्यापक रूप से उन्हें बदनाम करने और अगला चुनाव लड़ने से रोकने के लिए साजिश के रूप में देखा जाता है। देश का संविधान किसी को भी जेल की सजा सुनाए जाने पर उच्च पद पर आसीन होने या सांसद-विधायक बनने से रोकता है। म्यांमां में गत नवंबर में हुए चुनाव में सू ची की पार्टी को एकतरफा जीत मिली थी जबकि सेना से संबद्ध दल को कई सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था। तब सेना ने मतदान में धंधली का आरोप लगाया था। लेकिन स्वतंत्र चुनाव पर्यवेक्षकों को जांच में किसी बड़ी अनियमितता का पता नहीं चला। सूची की लोकप्रियता बरकरार है और उन्हें लोग आज भी सैन्य शासन के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक मानते हैं। सत्ता पर सेना के कब्जा किए जाने का देशव्यापी विरोध हुआ और इसे सुरक्षा बलों ने निर्ममता से कुचला।

## ईरान ने परमाणु वार्ता फिर शुरू होने पर प्रतिबंधों को हटाने की मांग की

**एपी।** तेहरान

**ईरान** ने अपने परमाणु करार पर वियना में फिर से वार्ता फिर से शुरू होने के एक दिन बाद मंगलवार को स्पष्ट रूप से कहा कि पहले हुई राजनयिक वार्ताओं के दौरान जिन मुद्दों पर चर्चा हुई थी, उनपर दोबारा बातचीत होनी चाहिए क्योंकि ईरान सभी अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने की मांग कर रहा है। ईरान की सरकारी मीडिया ने बताया कि ईरान के शीर्ष परमाणु वार्ताकार अली बाकरी और देश के असैन्य परमाणु प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने यह बात कही है।

गौरतलब है कि साल 2015 में हुए ईरान के परमाणु करार के तहत ईरान को आर्थिक प्रतिबंध हटवाने के लिए यूरेनियम संवर्धन को सीमित करना था। लेकिन 2018 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में अमेरिका इस समझौते से बाहर निकल गया था। तब से यह करार ठंडे बस्ते में पड़ा था। ईरान 60 प्रतिशत यूरेनियम संवर्धन की क्षमता हासिल कर चुका है और वह परमाणु आयुध बनाने के लिए आवश्यक 90 प्रतिशत यूरेनियम संवर्धन क्षमता हासिल करने के करीब पहुंच गया है। ईरान के सरकारी टेलीविजन पर बाकरी ने पिछले दौर की वार्ताओं को केवल मसौदा करार दिया। उन्होंने कहा, मसौदों पर भी चर्चा होनी चाहिए। लिहाजा, जब तक सभी मुद्दों पर सहमति नहीं बन जाती तब तक कोई सहमति जाहिर नहीं की जा सकती। इस प्रकार, छह दौर में हुई सभी चर्चाओं को संक्षेप में प्रस्तुत कर उनपर बातचीत होनी चाहिए। आज की बैठक में भी सभी पक्षों ने इस बात को स्वीकार किया। एक अन्य टीवी कार्यक्रम में दिखाया गया है कि वियना में बाकरी ने कहा कि ईरान ने नए प्रतिबंध नहीं लगाने और पिछली पाबंदियों को दोबारा लागू नहीं करने की अमेरिका से गारंटी मांगी है। इस्लामी ने ईरान की सरकार द्वारा संचालित समाचार एजेंसी से बात करते हुए यह मांग दोहराई।

## मालदीव की शीर्ष अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति की सजा रद्द की

**एपी।** माले

**मालदीव** की शीर्ष अदालत ने मंगलवार को देश के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन अब्दुल गयूम की जेल की सजा को रद्द कर दिया। निचली अदालत ने गयूम को धन शोधन मामले में दोषी ठहराया था। उच्चतम न्यायालय की तीन सदस्ईय पीठ ने दो साल पहले एक निचली अदालत द्वारा गयूम को दी गई पांच साल जेल की सजा और उन पर लगाया गया 50 लाख अमेरिकी डॉलर का जुर्माना रद्द कर दिया। पूर्व राष्ट्रपति को हाल में नजरबंद किया गया था। न्यायाधीशों ने कहा कि प्रारंभिक सुनवाई में दिए गए सबूतों में विसंगतियां थीं और यह निर्णायक रूप से साबित नहीं हुआ कि गयूम ने राष्ट्रीय कोष से 10 लाख डॉलर की राशि का उपयोग व्यक्तिगत लाभ के लिए किया था। गयूम वर्ष 2013 से 2018 तक मालदीव के राष्ट्रपति रहे थे। उन पर पद पर रहने के दौरान भ्रष्टाचार और असंतोष को दबाने के आरोप लगे थे।

# ब्रिटेन में ओमीक्रोन के मामलों की संख्या 22 हुई सार्वजनिक स्थलों पर मास्क पहनना अनिवार्य

**भाषा।** लंदन

**स्कॉटलैंड** और इंग्लैण्ड में नए मामले सामने आने के बाद ब्रिटेन में कोरोना वायरस के नए स्वरूप से जुड़े मामलों की संख्या अब 22 हो गई है और इससे उत्पन्न चिंता के चलते मंगलवार से देश में सार्वजनिक स्थलों पर मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा कि आज से प्रभावी होने जा रहे उपाय सही हैं और इनके माध्यम से नए स्वरूप से निपटने की तैयारियों के लिए समय मिलेगा। उन्होंने कहा, हम जो कुछ भी जानते हैं, उसके आधार पर, हमारे टीके और बूस्टर हमारी रक्षा की सबसे अच्छी पंक्ति बने हुए हैं, इसलिए यह पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि जब लोगों का नंबर आए तो वे बूस्टर खुराक लगवाने के लिए आगे आएं। आज के कदम न केवल नए स्वरूप के प्रसार को धीमा करने बल्कि ए एक-दूसरे की रक्षा करने में भी हमारी मदद करेंगे। मंगलवार से लागू हुए उपायों के तहत किसी तरह की छूट मिलने तक लोगों को दुकानों, बैंक, डाकघरों, सार्वजनिक परिवहन और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अनिवार्य रूप से मास्क पहनना होगा तथा यह एक कानूनी आवश्यकता होगी।

कदमों के तहत सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को आगमन के बाद दूसरे दिन के अंत तक पीसीआर परीक्षण कराना होगा और निगेटिव रिपोर्ट आने तक उन्हें स्व-पृथक-वास में रहना होगा। इसके अलावा, ओमीक्रोन के संदिग्ध मामलों से जुड़े व्यक्तियों के संपर्क में आए सभी लोगों को स्व-पृथक-वास में रहना होगा चाहे उनकी उम्र या टीकाकरण की स्थिति कुछ भी हो। इन लोगों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) परीक्षण और खोज प्रणाली विभाग द्वारा संपर्क किया जाएगा। डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि ए उपाय अस्थाई और एहतियाती हैं तथा तीन सप्ताह में इनकी समीक्षा की जाएगी। सोमवार को, टीकाकरण संबंधी संयुक्त समिति ने बूस्टर खुराक कार्यक्रम को 18-39 वर्ष के सभी लोगों के लिए विस्तारित करने की सलाह दी और दूसरी खुराक एवं बूस्टर खुराक के बीच के अंतर को घटाकर तीन महीने कर दिया गया। बारह से 15 वर्ष तक की आयु के सभी लोगों को अब फाइजराबायोएनटेक के कोविड रोधी की दूसरी खुराक लेने की सलाह दी गई है जो पहली खुराक के 12 सप्ताह बाद लेनी होगी। तीन प्राथमिक खुराक ले चुके गंभीर रूप से कमजोर प्रतिरक्षा वाले व्यक्तियों को अब चौथी बूस्टर खुराक देने की सलाह दी गई है। ओमीक्रोन की सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में पहचान की गई थी जिसके बाद ब्रिटेन ने दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना, लेसोथो, इस्वातिनी, ज़िम्बाब्वे, नामीबिया, मलावी, मोज़ाम्बिक, जाम्बिया और अंगोला को यात्रा प्रतिबंधों की सूची में शामिल कर लिया था।



बर्लिन में कोरोना के नए स्वरूप को लेकर सतर्कता के बीच खुली दुकानों के बाजार से गुजरते लोग

# 'कठिन से ज्यादा, यह बहुत ही रोमांचक और मजेदार था'

**मधुर मिल ने एमएस प्लेयर के मत्स्य कांड में राजू की भूमिका निभाई थी। उन्होंने सुप्रिया रमेश के साथ अपने अनुभवों और भावी योजनाओं को लेकर विस्तार से बात की**



**■ मत्स्य कांड क्या है?**

यह मूल रूप से दो समान रूप से बुद्धिमान और प्रतिभाशाली लोगों के बीच एक बिल्ली और चूहे का खेल है। वह है रवि दुबे द्वारा निभाई गई मत्स्य और तेज राज की भूमिका रवि कृष्ण जी, वह व्यक्ति मत्स्य को पकड़ने की कोशिश कर रहा है। यह सिर्फ एक शानदार आगे और पीछे है, एक दूसरे को समझने की कोशिश कर रहा है। जो मुझे लगता है शानदार है। यह अधिक दिमाग की तरह है, जो देखने में अधिक दिलचस्प है और इसके साथ ही आपके पास इन सभी पात्रों को निभाने वाले कलाकारों का एक अविश्वसनीय पहनावा है जो शो को जीवंत बनाते हैं।

**■ आपकी भूमिका क्या है?**

मैं राजू का किरदार निभा रहा हूं, जिसे मैं कुछ मायनों में शो का दिल मानता हूं। इस मायने में कि वह बहुत जुगाड़ू हैं। वह विशेषता जो उसे मत्स्य से मिलने और उसकी टीम का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करती है। तीन लोगों की टीम जहां राजू वह गोंद है जो टीम को एक साथ रखता है। वह थोड़ा अनाड़ी है, वह बहुत निहत्था है, दिल से भरा है, गर्मजोशी से भरा है और बहुत वफादार है। यही बात मुझे इस किरदार की ओर आकर्षित करती है। एक प्यारा लड़का जो मुझे नहीं लगता कि लोगों को इस किरदार को पहले देखने का मौका मिला है। यही मुख्य कारण है कि मैं ऐसा करना चाहता था।

**■ आपने इस परियोजना को कैसे उतारा?**

श्री गौतम तलवार, जो एमएक्स प्लेयर के मुख्य सामग्री अधिकारी हैं, मेरे और अजय सर के साथ बैठक करने के लिए बहुत दयालु थे। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्हें लगा कि मैं इस किरदार के लिए सही हूं। हम मिले और तुरंत क्लिक किया। मुझे अजय सर की ऊर्जा बहुत पसंद है, जिस तरह से वह इतने शांत और अविश्वसनीय रूप से सहायक हैं। उसके साथ, यह स्वतंत्र महसूस हुआ। हमने कुछ बैठकें कीं और उन्होंने सोचा कि मैं इस भूमिका के लिए सही था और मुझे स्पष्ट रूप से यह पसंद आया क्योंकि मैंने पहले ऐसा कुछ नहीं किया है। शो में क्रिएटर्स से लेकर कास्ट तक शानदार और शानदार लोग थे।

**■ कितना कठिन था यह रोल?**

कठिन से अधिक, मैं यह कहना चाहूंगा कि यह बहुत ही रोमांचक और मजेदार था। मेरा मतलब है कि हर काम अपने आप में कठिन होता है लेकिन मेरे लिए, क्योंकि मुझे अभिनय बहुत पसंद है, वे बाधाओं के बजाय अवसरों की तरह लगते हैं।

यह एक टीम प्रयास था। आप अकेले पेंटिंग बना सकते हैं, गाने अकेले, ज्यादातर कलाएँ अकेले लेकिन आप अकेले शो नहीं बना सकते। आपको अपने आस-पास एक महान टीम की आवश्यकता है और सौभाग्य से हमें अद्भुत लोग मिले जो सभी एक लेगो की तरह एक साथ फिट होते हैं। यह घड़ी की कल की तरह था और हम काम कर रहे थे। यह सिर्फ एक शानदार अनुभव था।

**■ अपने सह-कलाकारों के साथ आपका अनुभव कैसा रहा है?**

रवि भैया और जोया के साथ रहना बहुत मजेदार है। हम तीनों ने काम के बाद काफी बॉन्डिंग की। जोया की मां भी हमारे साथ थीं।

हम सभी कोविड के दौरान जितने खुले स्थान थे, उतने डिनर और लंच के लिए बाहर जाएंगे। हमारे पास हर तरह के भोजन पर जबरदस्त समय था।

मैंने हमेशा अपने समोसे से सभी को जलन होती थी क्योंकि मैं सब कुछ खा लेता था जबकि रवि भैया और जोया देखते थे कि वे क्या खाते हैं। यह मेरा पसंदीदा काम था। हमारे पास एक अविश्वसनीय समय था। पूरा शो शानदार रहा है।

**■ आप बहुत कम उम्र से पर्दे पर हैं। अभिनय कैसे हुआ?**

अभिनय कुछ देर से हुआ। मैंने अपने करियर की शुरुआत एक डांसर के रूप में की थी। मैंने 1997 में बूगी वूगी जीता था। उसके बाद मैं और मेरे पिता, हम सब बॉम्बे आए ताकि मैं अपना करियर बना सकूं। नृत्य के माध्यम से बहुत से लोगों ने सुझाव दिया कि क्योंकि मैं नृत्य में बहुत अभिव्यंजक था और मुझे अभिनय करने की कोशिश करनी चाहिए। मैंने कुछ ऑडिशन देना शुरू किया और फिर मेरी पहली फिल्म वन टू का फोर थी। मुझे सलमान के साथ एक और मिला जिसका नाम था कहीं प्यार ना हो जाए। तो फिर अभिनय का सफर शुरू हुआ और कहीं न कहीं मुझे लगा कि मैं एक डांसर से बेहतर अभिनेता हूं। इसलिए 14 साल की उम्र में मैंने अपनी सारी ऊर्जा अभिनय में लगा दी और ब्रह्मांड दयालु रहा। 18 साल की उम्र में मैं स्लमडॉग मिलियनेयर के साथ ऑस्कर में था।

**■ आप स्लमडॉग मिलियनेयर के लिए जाने जाते हैं और आपकी भूमिका और अभिनय की बहुत सराहना की जाती है। सलीम के उस किरदार में ढलना कितना मुश्किल था?**

सलीम के लिए मुख्य बात यह थी कि इससे पहले मैंने कभी ग्रे किरदार नहीं निभाया था। आज भी लोग उस तरह के किरदारों से जुड़ते हैं। इससे पहले मैं इतना डरपोक किस्म का अच्छा लड़का था। मैं एक बच्चा था इसलिए मैंने एक बच्चे की भूमिका निभाई, जो कुछ भी मैंने पहले किया था, उसमें कुछ भी ग्रे नहीं है। तो सलीम जैसे किसी को पाने के लिए जो सतह के नीचे अधिक जटिल था। यह सिर्फ एक आदमी नहीं है जो पैसा पाने के लिए बुरा काम कर रहा है। वहाँ परतें हैं और जाहिर है कि जैसे-जैसे फिल्म आगे बढ़ती है, आपको वे देखने को मिलती हैं।

यह सुपर इंटेंस था और सौभाग्य से डैनी बॉयल एक निर्देशक थे जो मेरे साथ बैठे क्योंकि मैं एक युवा अभिनेता था। हमने उनके साथ दो महीने तक वर्कशॉप की थी। फिल्म शुरू होने के करीब ढाई से तीन महीने पहले। यह बहुत निर्देशित था, उस समय मैं एक अभिनेता के रूप में इतना विकसित भी नहीं हुआ था कि मैं अपने आप को चरित्र में ला सकूं। मैंने अपने शोध का उचित हिस्सा किया जैसे मैं कुछ लोगों के साथ बाहर गया था, जिनके पास सलीम की तरह एक समान खिंचाव था और मुझे एहसास हुआ कि जो लोग बुरे काम करते हैं वे स्वाभाविक रूप से बुरे नहीं होते हैं। उनके साथ चीजें हुई हैं जो वास्तव में उनके द्वारा किए गए कार्यों को उचित नहीं ठहराती हैं लेकिन आप इसे एक तरह से समझ सकते हैं। इस तरह मैं उस किरदार के करीब आने लगा।

**■ अब तक की सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिका कौन सी रही है?**

मुझे लगता है कि मैंने जो सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाई है वह मिलियन डॉलर आर्म नामक इस डिज्नी फिल्म में थी। यह मुश्किल था क्योंकि मैंने स्लमडॉग मिलियनेयर से पहले एक स्पोर्ट्स फिल्म की थी। यह बेसबॉल के बारे में था और मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। मैंने अपने जीवन में पहले कभी बेसबॉल नहीं उठाया था, जो एक तरह से बहुत अच्छा था क्योंकि चरित्र भी उसी यात्रा से गुजरता है। लेकिन शारीरिक रूप से, यह बहुत ही स्थायी था क्योंकि तीन महीने के लिए, हमारे पास कोच और कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम था। मुझे कुछ मांसपेशियों को खड़ा करना पड़ा, इसलिए यह बहुत शारीरिक रूप से मांग कर रहा था और यह पहली बार था जब मुझे ऐसा करना पड़ा।

मैं कहूंगा कि इसकी भौतिकता के कारण और दूसरी यह फिल्म होगी जिसे मटर कहा जाता है जो इस जीवन-अंत कार दुर्घटना के बाद थी जिससे मैं गुजरा था। जिसमें मैं लगभग पूरी तरह से अपना चेहरा खो चुकी थी। मुझे फिर से अपने जैसा दिखने के लिए कई सर्जरी करानी पड़ी। दुर्घटना के कारण, मैंने सोचा कि मैं फिर कभी अभिनय नहीं करूंगा। फिल्म सुपर रोमांचक थी लेकिन बहुत डरावनी भी थी। उस किरदार ने मुझसे भी बहुत कुछ लिया।

**■ आप किस जॉनर को पसंद करते हैं?**

मैं हमेशा ऐसे जॉनर के लिए हां कहूंगा, जो मुझे अभी तक करने का मौका नहीं मिला है। मजेदार लेकिन हाँ विज्ञान-कथा एक है। डैनी बॉयल की सनशाइन जैसी फिल्म या अराइवल की तरह। मुझे ऐसी फिल्में पसंद हैं। मुझे इस तरह का शो लगभग मिल ही गया था, लेकिन मैं डेट इश्यू के कारण इसे मिस कर गया। उस दायरे में कुछ, मैं बिल्कुल कूद जाऊंगा।

## टेली कथा

## उसको लेकर मुझे थोड़ा संशय था



अभिनेता शरद मल्होत्रा का कहना है कि वह अपने नवीनतम शो विद्रोही को लेकर थोड़ा संशय में थे, जो ऐतिहासिक है।

''सच कहूं तो, जब मुझे शो की पेशकश की गई थी, तो मुझे इसे लेने के बारे में थोड़ा संदेह था, लेकिन नकारात्मक तरीके से नहीं। मैंने न तो अपने चरित्र बख्शी जगबंधु के बारे में सुना था और न ही इतिहास में उनके बारे में बहुत कुछ लिखा था। लेकिन जब मैंने इसके बारे में शोध किया उसे, मुझे पता चला कि वह इतिहास का पहला व्यक्ति था जिसने देश में जन विद्रोह शुरू किया था। मैंने बहुत सारे शो नहीं किए हैं, मैं जो करता हूं उसके बारे में मैं बहुत पसंद करता हूं। यह कम रहा है लेकिन यह अच्छा काम रहा है मैंने पिछले 15 वर्षों में कुछ ही शो किए हैं, लेकिन उनमें से ज्यादातर ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और लोगों की यादों में बस गए।''

उनके अनुसार, पहले अभिनेताओं में एक टीवी अभिनेता और एक फिल्म अभिनेता के बीच सीमांकन होता था, जो अब नहीं है।

''रेखा धुंधली हो गई है और एक टीवी अभिनेता वेब शो और फिल्मों में काम कर रहा है और इसके विपरीत। जहां तक शेल्फ लाइफ का सवाल है, यह एक बहुत ही व्यक्तिपरक मामला है। जब मैंने अभिनय करना शुरू किया, तो मैं इसे एक शॉट देना चाहता था, मैं इतने लंबे समय तक जारी रखने की योजना नहीं थी। मैं हर दिन जैसे ही आया था, ले रहा था।''

''मैं 15 साल बाद भी मुख्य भूमिकाएं पाने के लिए बेहद धन्य हूं। लेकिन यह रातोंरात नहीं हुआ, मुझे इसके लिए काम करना पड़ा। आज मैं जहां हूं, वहां बहुत सारा खून, पसीना और कड़ी मेहनत लगी है'', उसने आगे जोड़ा।

भारत का वीर पुत्र - महाराणा प्रताप अभिनेता खुद को बहुत लालची अभिनेता कहते हैं।

''टीवी पर बहुत सारे पुरुष कलाकार स्क्रीन स्पेस की शिकायत करते हैं क्योंकि उद्योग अभी भी महिलाओं द्वारा शासित है। टीवी को महिलाओं द्वारा शासित एक माध्यम कहा जाता है, महिलाओं के लिए और महिलाओं के लिए। लेकिन कुछ पुरुष भाग्यशाली रहे हैं। उस श्रेणी में नहीं आने के लिए पर्याप्त है'', उन्होंने कहा।

## वाल्ट डिज्ने एनीमेशन स्टूडियो की 60वीं फिल्म




डिज्नी फिल्में विशेष हैं और उनमें एक आश्चर्यजनक तत्व है कि वे दर्शकों को जादू और हंसी की दुनिया में ले जाते हैं। 90 से अधिक वर्षों की विरासत के साथ, वॉल्ट डिज़्नी एनिमेशन स्टूडियो ने अभूतपूर्व फिल्में बनाई हैं, जिन्हें दुनिया भर के सभी उम्र के लोगों से बहुत प्यार और सराहना मिली है। इस प्यार और खुशी का जश्न मनाने के लिए, डिज़्नी अपना 60वां एनिमेटेड संगीत-एनकैंटो लेकर आया है, जो आपके नज़दीकी सिनेमाघरों में रिलीज़ हो रहा है। यह फिल्म एक ऐसे परिवार के बारे में है जिसके पास इस दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए जादू की विशेष शक्तियां हैं। यहाँ वॉल्ट डिज़्नी एनिमेशन स्टूडियो की कुछ प्रतिष्ठित फ़िल्मों पर एक नज़र डालें।

द लायन किंग (2019), यदि आप एक ऐसी फिल्म देखना चाहते हैं जो प्यार, रोमांच और प्रेरणा से भरी हो, तो लायन किंग आपकी मंजिल है। जॉन फेवर्यू द्वारा निर्देशित, 2019 की यह फिल्म विश्व स्तर पर एक मेगा हिट थी। मनोरंजक कहानी, अद्भुत संगीत, आश्चर्यजनक एनीमेशन ने दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखा।

राया और द लास्ट ड्रैगन (2021), बहुत सारे गहन ड्रामा और एक्शन से भरपूर, यह फिल्म बेतहाशा और अकल्पनीय परिदृश्यों को सच कर देगी। कहानी एक ऐसी जगह के बारे में है जहां एक दिन तक ड्रेगन और इंसान एक साथ रहते हैं जब एक भयावह राक्षस 500 साल बाद लौटता है और इस भूमि को धमकी देता है। राया को इंसानों को बचाने के लिए आखिरी ड्रैगन का पता लगाने की जिम्मेदारी दी गई है। क्या राया सभी को उम्मीद देकर एक अजगर के साथ वापस लौट पाएगी?

टैंगल्ड (2010), वॉल्ट डिज़्नी एनिमेशन स्टूडियो को लीक से हटकर सोचने के लिए जाना जाता है। हम सभी रॅपन्ज़ेल की कहानी जानते हैं, लेकिन क्या हम कभी सोच सकते हैं कि वह शहर में सबसे योग्य कुंवारे उर्फ फ्लिन राइडर का अपहरण कर लेगी? नाथन ग्रेनो और बायरन हॉवर्ड द्वारा निर्देशित, फिल्म दर्शकों की आंखों के लिए एक मनोरंजक कहानी और अद्भुत संगीत के साथ एक इलाज है।

टार्जन इस फिल्म को इस सूची में होना चाहिए। प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित - डिज्नी का टार्ज़न वह लोग हैं जो अपने 20 और 30 के दशक की शुरुआत में देखे और बड़े हुए। एडगर राइस बरोज़ की वानर आदमी की कहानी का यह शानदार रूपांतरण जंगल के भीतर गहराई से शुरू होता है जब टार्ज़न, एक बच्चा जिसने अपने माता-पिता को एक तेंदुए के लिए खो दिया है, को गोरिल्ला के एक परिवार द्वारा अपनाया जाता है। अभूतपूर्व एनिमेशन, बेहतरीन संगीत और अद्भुत वॉयसओवर ने इस फिल्म को विश्व स्तर पर एक ब्लॉकबस्टर बना दिया है, जिसमें सभी उम्र के लोग इस फिल्म को पसंद करते हैं और इसे कई बार देखने के बाद भी कभी बोर नहीं होते हैं। यह वह फिल्म थी जिसने वॉल्ट डिज़्नी एनिमेशन स्टूडियो के लिए बार उठाया और लोगों के दिलों और दिमागों पर हमेशा के लिए छाप छोड़ी।

फ्रोजन, फ्रोजन हंस क्रिश्चियन एंडरसन की परी कथा %द स्नो क्वीन% से प्रेरित था। क्रिस बक और जेनिफर ली द्वारा निर्देशित, इस फिल्म में एक राजकुमारी को दर्शाया गया है, जो अपनी बहन को खोजने के लिए एक हिममानव, अपने हिरन और एक स्नोमैन के साथ यात्रा पर निकलती है, जिसकी जादुई शक्ति ने अनन्त सर्दियों में उनके राज्य पर एक अभिशाप के रूप में काम किया। एक कहानी और साउंडट्रैक के साथ, जिसने सही राग मारा, फिल्म को दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस के सभी रिकॉर्ड तोड़ने में बिल्कुल भी समय नहीं लगा। यह कितना शानदार था और प्रशंसकों और दर्शकों द्वारा बरसाए गए प्यार के कारण इसने कई प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते। वॉल्ट डिज़्नी एनिमेशन स्टूडियो एनकैंटो की एक और नाटकीय रिलीज़ के लिए पूरी तरह तैयार है। बायरन हॉवर्ड और जेरेड बुश द्वारा निर्देशित, जबकि इसमें दिखाए गए खूबसूरत गाने एमी, ग्रैमी और टोनी पुरस्कार विजेता लिन-मैनुअल मिरांडा के हैं। यवेट मेरिनो द्वारा निर्मित, यह फिल्म आपको एक लाला-भूमि में एक शानदार समय देने के लिए तैयार है जो महान गीतों और मनोरम दृश्यों से भरा है।

## ट्रोल पर हर्शाली जिन के विचार

यह बिना कहे चला जाता है कि सोशल मीडिया ने हमारे जीवन को फिर से परिभाषित किया है। चीजें हमारे लिए एक से अधिक तरीकों से आसान और अच्छी हो गई हैं। हालांकि, कई लोगों को लगता है कि सोशल मीडिया की दुनिया नकली है, लेकिन साथ ही, हर कोई उस ध्यान को चाहता है। एक्ट्रेस हर्षाली जिन ने पूरी बात डिकोड की।

''किसी को यह समझना होगा कि सोशल मीडिया मुक्त नहीं है, इससे आपको अपना ध्यान केंद्रित करना पड़ता है। ये मुफ्त ऐप आपके ईमेल, टेक्स्ट मैसेज पढ़ने, आपके फोन कॉल सुनने आदि की अनुमति मांगते हैं। आप जितने कम ऐप पर हैं उतना बेहतर है। स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के युग में गोपनीयता एक मिथक है,'' टीवी शो, सीआईडी, दीया और बाती हम, वेब श्रृंखला, बॉस : बाप ऑफ स्पेशल सर्विसेज, और मराठी फिल्म, पाच नार एक बेज़ार, के लिए जाने जाने वाले अभिनेता कहते हैं। .



सोशल मीडिया एक अहम् मालिश उपकरण बन गया है और यह अभिनेताओं के नियमित जीवन को बाधित करता है क्योंकि उनसे दैनिक आधार पर नई सामग्री डालने की उम्मीद की जाती है।

ट्रोल्स पर आपकी क्या राय है और आप ट्रोलिंग से कैसे निपटती हैं? ''मैं उनके बारे में कुछ नहीं सोचती। उन्हें महत्व नहीं देना चाहिए। मेरे मन की शांति को प्रभावित करने के लिए मुझ पर किसी के पास उस तरह की शक्ति नहीं है। यह उनकी रोगग्रस्त मानसिकता को दर्शाता है। मुझे इसे व्यक्तिगत रूप से क्यों लेना चाहिए? इसका मेरे साथ कुछ लेना देना नहीं है। मैं उन्हें उपचार भेजती हूं,'' वह जवाब देती है।

## भारत में लोमोटिफ

पंजाबी हार्टथ्रोब और सिंगिंग सेंसेशन गुरु रंधावा ने यूएस-बेस्ड के लॉन्च पर स्टेज पर धमाल मचा दिया

शॉर्ट-फॉर्मेट वीडियो-शेयरिंग ऐप- लोमोटिफ सिंगर शर्ली सेतिया, बिग बॉस फेम असीम रियाज, लोकप्रिय अभिनेता अदा खान, अनुष्का सेन और भोजपुरी सुपरस्टार रवि किशन और अक्षरा सिंह भी लॉन्च का हिस्सा थे।

लोमोटिफ ने भारत में आधिकारिक रूप से प्रवेश कर लिया है। ग्लोबल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट कॉरपोरेशन के अध्यक्ष और सह-संस्थापक टेड फार्नवर्थ ने नई दिल्ली में लॉन्च की अगुवाई की। इस अवसर पर, ऐप ने एक नए चैनल, लोमोटिफ इंडिया का भी अनावरण किया। उपयोगकर्ता अद्भुत पुरस्कार जीतने के लिए अपने वीडियो पोस्ट करके लोमोटिफ इंडिया की साप्ताहिक चुनौतियों में भी भाग ले सकते हैं। सिंगापुर स्थित पॉल यांग द्वारा स्थापित, लोमोटिफ को इस साल की शुरुआत में ऍस॥ द्वारा अधिग्रहित किया गया था।

इसकी पेटेंट तकनीक उपयोगकर्ताओं को सामग्री के सुपर-आकर्षक रील प्रारूप में खुद को विसर्जित करने की अनुमति देती है।

## पकड़ में आए अथर्व

सोनी सब का वागले की दुनिया - नई पीठ नए किसी ने अपने हल्के-फुल्के और भरोसेमंद कंटेंट के साथ बड़े पैमाने पर फैन फॉलोइंग हासिल करना जारी रखा है। एपिसोड की वर्तमान श्रृंखला कहानी में अब तक का सबसे बड़ा मोड़ लेकर आती है क्योंकि वागले परिवार अथर्व (शीहान कपाही) के अपहरण के साथ बहुत कठिन समय से गुजरता है।



अथर्व और वंदना (परिवा प्रणति) का दिन एक विवाद के साथ शुरू होता है क्योंकि वंदना गलती से अथर्व पर डक्कू (दीपक पारीक) की तस्वीर पर वांटेड - डेड ऑर अलाइव लिखा हुआ छापने का आरोप लगाती है। अपने सामान्य दिन की बात करें तो, वागले परिवार उस दुर्भाग्य से पूरी तरह से बेखबर है जो उनके ऊपर मंडरा रहा है। स्कूल जाते समय, अथर्व का दो गुंडों द्वारा अपहरण कर लिया जाता है। अथर्व के साथ जो हुआ वह पूरे वागले परिवार के लिए पूरी तरह से रहस्यपूर्ण है क्योंकि उनकी साधारण जीवन शैली उन्हें गुंडों के साथ परेशानी में नहीं डाल सकती थी।

## घरेलू उत्पीड़न को 'ना' कहें



एक अभिनेता के करियर में, हम बहुत कुछ करते हैं, लेकिन शायद ही कभी हमें ऐसे किरदार मिलते हैं जो हमें अंदर तक हिला देते हैं। इसलिए नहीं कि यह आपको एक कलाकार के रूप में और अधिक खोज करने देता है, बल्कि यह आपको एक ऐसी वास्तविकता से रूबरू कराता है, जिसके बारे में आप बहुत कम जानते थे। जब मुझे ज़िद्दी दिल माने ना में कोयल का किरदार निभाने का मौका मिला, तो ठीक यही मुझे हुआ। कोयल को दोहराते हुए, मैंने महसूस किया कि कैसे दुनिया भर में कई महिलाओं के लिए घर का एक बिल्कुल अलग अर्थ है और घरेलू शोषण कितना बड़ा खतरा है।

मैं पहले इस खतरे से बेखबर नहीं थी। हमारे देश में घरेलू दुर्व्यवहार के मामलों की खतरनाक संख्या ने मुझे चौंका दिया और मुझे भी झकझोर दिया। लेकिन जिस चीज से मेरे चरित्र ने मुझे अवगत कराया, वह है समस्या की तीव्रता, बहुसंख्यक महिलाओं के बीच इसकी प्रासंगिकता और कैसे एक समाज के रूप में, हम सभी को बदलाव लाने के लिए कुछ करना है। आप, मैं और सब लोग!

इसलिए, आज, महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के अंतरराष्ट्रीय दिवस पर, मैं घरेलू शोषण के गंभीर मुद्दे के बारे में बात करने का साहस चुनती हूं और सभी से अपील करती हूं कि वे हिंसा को ना कहें और इस सामाजिक बुराई के खिलाफ खड़े हों। मैं इस मुद्दे को उठाने और इस गंभीर विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए सोनी सब की भी सराहना करना चाहती हूं।

मैं दुर्व्यवहार के बारे में सोचकर डर से कांपती हूं, इस देश में बहुत सी महिलाएं तब तक जीवित रहती हैं और सहती हैं जब तक वे और नहीं रह सकतीं। फिर भी, यह सिर्फ हिमशैल का सिरा है। हम इस तरह के मामलों को जितना पढ़ते हैं, सुनने के लिए अंधेरे में और भी बहुत से लोग छिपे हैं। महिलाओं को चुप रहने का कारण बनने वाली इस शातिर प्रथा के आसपास के आघात, दर्द और कलंक की कल्पना करना कठिन है।

जैसे ही मैं 'जिद्दी दिल माने ना' शो में अपने किरदार कोयल की यात्रा को आगे बढ़ा रही हूं, घरेलू दुर्व्यवहार की वास्तविकता मुझे कसकर घेर रही है। मेरा दिल उन महिलाओं के लिए है जो यह सब सहती हैं, या तो असहायता से, या जागरूकता की कमी या दोनों से। रातों की नींद हराम, बचने का डर, आपके बच्चे के बचने का डर कुछ ऐसा है जिसे मैं मापना भी शुरू नहीं कर सकती। और यह नहीं भूलना चाहिए, भले ही आप इस संकट से जूझ रहे हों, एक महिला के पीछे जो शर्म और कलंक है, उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है।

लेकिन प्रिय महिलाओं, कोयल की तरह, आपको इस खतरे से जूझने से नहीं रोकना चाहिए। आप अपनी त्वचा, दिल और दिमाग पर जो घाव करते हैं, वे लड़ने लायक हैं। क्योंकि हम सभी प्यार, करुणा और सम्मान से भरी दुनिया के लायक हैं।

मैं कहानी के आपके पक्ष को यथासंभव प्रामाणिक रूप से चित्रित करने की जिम्मेदारी को समझता हूं। मुझे आपको यह जानने की जरूरत है कि आप अकेले नहीं हैं, आज और हमेशा। आप एक रानी हैं, आपको बस जागने और आगे बढ़ने की जरूरत है क्योंकि दुनिया खुली बाहों के साथ आपका इंतजार कर रही है।

मुझे उम्मीद है कि कोयल की तरह, आपको भी अपने अधिकारों के लिए बोलने और लड़ने की ताकत मिलेगी। क्योंकि अगर वह कर सकती है, तो आप भी कर सकते हैं।